मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष त्रयोदशी उपरांत 08:40 चतुर्दशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 29 नवंबर 2024

वर्ष 6, अंक 9, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मौजूद हैं 664 ईसा पूर्व आए महातूफान के निशान 14

वैन डेम और बीस्ट से जैकलीन ने किया कोलेबोरेशन 13

## हेमंत चौथी बार बने झारखंड के सीएम

रांची, एजेंसी



हेमंत सोरेन को शपथ दिलाते राज्यपाल संतोष गंगवार।

- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दिलाई शपथ
- इंडिया गठबंधन के कई प्रमुख नेता मौजूद रहे

झारखंड में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में गुरुवार शाम 4 बजे हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। हेमंत सोरेन ने राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के 49 वर्षीय नेता का मुख्यमंत्री के रूप में यह चौथा कार्यकाल होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हेमंत सोरेन को बधाई एवं नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण नेता मौजूद थे। सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री के तौर पर चौथी बार शपथ ली। इसके साथ ही वह झारखंड के राजनीतिक इतिहास में उनके नाम कई रिकॉर्ड दर्ज हो गया। वह राज्य के 24 वर्षों के अब तक के इतिहास में चार बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले पहले राजनेता बन गए।

## ई-रिक्शा किराया 8.30 रुपये प्रति किमी निर्धारित

**लखनऊ।** प्रदेश में ई-रिक्शा के लिए अधिकतम किराया दर 8.30 रुपये प्रति किमी. निर्धारित किया गया है। प्रमुख सचिव परिवहन एल. वेंकटेश्वर लू की ओर से इस संबध में आदेश जारी किया गया है। अभी तक 5 रुपये थी। प्रमुख सचिव परिवहन ने संबंधित अधिकारियों को भेजे निर्देश में लिखा है कि ठेका गाड़ी के रूप में संचालित हो रहे ई-रिक्शा के लिए किराए की अधिकतम दर प्रति किलोमीटर 8.30 रुपये तय किए गए हैं। मार्च 2024 तक प्रदेश में करीब पौने छह लाख ई-रिक्शा पंजीकृत थे। अब इनकी संख्या और बढ़ चुकी है।

## दिल्ली-एनसीआर में लागू रहेगी ग्रैप-4 की पाबंदी

### सुप्रीम कोर्ट ने 2 दिसंबर तक जारी रखने का दिया निर्देश, केवल स्कूलों को छूट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (ग्रैप)-4 के तहत आपात उपायों में छूट देने से गुरुवार को इनकार कर दिया। कोर्ट ने इन्हें 2 दिसंबर तक जारी रखने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि कोर्ट कमिश्नर द्वारा प्रस्तुत दूसरी रिपोर्ट से पता चलता है कि अधिकारी ग्रैप-4 के तहत पाबंदियों को अक्षरशः लागू करने में पूरी तरह विफल रहे हैं।

पीठ ने कहा कि हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि स्कूलों के संबंध में संशोधित उपायों को छोड़कर ग्रैप-4 के तहत सभी पाबंदियां सोमवार तक लागू रहेंगी। इस बीच वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग एक बैठक आयोजित करेगा और ग्रैप-4 से ग्रैप-3 या ग्रैप-2 की ओर जाने के बारे में सुझाव देगा। हम यह भी स्पष्ट करना चाहते हैं कि यह आवश्यक नहीं है कि ग्रैप-4 में दिए गए सभी उपाय लागू किए जाएं। कोर्ट ने कहा कि ग्रैप-4 की पाबंदियों को सुनिश्चित करने में गंभीर चूक करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई में तेजी लानी चाहिए।

### प्रदूषण के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए छूट

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता पर केंद्र की समिति ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण निकायों के सदस्य सचिवों को निर्माण स्थलों पर प्रदूषण नियंत्रण मानदंडों के घोर उल्लंघन के लिए कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार दिया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने गुरुवार को एक बैठक में निर्माण और विध्वंस स्थलों पर वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए जारी आदेशों की निगरानी और प्रवर्तन को मजबूत करने हेतु सख्त निर्देश जारी किए।

### दिल्ली की वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सुबह प्रदूषण का स्तर थोड़ा बढ़ गया और वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई। सीपीसीबी के अनुसार, सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 313 दर्ज किया गया, जबकि बुधवार को सुबह नौ बजे 301 था। राष्ट्रीय राजधानी में धुंध की मोटी परत छाई रही। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, वायु गुणवत्ता आंकड़ा दर्ज करने वाले 38 निगरानी केंद्रों में से किसी ने भी एक्यूआई का स्तर गंभीर श्रेणी में नहीं बताया।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ••• भी है। •••
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## उच्चतम न्यायालय पहुंचा संभल जामा मस्जिद विवाद, आज होगी सुनवाई

### जिला कोर्ट के सर्वेक्षण आदेश को चुनौती, संभल कोर्ट में भी आज सुनवाई, पेश होगी सर्वे रिपोर्ट

- सिविल जज के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का अनुरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय उत्तर प्रदेश के संभल जिले में मुगलकालीन मस्जिद का सर्वेक्षण कराने संबंधी एक जिला अदालत के 19 नवंबर के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर 29 नवंबर की अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ शाही जामा मस्जिद, संभल की प्रबंधन समिति द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करने वाली है।

संभल जामा मस्जिद कमेटी की याचिका में सिविल जज द्वारा पारित 19 नवंबर के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि जिस जल्दबाजी में सर्वेक्षण की अनुमति दी गई और एक दिन के भीतर ही सर्वेक्षण किया गया तथा अचानक मात्र छह घंटे के नोटिस पर दूसरा सर्वेक्षण किया गया, उससे व्यापक सांप्रदायिक तनाव पैदा हुआ तथा इससे देश के धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक ताने-बाने को खतरा है।

संभल में 19 नवंबर से तनाव व्याप्त है, जब अदालत के आदेश पर शाही जामा मस्जिद का सर्वेक्षण किया गया था, क्योंकि दावा किया गया था कि इस स्थल पर पहले हरिहर मंदिर था। संभल में 24 नवंबर को हिंसा भड़क उठी।



पुलिस टीम के साथ हालात का जायजा लेते डीआईजी मुनिराज जी।

### जुमा को देखते हुए मुरादाबाद मंडल में अलर्ट

संभल। संभल में जामा मस्जिद में सर्वे को लेकर हुए बवाल के बाद पहले जुमे और अदालत में जामा मस्जिद प्रकरण की सुनवाई के मद्देनजर मुरादाबाद मंडल में अलर्ट घोषित किया गया है। शुक्रवार को सर्वे रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जा सकती है, इसे लेकर हिंदू और मुस्लिम पक्ष के वकीलों ने तैयारी कर ली है। संभल शहर और चंदौसी न्यायालय परिसर में बेहद कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह और डीआईजी मुनिराज जी ने गुरुवार शाम से ही संभल में डेरा जमा लिया है। पीस कमेटी की बैठक में कमिश्नर और डीआईजी ने धर्मगुरुओं से शहर में शांति व्यवस्था बनाने में मदद करने के साथ ही जामा मस्जिद में स्थानीय लोगों के ही नमाज पढ़ने की अपील की है।

### सीबीआई जांच के साथ एसआईटी के गठन की मांग

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका के माध्यम से संभल हिंसा की जांच के लिए सेवानिवृत न्यायाधीश की अध्यक्षता में विशेष जांच दल गठित करने की मांग की गई है। याचिका में सीबीआई से हिंसा के कारणों से लेकर पूरी घटना में संबंधित अधिकारियों की संलिप्तता की जांच का अनुरोध किया गया है। किसी धार्मिक स्थल के सर्वेक्षण के दौरान जिला प्राधिकारियों की भूमिका के संबंध में दिशा-निर्देश देने की मांग भी की गई है। वाराणसी के समाजसेवी डॉ. आनंद प्रकाश तिवारी की ओर से अधिवक्ता इमरान उल्लाह और विनीत विक्रम ने याचिका दाखिल कर आयुक्त मुरादाबाद मंडल, जिला मजिस्ट्रेट व एसपी संभल, एसडीएम चंदौसी, क्षेत्राधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच के लिए हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन करने का अनुरोध किया गया है।

## दिल्ली के प्रशांत विहार में धमाका, एक शख्स घायल

नई दिल्ली, एजेंसी



- पुलिस, खोजी कुत्ते और फोरेंसिक टीमें जांच के लिए मौके पर पहुंचीं
- 20 अक्टूबर को इसी इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के पास हुआ था विस्फोट

दिल्ली के रोहिणी में पीवीआर प्रशांत विहार के पास गुरुवार को कम तीव्रता का विस्फोट हुआ, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। विस्फोट उसी इलाके में एक पार्क के पास एक मिठाई की दुकान के सामने हुआ, जहां 20 अक्टूबर को सीआरपीएफ स्कूल की एक दीवार भीषण विस्फोट से क्षतिग्रस्त हो गई थी।

दिल्ली पुलिस ने कहा कि पूर्वाह्न 11:47 बजे प्रशांत विहार में बंसी वाला मिठाई की दुकान के सामने विस्फोट होने की सूचना मिली। बम का पता लगाने वाली टीम, खोजी कुत्ते, पुलिस और दमकल कर्मियों के मौके पर पहुंचने के तुरंत बाद पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई। मौके से सफेद पाउडर बरामद हुआ। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि विस्फोट के समय मल्टीप्लेक्स के अंदर फिल्म का शो चल रहा था। क्षेत्र में धुआं फैल जाने से आगंतुकों और निवासियों में दहशत फैल गई। पीवीआर और विस्फोट स्थल के बीच की दूरी कुछ ही मीटर की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार सुबह हुआ विस्फोट पिछले महीने प्रशांत विहार में सीआरपीएफ स्कूल की चाहरदीवारी के बाहर हुए विस्फोट जैसा ही था। इस संबंध में एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'सीआरपीएफ स्कूल के पास 20 अक्टूबर को हुए विस्फोट में हवा में इसी तरह का घना धुआं देखा गया था। घटनास्थल से फिर से सफेद पाउडर बरामद किया गया।' पुलिस के मुताबिक विस्फोट में ऑटो रिक्शा चालक चेतन कुशवाहा (28) मामूली रूप से घायल हो गया, जिसका तिपहिया वाहन विस्फोट स्थल के पास खड़ा था।

### केंद्र सरकार पर लगाया आरोप



**नई दिल्ली।** विस्फोट के कुछ घंटे बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने केंद्र सरकार पर राष्ट्रीय राजधानी में कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल होने का आरोप लगाया। उन्होंने विस्फोट की निंदा की और कहा कि यह उसी इलाके में पिछले दो महीनों में दूसरी ऐसी घटना है। उन्होंने दावा किया कि स्थिति कानून प्रवर्तन और सुरक्षा उपायों में बड़ी गिरावट का संकेत देती है।

## एक नजर

### एचपीजेड टोकन मामले में संपत्तियां कुर्क कीं

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को कहा कि उसने एचपीजेड टोकन मामले में धन शोधन की जांच के तहत भारत और दुबई में नई संपत्तियां कुर्क की हैं, जिनमें चीन से जुड़ी कुछ मुखौटा कंपनियों की संपत्तियां भी शामिल हैं। इस मामले में निवेश धोखाधड़ी के जरिये कई निवेशकों को कथित तौर पर ठगा गया था। ईडी ने एक बयान में कहा कि इन संपत्तियों की कीमत 106.20 करोड़ रुपये है।

### बम का प्रैंक वीडियो बनाने वाले दो गिरफ्तार

**जयपुर।** इंस्टाग्राम पर प्रसिद्धि पाने के लिए राजस्थान में प्रतापगढ़ शहर में बस स्टैंड पर बम होने का प्रैंक वीडियो बना सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में पुलिस ने दो युवको को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल ने बताया कि प्रतापगढ़ बस स्टैण्ड पर बम होने का वायरल प्रैंक वीडियो सामने आया। जिसमे दो युवक अफवाह फैला रहे थे एवं डरा धमका रहे थे कि इस बैग के पास कोई मत जाना, इस बैग में बम रखा हुआ है। इसके बाद इरफान शेख एवं शहीद शेख निवासी बजरंगगढ थाना हथुनिया को गिरफ्तार कर लिया गया।

### एयर इंडिया को घरेलू उड़ानों से वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैम्पबेल विल्सन ने गुरुवार को कहा कि हवाई यातायात में अधिकांश वृद्धि 2025 में घरेलू और कम दूरी की अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों से देखने को मिलेगी। कंपनी के बेड़े में ज्यादातर विमान छोटे आकार वाले शामिल हो रहे हैं और बड़े आकार वाले पुराने विमानों को अगले वर्ष नया रूप देने के लिए भेजा जाएगा। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने पांच साल की बदलाव यात्रा शुरू की है।

## एक एसई और दो एक्सईएन समेत 16 अभियंता निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सड़क निर्माण घोटाले में मुख्यमंत्री की बड़ी कार्रवाई
- हरदोई में चार नवनिर्मित सड़कों के नमूने फेल मिले

**अमृत विचार :** हरदोई के सड़क निर्माण घोटाले में एक एसई, दो एक्सईएन समेत 16 अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गुरुवार देर शाम कार्रवाई की गई है।

बीते दिनों हरदोई में चार नवनिर्मित सड़कों के नमूने लिए गए थे। जांच में सभी नमूने फेल हो गए। तारकोल की मात्रा कम मिली। गिट्टी समेत अन्य सामग्री भी मानक से कम मिली। रिपोर्ट मुख्यमंत्री तक पहुंची तो उन्होंने अधीक्षण अभियंता (एसई) सुभाष चंद्र, अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) सुमंत कुमार व शरद कुमार मिश्रा को निलंबित करने के आदेश दिए। आठ अवर अभियंता (जेई) मो. शोएब, राजीव कुमार, अमर सिंह, रुचि गुप्ता, सत्येंद्र कुमार, अवधेश गुप्ता, मकरंद सिंह यादव और वीरेंद्र प्रताप सिंह को भी निलंबित किया गया है। सभी के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक नौ अन्य जिलों में सड़कों की जांच के नमूने लैब भेज दिए गए हैं।

## प्रियंका ने ली लोकसभा सदस्यता की शपथ



- कहा-सदन में जनता के मुद्दों को उठाना हमारी प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य निर्वाचित हुईं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने गुरुवार को निचले सदन की सदस्यता की शपथ ली। शपथ के बाद उन्होंने कहा कि जनता के जरूरी मुद्दों को उठाना, देश और पार्टी के लिए काम करना ही उनकी प्राथमिकता रहेगी तथा वह संविधान के उसूलों के लिए लड़ाई लड़ेंगी। प्रियंका ने हिंदी भाषा में शपथ ली और इस दौरान उन्होंने संविधान की एक प्रति अपने हाथ में ले रखी थी। वह जब शपथ लेने के लिए खड़ी हुईं तो कांग्रेस सांसदों ने 'जोड़ो-जोड़ो, भारत जोड़ो' के नारे लगाए। महाराष्ट्र के नांदेड़ से निर्वाचित हुए कांग्रेस नेता रवींद्र बसंतराव चव्हाण ने भी सदन की सदस्यता की शपथ ली। शपथ लेने के बाद प्रियंका गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का हाथ जोड़कर अभिवादन किया।

## यूजी छात्र घटा-बढ़ा सकेंगे डिग्री पाठ्यक्रमों की अवधि

नई दिल्ली, एजेंसी



- यूजीसी प्रमुख बोले-उच्च शिक्षण संस्थानों में जल्द नई व्यवस्था

यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार के अनुसार उच्च शिक्षण संस्थान जल्द ही स्नातक (यूजी) छात्रों के सामने पाठ्यक्रमों की अवधि को छोटा करने या बढ़ाने का विकल्प पेश कर सकेंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस सप्ताह एक बैठक में उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए त्वरित डिग्री प्रोग्राम (एडीपी) और विस्तारित डिग्री प्रोग्राम (ईडीपी) की पेशकश के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को मंजूरी दे दी है।

उन्होंने कहा कि मसौदा मानदंडों को अब हितधारकों की प्रतिक्रिया के लिए सार्वजनिक किया जाएगा। कुमार ने कहा कि डिग्रियों में पाठ्क्रमों की अवधि छोटी किए जाने या बढ़ाए का उल्लेख होगा और इन डिग्रियों को आगे की पढ़ाई या नौकरी के लिए निर्धारित अवधि की डिग्री के समान माना जाएगा। कुमार ने कहा कि छात्र पढ़ाई की क्षमताओं के आधार पर अपने अध्ययन की अवधि को छोटा करने या बढ़ाने के लिए इस विकल्प का उपयोग कर सकते हैं।

## कूनो राष्ट्रीय उद्यान में दो चीता शावकों की मौत

- मॉनीटरिंग दल के निरीक्षण में मिले क्षत विक्षत शव

**श्योपुर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले स्थित कूनो अभयारण्य में मादा चीता निर्वा के चार शावकों को जन्म देने की खबर सामने आने के एक सप्ताह के भीतर ही यहां दो शावकों की मौत हो गई। इनके शव क्षत-विक्षत अवस्था में पाए गए। चीता परियोजना संचालक की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार कूनो अभयारण्य में मादा चीता निर्वा की रेडियो टेलीमेट्री जानकारी के आधार पर निर्वा के डेन साइट से दूर होने पर वन्य-प्राणी चिकित्सकों के नेतृत्व में मॉनीटरिंग दल द्वारा निरीक्षण किया गया। डेन साइट पर दो नवजात चीता शावकों के शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिले। संचालक ने बताया कि सभी संभावित स्थलों का निरीक्षण करने पर किसी भी अन्य चीता शावक के प्रमाण नहीं मिले। मादा चीता निर्वा स्वस्थ है। चीता शावकों के शरीर से सैम्पल लेकर अग्रिम परीक्षण के लिए भेजा गया है। मृत्यु का कारण शव परीक्षण के बाद ही ज्ञात हो सकेगा।

## 30 साल पहले फर्जी आदेश पर 24 ने पाई कलेक्ट्रेट में नौकरी, अब होगी रिकवरी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- एटा में 4 कर्मी बर्खास्त, रिटायर नौ कर्मियों की पेंशन रोकी
- कासगंज में 11 में से तीन अभी भी सेवारत, जांच को कमेटी गठित

**अमृत विचार :** करीब 30 साल पहले फर्जी तरीके से कलेक्ट्रेट में नौकरी पाने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है। चार कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया है, जबकि सेवानिवृत्त 9 कर्मचारियों की पेंशन रोकने के साथ ही पूरा वेतन वसूली का आदेश दिया गया है। इनमें एटा के पांच कर्मचारी ऐसे हैं, जिन्होंने जांच के दौरान पत्रावलियां गायब कर दी थीं। कासगंज में जांच कमेटी गठित कर दी गई है।

1995 तक कासगंज तहसील एटा जिले का हिस्सा थी। यहां उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के एक आदेश पर 24 सीजनल कर्मियों को नियमित कर लिपिक बनाया गया था। 2008 में कासगंज जिला बना। इनमें 13 कर्मचारी एटा में रहे, जबकि 11 कासगंज के हिस्से में आए। एक शिकायत पर शासन ने एसआईटी गठित की। 2023 में जांच पूरी हुई, तो पाया गया कि आदेश फर्जी था। इस पर एटा जिला प्रशासन ने गोपनीय जांच कराई। रिपोर्ट के बाद नौकरी कर रहे चार कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया, जबकि सेवानिवृत्त नौ कर्मचारियों से रिकवरी का आदेश दिया गया है। एटा के डीएम ने कासगंज डीएम को इस फर्जीवाड़े के बाबत पत्र लिखा है। इस पर डीएम मेधा रूपम ने एडीएम राकेश पटेल के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित कर दी है। कासगंज कलेक्ट्रेट में अभी तीन कर्मचारी सेवा में हैं, जबकि आठ सेवानिवृत्त हो गए। इनमें एक की मौत हो गई। वहीं कासगंज की जिलाधिकारी मेधा रूपम ने बताया कि एटा जिलाधिकारी का पत्र मिलने के बाद जांच कमेटी गठित कर दी है। जांच में एडीएम, एडीजीसी, लेखा कार्य और एसडीएम को शामिल किया गया है।

## 15 साल का रघु अब दुधवा के खुले जंगल में दिखाएगा हनक

### टाइगर रिजर्व के जंगल में छोड़ा गया पहला गैंडा, जल्द ही तीन मादा गैंडे छोड़े जाने की उम्मीद

संवाददाता, पलियाकलां



**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त दुधवा टाइगर रिजर्व में पहली बार किसी गैंडे को खुली हवा में सांस लेने का मौका मिला। सौर ऊर्जा संचालित तारबाड़ से 15 वर्षीय रघु नाम के नर गैंडे को असम के काजीरंगा पार्क से आई एक्सपर्ट टीम की देखरेख में रेडियो कॉलर लगाकर खुले जंगल में छोड़ा गया। जल्द ही तीन मादा गैंडों को छोड़े जाने की उम्मीद है।

वर्ष 1984 में असम के काजीरंगा और नेपाल से लाए गए गैंडों से दुधवा नेशनल पार्क में गैंडा पुनर्वास योजना शुरू की गई थी। बेहतर व्यवस्था के चलते गैंडों की संख्या निरंतर बढ़ती रही। प्रदेश के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ललित कुमार वर्मा ने बताया कि खुले जंगल में गैंडों को छोड़े जाने की तैयारी करीब दो माह से चल रही थी। इस सिलसिले में केंद्र सरकार के आदेश पर असम के काजीरंगा पार्क से एक्सपर्ट टीम ने दुधवा टाइगर रिजर्व के वनाधिकारियों के साथ कई बार बैठक कर गुरुवार का दिन निश्चित किया। दुधवा के सोनारीपुर रेंज अंतर्गत सलूकापुर परिक्षेत्र में तारबाड़ के अंदर विचरण कर रहे करीब 40 गैंडों में से 15 साल के नर गैंडे रघु का चयन कर विदेश से आई दवा से बेहोश किया। इसके बाद चिकित्सीय टीम ने उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया। संतुष्ट होने के बाद रेडियो कॉलर लगाकर जंगल में छोड़ दिया गया। गैंडा ट्राली से उतरते ही जंगल की घनी, ऊंची घास में चला गया। एक्सपर्ट अब तीन मादा गैंडों को अवमुक्त किए जाने की योजना बनाने में लग गए हैं।

### रघु सबसे ताकतवर बनकर उभरा

असम से दुधवा में लाए गए बांके नामक गैंडे ने अपनी हनक कायम कर नेपाल से आई हिमरानी के साथ मिलकर दुधवा में गैंडों के वंश बेल को इस कदर बढ़ाया कि एक समय दुधवा में गैंडों की संख्या बढ़कर 34 तक पहुंच गई, लेकिन इस बीच अपनी भरपूर जिंदगी जीने के बाद 18 अक्टूबर 2014 को हिमरानी ने प्राकृतिक मौत को गले लगाकर दुधवा के गैंडा परिवार को अलविदा कह दिया। इस बीच बांके पर भी बुढ़ौती का ग्रहण लगने के कारण दुधवा के गैंडों पर उसके वर्चस्व का तिलिस्म भी टूट गया। दुधवा के गैंडों में बांके के बाद अब रघु गैंडा ही सबसे ताकतवर बनकर उभरा। राइनों विजुअल में इस बात का खुलासा भी हुआ। खुले जंगल में मादा गैंडों के छोड़े जाने के बाद अब यह वहां अपनी वंश बेल बढ़ाएगा।

## आज का मौसम

सुबह कोहरा छाएगा और फिर धूप खिलेगी।

25.0° अधिकतम तापमान | 10.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- बरेली जिला फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से आईवीआरआई स्टेडियम में फुटबॉल लीग दोपहर 2:30 बजे।
- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के ग्राउंड पर ईपीएफओ उत्तरी अंचल की वालीबॉल और बास्केटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन सुबह 9.30 बजे।
- एसआरएमएस में दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव जेस्ट-2024 का आरंभ सुबह 10 बजे।

## एक नजर

### जिला पंचायत की बोर्ड बैठक कल

**बरेली, अमृत विचार :** जिला पंचायत की बोर्ड बैठक शनिवार को दोपहर 12 बजे जीआईसी ऑडिटोरियम में होगी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 का पुनरीक्षित बजट और वर्ष 2025-26 का मूल बजट अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा अनुपूरक कार्ययोजना की स्वीकृति और लाइसेंस उपविधि में संशोधन पर विचार किया जाएगा।

### और बढ़ी ठंड, रात का तापमान हुआ 10 डिग्री सेल्सियस

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में ठंड लगातार बढ़ती जा रही है। तेज धूप खिलने से दिन में तो राहत मिल रही है लेकिन रात में लोग कांप रहे हैं। मौसम विभाग ने एक सप्ताह तक इसी तरह से मौसम रहने और कोहरा छाने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग की वेबसाइट के अनुसार गुरुवार को अधिकतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस कम 10 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# कोहरे का कहर... छह ट्रेनें 86 दिन के लिए निरस्त, 10 ट्रेनों के फेरों में कटौती

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल ने जारी किया आदेश बढ़ेंगी यात्रियों की मुश्किलें
- 3 दिसंबर से 27 फरवरी तक निरस्त की गई हैं कम यात्री संख्या वाली ट्रेनें

**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल ने कोहरे की वजह से कम यात्रियों वाली छह ट्रेनों को 3 दिसंबर से 27 फरवरी तक निरस्त करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा 10 ट्रेनों को अलग-अलग तिथियों में निरस्त कर फेरों में भी कटौती की है।

मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि कोहरे के दौरान ट्रेन संचालन में सावधानी बरतने के लिए लोको और सहायक लोको पायलटों की काउंसलिंग की गई है। इस दौरान पटरियों की निगरानी के लिए पेट्रोलिंग के फेरे भी बढ़ाए जा रहे हैं। कोहरे में कम यात्रियों वाली ट्रेनों को निरस्त किया है और फेरे घटाए गए हैं।



### ये ट्रेनें की गईं निरस्त

15059 लालकुआं-आनन्द विहार टर्मिनल व 15060 आनंद विहार टर्मिनल-लालकुआं एक्सप्रेस 3 दिसंबर से 27 फरवरी, 12209 कानपुर सेंट्रल-काठगोदाम 3 दिसंबर से 25 फरवरी, 12210 काठगोदाम-कानपुर सेंट्रल 2 दिसंबर से 24 फरवरी, 14615 लालकुआं-अमृतसर और 14616 अमृतसर-लालकुआं एक्सप्रेस को 7 दिसंबर से 22 फरवरी तक निरस्त किया गया है।

### अलग-अलग तारीखों में इन ट्रेनों के फेरों में कटौती

15035 दिल्ली-काठगोदाम एक्सप्रेस 3, 5, 7, 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26, 28, 31 दिसंबर, 2, 4, 7, 9, 11, 14, 16, 18, 21, 23, 25, 28, 30 जनवरी, 1, 4, 6, 8, 11, 13, 15, 18, 20, 22, 25 एवं 27 फरवरी को, 15036 काठगोदाम-दिल्ली 3, 5, 7, 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26, 28, 31 दिसंबर, 2, 4, 7, 9, 11, 14, 16, 18, 21, 23, 25, 28, 30 जनवरी और 1, 4, 6, 8, 11, 13, 15, 18, 20, 22, 25 व 27 फरवरी को, 15074 टनकपुर-सिंगरौली 4, 11, 18, 25 दिसंबर, 1, 8, 15, 22, 29 जनवरी व 5, 12, 19 एवं 26 मार्च को, 15073 सिंगरौली-टनकपुर 5, 12, 19, 26 दिसंबर, 2, 9, 16, 23, 30 जनवरी, 6, 13, 20 एवं 27 मार्च को, 15076 टनकपुर-शक्तिनगर 3, 7, 10, 14, 17, 21, 24, 28, 31 दिसंबर, 4, 7, 11, 14, 18, 21, 25, 28 जनवरी व 1, 4, 8, 11, 15, 18, 22 व 25 मार्च को, 15075 शक्तिनगर-टनकपुर 4, 8, 11, 15, 18, 22, 25, 29 दिसंबर, 1, 5, 8, 12, 15, 19, 22, 26, 29 जनवरी व 2, 5, 9, 12, 16, 19, 23 एवं 26 मार्च को, 13019 हावड़ा-काठगोदाम 1, 8, 15, 22, 29 दिसंबर, 5, 12, 19, 26 जनवरी व 2, 09, 16, 23 फरवरी को और 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस 3, 10, 17, 24, 31 दिसंबर, 7, 14, 21, 28 जनवरी और 4, 11, 18, 25 फरवरी को निरस्त रहेंगी। ये ट्रेनें अन्य शेष तिथियों पर पूर्ववत चलाई जाएंगी।

### कोहरे में सुरक्षित सफर के लिए ट्रेनों में लगेंगी 250 सेफ डिवाइस

कोहरे में सुरक्षित सफर के लिए इज्जतनगर मंडल की ट्रेनों में 250 फॉग सेफ डिवाइस लगाई जाएंगी। मुख्यालय से मिलीं जीपीएस युक्त डिवाइसों को एक्सप्रेस, पैसेंजर और मालगाड़ियों में लगाया जाएगा। कोहरे में अधिकतम 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेनें चल सकेंगी, जबकि बिना डिवाइस के 60 की रफ्तार रहती है। जनसंपर्क अधिकारी राजेन्द्र सिंह के मुताबिक सुरक्षित और तेज ट्रेन संचालन में आधुनिक जीपीएस आधारित फॉग सेफ डिवाइस का महत्वपूर्ण योगदान है। फॉग सेफ डिवाइस से लोको पायलटों का भरोसा बढ़ा है और इससे ट्रेन संचालन के समय आने वाली सिग्नल की जानकारी मिलती रहती है। अब फॉग सिग्नलमैन भेजने की आवश्यकता भी खत्म हो गई है।

# हाउस टैक्स: दो हजार लोगों पर कुर्की की तलवार

## राजेंद्रनगर से नोटिस जारी करने की शुरुआत, एक सप्ताह बाद कटेगा पानी का कनेक्शन, फिर होगी कुर्की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** हाउस टैक्स की एक लाख से ज्यादा रकम के बकायादारों को नगर निगम ने कुर्की के नोटिस जारी करने शुरू कर दिए हैं। नोटिस में दी गई चेतावनी के मुताबिक एक सप्ताह के भीतर बकाया न जमा करने पर पहले पानी के कनेक्शन काटे जाएंगे, फिर भवन की कुर्की की जाएगी।

हाउस टैक्स की वसूली में नगर निगम इस बार काफी पिछड़ गया है। वित्तीय वर्ष की शुरुआत में जीआईएस सर्वे के आधार पर बनाए गए टैक्स बिलों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां निकलने की वजह से काफी समय तक हाउस टैक्स की वसूली स्थगित रही। इसके बाद टैक्सदाताओं की आपत्तियों पर बिलों को संशोधित करने का काम शुरू हुआ लेकिन इसके बावजूद अब तक टैक्स वसूली पटरी पर नहीं आई है। अब नगर निगम ने सख्ती करनी शुरू कर दी है। करीब पांच हजार ऐसे टैक्सदाताओं को चिह्नित किया गया है जिन पर एक लाख या उससे ज्यादा टैक्स बकाया है। इनमें से उन दो हजार लोगों को कुर्की के नोटिस जारी करने शुरू कर दिए गए हैं जिन्होंने लंबे समय से बकाया





अदा नहीं किया है।

दो दिन पहले नोटिस जारी करने की शुरुआत राजेंद्रनगर से की गई है। नोटिस में बकाया अदा करने के लिए सप्ताह भर का समय दिया गया है। इसके बाद टैक्सदाता के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जाएगी। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्र ने बताया कि दो हजार चिह्नित लोगों को कुर्की के नोटिस जारी करने शुरू कर दिए गए हैं। नगर निगम 31 मार्च तक शत-प्रतिशत बकाया की वसूली सुनिश्चित करेगा। पहले बड़े बकायादारों को डिमांड नोटिस भेजे गए हैं। इसके बाद कुर्की के नोटिस दिए जा रहे हैं जिनमें बकाया की अदायगी के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। उन्होंने बकायादारों को कार्रवाई से बचने के लिए समय से बकाया जमा करने को कहा है।

### कैसे जमा करें टैक्स... एक ही आईडी पर बकाया अलग-अलग

- डिमांड बिल और ऑनलाइन बिल में अंतर, कंप्यूटर रूम में भी अलग आंकड़े
- चक्कर काट रहे हैं टैक्सदाता भाजपा पार्षद छंगामल ने मेयर से की शिकायत

**बरेली, अमृत विचार:** जीआईएस सर्वे के बाद हाउस टैक्स के बिलों में गड़बड़ियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अफसरों के तमाम दावों के बाद भी हालत यह है कि नगर निगम की ओर से भेजे गए बिल और ऑनलाइन बिल की धनराशि में भी अंतर निकल रहा है। इस अंतर से हैरान-परेशान लोग नगर निगम के चक्कर काट रहे हैं।

भाजपा के पार्षद छंगामल मौर्य ने बृहस्पतिवार को ऐसा एक केस मेयर उमेश गौतम के सामने रखा। बताया, कटरा चांद खां के आजाद नगर में रहने वाले शिवराम शर्मा की पत्नी सुषमा को हाउस टैक्स विभाग ने डिमांड नोटिस भेजा था जिसमें बकाया और चालू डिमांड की रकम 35510 रुपये दर्ज है। सुषमा ने ऑनलाइन बिल निकलवाया तो उसमें 35177 रुपये बकाया दिखाए गए। 67 रुपये के फर्क के बावजूद वह बिल जमा करने कंप्यूटर रूम में पहुंची तो वहां 37 हजार का बकाया बताया गया। एक ही आईडी पर बकाया की तीन अलग- अलग धनराशि दिखाए जाने पर वह बिल जमा किए बगैर लौट गईं।

पार्षद ने मेयर को बताया कि इस तरह की समस्या तमाम लोगों के साथ है। उन्हें बेवजह चक्कर काटने पड़ रहे हैं और समस्या का समाधान न होने के कारण वे बिल भी जमा नहीं कर पा रहे हैं। पार्षद सलीम अहमद ने भी शिकायत की कि टैक्स विभाग गलत बिलों को संशोधित करने में असफल साबित हो रहा है। एक ही आईडी पर अलग-अलग बिल आ रहे हैं, इसी कारण लोग टैक्स जमा नहीं कर पा रहे हैं। पार्षद राजेश अग्रवाल ने बताया कि दो-तीन आईडी और नो मैचिंग की समस्या से लोग परेशान हैं। टैक्स विभाग के काम करने की गति भी बहुत धीमी है। इससे लोगों को बेवजह चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

> काफी संख्या में आपत्तियों का निराकरण किया गया है। सभी शिकायतों को गंभीरता देखकर बिलों को सही कराया जाता है। अगर किसी को इस तरह की समस्या है तो हमारे कार्यालय में शिकायत करे। – **प्रदीप कुमार मिश्र**, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी

### इंद्रानगर के शिविर में जमा हुआ 18 लाख हाउसटैक्स

**बरेली, अमृत विचार :** वार्ड 23 इंद्रानगर में बृहस्पतिवार को नगर निगम के शिविर में करीब सौ लोगों ने 18 लाख रुपये का हाउस टैक्स जमा किया। इस दौरान 30 से अधिक लोगों ने आपत्तियां भी दर्ज कराईं। टैक्स विभाग ने रोस्टर के हिसाब से सुबह करीब 10 बजे पार्षद के कैंप कार्यालय पर शिविर लगाया। शिविर में बिल सुधरवाने वालों की लंबी लाइन लगी। इस दौरान पार्षद सतीश चंद्र कातिब मम्मा, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्र, कर निर्धारण अधिकारी राजवीर सिंह, पूर्व पार्षद माया सक्सेना, शिवम मौर्य व कैलाश कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर धर्मवीर सिंह, शैलेंद्र सिंह, कर समाकर्ता अनुज सिंह, कपिल कुमार, राजकुमार, टीएस राजेंद्र शंखधार, लिपिक जया शर्मा, नीतू शर्मा, रिजवान बेग आदि मौजूद रहे।

# किस्मत खराब... संकट झेलने वाले वार्डों को नहीं मिलेंगे मिनी ट्यूबवेल

- तीनों वार्डों में ट्यूबवेल बनाने के लिए नहीं मिली जगह, अब दूसरे वार्डों में बनाए जाएंगे
- पिछले साल निकाला गया था टेंडर, जमीन नहीं मिली तो अब कर दिया गया निरस्त

**बरेली, अमृत विचार :** तीन वार्डों के लोग कई साल से पानी का संकट झेल रहे थे, जैसे-तैसे इस संकट को दूर करने के लिए शासन से मिनी ट्यूबवेल लगाने का बजट मिला लेकिन फिर भी किस्मत खराब निकली। नगर निगम के अधिकारी इन वार्डों में ट्यूबवेल लगाने के लिए साल भर कोशिश के बावजूद जमीन ही नहीं तलाश पाए। अब इनके टेंडर निरस्त कर इस बजट से दूसरे वार्डों में ट्यूबवेल लगाने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

शहर के अलग-अलग वार्डों में 15 मिनी ट्यूबवेल लगाने के लिए पिछले साल 15वें वित्त से नगर निगम को बजट मिला था। इनमें से 12 मिनी ट्यूबवेल बनाने का तो काम शुरू हो गया है लेकिन वार्ड- 71 के जगतपुर नई बस्ती, वार्ड- 74 के घेर शेख मिट्ठू और वार्ड- 80 के रबड़ी टोला के जिन इलाकों में गर्मी के दिनों में लोग सर्वाधिक पानी का संकट झेलते हैं, वहां अफसरों को मिनी ट्यूबवेल लगाने के लिए जमीन ही नहीं मिली। पिछले साल अक्टूबर में तीनों वार्डों में ट्यूबवेल लगाने के लिए टेंडर निकाला गया था, जिसे अब निरस्त कर दिया गया है।

### रबड़ी टोला और जगतपुर में रहता है भीषण संकट

रबड़ी टोला और जगतपुर में गर्मी के दिनों में पीने के पानी हर बार भीषण संकट रहता है। कारण यह है कि यहां पुरानी पाइप लाइन होने की वजह से उनमें पानी प्रेशर के साथ नहीं दौड़ता। हर गर्मी में दोनों इलाकों के लोगों को प्रदर्शन करना पड़ता है। उनकी समस्या का अस्थाई निदान नगर निगम टैंकर भेजकर करता है। स्थाई निदान के दोनों जगह मिनी ट्यूबवेल लगाने की योजना बनाई गई थी लेकिन जमीन न मिलने से करीब 20 हजार की आबादी का संकट आगे भी कायम रहने के आसार हैं।

> जिन वार्डों में मिनी ट्यूबवेल लगाने की योजना है वहां लगाए जाएंगे लेकिन जहां जगह नहीं मिल पाई है, वहां के ट्यूबवेल दूसरे वार्ड में लगाए जाएंगे। सभी वार्डों में पेयजल की बेहतर व्यवस्था की योजना बनाई गई है। – **संजीव कुमार मौर्य**, नगर आयुक्त

# उद्योग बंधु बैठक में फिर उठा औद्योगिक आस्थानों की खस्ताहाल सड़कों का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अधूरी तैयारियों के साथ पहुंचे कई विभागों के अधिकारी जिलाधिकारी ने दी चेतावनी

**अमृत विचार:** जिला उद्योग बंधु की बैठक में इस बार भी परसाखेड़ा औद्योगिक आस्थान में जर्जर सड़कों और भोजीपुरा औद्योगिक आस्थान में पानी की निकासी के इंतजाम न होने का मुद्दा छाया रहा। इसके अलावा बहेड़ी के मेगा फूड पार्क के एक प्लॉट को नदी से खतरे का मुद्दा भी रखा गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से पूछताछ की तो वे सही जानकारी नहीं दे पाए। जिलाधिकारी ने उन्हें आगे बैठक में तैयारी के साथ आने की चेतावनी दी।

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को विकास भवन के सभागार में हुई जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक में फूड पार्क को बाढ़ से सुरक्षित करने के मुद्दे पर यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक के प्रतिनिधि ने बताया कि उत्तराखंड के गांव सतसुइया के किसानों से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर लेने के प्रयास किए जा रहे हैं। उत्तराखंड की भूमि को हासिल करने के लिए एसडीएम किच्छा को दोबारा अनुरोध पत्र भेजा गया है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा व्यक्तिगत रुचि लेकर किसानों से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कराएं ताकि नदी पर बांध बनाने का काम जल्द पूरा हो सके।

औद्योगिक क्षेत्र परसाखेड़ा में सड़कों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के प्रकरण में अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार ने बताया कि सड़क नंबर 3, 5, 8, 9 और 10 के समानांतर आरसीसी नाले के निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस, उप्र जल निगम ने 1004.39 लाख रुपये का एस्टीमेट बनाया है जिसे 17 अक्टूबर को स्वीकृति के लिए यूपीसीडा मुख्यालय कानपुर भेजा गया है। सड़क नंबर 5, 9, 10 और 24 की मरम्मत और उच्चीकरण के लिए 847.60 लाख का एस्टीमेट भेजा गया है। रोड नंबर 13 का काम पूरा हो गया है। रोड नंबर 27 की भी निविदा प्रक्रिया पूरी कर 12 नवंबर को अनुबंध जारी कर दिया है। ठेकेदार के साथ दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद काम शुरू कर दिया जाएगा।

उद्यमियों ने बताया कि सड़क नंबर 13 का काम तो हुआ है, लेकिन उसकी मिट्टी सड़क के दोनों तरफ पड़ी है। इस पर नगर निगम, पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन और उद्यमियों की समिति बनाकर डीपीआर के अनुसार काम की जांच कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र भोजीपुरा में पानी निकास की समस्या जोरशोर से उठाई गई। उपायुक्त उद्योग विवेक यादव ने बताया कि जल निगम ने 29.55 लाख का प्राक्कलन तैयार किया है जिसे सीडीओ ने मुख्यालय भेजा है। इसे अगले महीने तक स्वीकृति मिल सकती है। रिछा रोड पर स्ट्रीट लाइट लगाने का मामला उठा तो पीएनसी के प्रतिनिधि ने सड़क पर लगाई गई लाइटों का विवरण दिया।

उद्यमियों ने परसाखेड़ा रोड नंबर एक के सामने नाली संबंधी समस्या रखी तो नगर निगम के अपर आयुक्त ने बताया कि नाली और सड़क के एस्टीमेट को 14 नवंबर को स्वीकृति दे दी गई है। फाइल निविदा प्रक्रिया में है। ई-मास्क में विद्युत कनेक्शन कराने संबंधी प्रकरण पर नगर निगम के प्रकाश विभाग के प्रभारी ने बताया कि परसाखेड़ा में 13 हाईमास्ट यूपीसीडा ने लगाई हैं जो प्रकाश विभाग को हैंडओवर नहीं हुई हैं। इनके बिल का भुगतान यूपीसीडा को ही करना है। उद्यमियों के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने जल्द कनेक्शन जुड़वाकर दो दिन में लाइटों को नगर निगम को हैंडओवर करने के निर्देश दिए।

बैठक में उद्यमी अजय शुक्ला, एके सिंह, गुरप्रीत सिंह, अल्पित अग्रवाल, इल्यियास, जुबैर के अलावा सीडीओ जग प्रवेश, अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार, पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# नई शूटिंग रेंज पर पदाधिकारियों के बच्चों के लिए 'न' नहीं

## नेशनल शूटर को नहीं दी गई अनुमति, पदाधिकारी के बच्चों को प्रैक्टिस कराने का वीडियो हुआ वायरल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- स्मार्ट कंपनी ने बनाई है नई शूटिंग रेंज, अभी नहीं हुई है हैंडओवर

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी कंपनी से हैंडओवर न होने का तर्क देकर नेशनल शूटर नेहा को तो राइफल क्लब की नई शूटिंग रेंज पर प्रैक्टिस की अनुमति नहीं दी गई लेकिन अब एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें राइफल क्लब के एक पदाधिकारी एक बच्ची को इसी रेंज में शूटिंग कराते नजर आ रहे हैं।

राइफल क्लब की नई शूटिंग रेंज अभी हैंडओवर नहीं हुई है, यही कहकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने जा रही नेहा को यहां प्रैक्टिस की अनुमति देने से पिछले दिनों इन्कार कर दिया गया था। कहने को शूटिंग रेंज पर ताला भी लगा हुआ है, लेकिन कहा जा रहा कि क्लब के सदस्यों के बच्चों के लिए शूटिंग रेंज लगातार इस्तेमाल की जा रही है। बृहस्पतिवार को नई शूटिंग रेंज में एक पदाधिकारी के 10-12 साल की बच्ची को शूटिंग कराने के वायरल हुए वीडियो ने भी इस आरोप पर मोहर लगा दी है।

राइफल क्लब के पदाधिकारी वीडियो में ओपन साइट राइफल से 25 मीटर रेंज में शूटिंग कराते नजर आ रहे हैं। यहीं एक हिस्से में 6-7 साल का बच्चा भी फायर लाइन के आगे बैठा दिख रहा है, कुछ देर बाद यह बच्चा भी ओपन साइट राइफल से शूटिंग करता दिख रहा है। गोलियों की भी आवाज आ रही है। हालांकि रायफल क्लब के पदाधिकारी दावा करते रहे हैं कि 25 मीटर रेंज पर कभी गोली चली ही नहीं। वीडियो रविवार को एक व्यक्ति ने अपने अकाउंट पर शेयर किया है।



वायरल फुटेज : नई शूटिंग रेंज में बच्चे को प्रैक्टिस कराते राइफल क्लब के पदाधिकारी।।

> वायरल वीडियो पुराना हो सकता है, मैंने पूछताछ की है। इसमें किसी निरीक्षण करने वाले के बच्चों को सिर्फ हथियार पकड़वाकर दिखाया जा रहा है। गोली की आवाज कहीं और से आ रही होगी। शूटर नेहा के मामले में मैंने उनसे मेरे आने तक राइफल क्लब में रुकने के लिए कहा था लेकिन वह चली गईं। – **राजीव कुमार शुक्ला**, सिटी मजिस्ट्रेट

### नेहा ने हारकर राइफल क्लब में छोड़ी प्रैक्टिस

शूटर नेहा के मुताबिक बृहस्पतिवार को वह सिटी मजिस्ट्रेट से मिलने के बाद प्रैक्टिस करने राइफल क्लब पहुंची थी लेकिन वहां फिर उन्हें अनुबंध पत्र भरने के लिए कहा गया। उन्होंने अनुबंध पत्र ले तो लिया लेकिन यह मानकर कि उन्हें प्रैक्टिस न करने देने के लिए मानसिक दबाव बनाया जा रहा है, उन्होंने प्रैक्टिस करने का इरादा छोड़ दिया और घर लौट गईं। उन्होंने बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट ने भी उनसे यही कहा कि उन्हें अनुबंध पत्र भरना होगा। राइफल क्लब के क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि नेहा अनुबंध पत्र फाड़कर अपने साथ ले गईं।

# सुपर सिटी: चुनाव पर गुटबाजी, व्हाट्सएप ग्रुप में भद्दे कमेंट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- चुनाव की मांग कर रहे लोग जनता दरबार में जिलाधिकारी से शिकायत करने पहुंचे
- दस साल से नहीं हुए हैं सोसाइटी के चुनाव, एसडीएम सदर को कार्रवाई का निर्देश

**अमृत विचार:** सुपर सिटी कॉलोनी में सोसाइटी के चुनाव को लेकर दो गुटों में ठन गई है। चुनाव की मांग कर रहे लोगों ने सोसाइटी पर काबिज लोगों पर व्हाट्सएप ग्रुप में भद्दे कमेंट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने जनता दरबार में जिलाधिकारी से इसकी शिकायत करते हुए सोसाइटी के चुनाव कराने की मांग की।

कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे राजीव मेहरा, विकास विश्नोई, अनिल कुमार सक्सेना आदि ने बताया कि कॉलोनी की सोसाइटी का चुनाव 10 साल से नहीं हुआ है। इस वजह से कॉलोनी के लोग मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित हैं। मौजूदा स्थिति ठीक नहीं है। अनूप, अंबुज, जय प्रकाश, महेंद्र, दिनेश, आशीष, सतनाम, संजीव, सीएस मेहता, मनजीत समेत करीब 25 लोगों ने शिकायती पत्र पर अपने हस्ताक्षर किए हैं।

जिलाधिकारी कार्यालय से एसडीएम सदर को शिकायत भेजी गई। एसडीएम सदर गोविंद मौर्य ने तहसीलदार सदर को शिकायत का निस्तारण कराने का निर्देश दिया है। शिकायत करने वालों हस्ताक्षरयुक्त सूची को सोसाइटी के व्हाट्सग्रुप पर डालकर भद्दे कमेंट करने का आरोप भी वर्तमान पदाधिकारियों पर लगाया। सूची में ज्यादातर पूर्व सैनिक और अन्य सरकारी विभागों से सेवानिवृत्त लोग हैं। उन्हें अपमानित किया जा रहा है। मंडलायुक्त को भी शिकायती पत्र की कॉपी भेजी गई।

# महिला और बाल रोग विशेषज्ञ नहीं, मगर भेजी जा रहीं दवाएं

- तीन सौ बेड अस्पताल में दो साल हो रहा है ओपीडी का संचालन

**बरेली, अमृत विचार :** तीन सौ बेड अस्पताल में महिला और बाल रोग विशेषज्ञ तैनात नहीं है, मगर दवाएं भेजी जा रही हैं। गर्भवतियों और बीमार बच्चों को यहां इलाज नहीं मिल पा रहा है।

अस्पताल में दो साल से ओपीडी का संचालन हो रहा है। जिला अस्पताल के अधिकांश विभागों को यहां शिफ्ट कर दिया गया है। नेत्र, दंत समेत अन्य बीमारियों के मरीजों को इलाज मिल रहा है, लेकिन गर्भवतियों और बच्चों को इलाज नहीं मिल रहा है। अब तक महिला और बाल रोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं की गई है। इसके बाद भी बच्चों की बीमारियों से संबंधित दवाएं हर माह भेजी जा रही हैं।

वितरण न होने पर इन दवाओं को वापस जिला अस्पताल भेज दिया जाता है। छह माह पहले गर्भवतियों और बीमार बच्चों को अस्पताल से लौटने का मुद्दा तत्कालीन सीएमएस के सामने पहुंचा था, मगर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

# मोबाइल रिचार्ज न कराने पर आभा आईडी बनाने से खड़े किए हाथ

- उप्र आशा वर्कर्स यूनियन ने सीएमओ के सामने रखी समस्या, सौंपा ज्ञापन

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन ने गुरुवार को आशा कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह के सामने रखा। बताया कि करीब दो महीने से विभाग की ओर से मोबाइल का रिचार्ज नहीं कराया गया है। इस वजह से आशाएं ग्रामीणों की आभा आईडी, संचारी रोग नियंत्रण की सर्वे रिपोर्ट समेत अन्य जानकारी विभागीय पोर्टल पर अपलोड नहीं कर पा रही हैं।

जिलाध्यक्ष शिववती साहू ने बताया कि क्योलड़िया, भमोरा, फरीदपुर आदि स्थानों की आशा कार्यकर्ता मोबाइल का रिचार्ज समाप्त होने से परेशान हैं। इस दौरान आशाओं ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। सीएमओ ने शुक्रवार तक समस्या का निदान कराने का आश्वासन दिया है। दरअसल, विभाग ने आशाओं को मोबाइल फोन दे रखे हैं, ताकि उन्हें घर-घर तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने में कोई दिक्कत न आए। मंजू पटेल, जयश्री गंगवार, सुनीता गंगवार, चंपा गंगवार आदि आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# महामारी बनीं 25 बीमारियां तो आईवीआरआई करेगा जांच

## भारत सरकार के वन हेल्थ मिशन के तहत चिह्नित की गईं सभी 25 बीमारी, इनमें 19 मानव की, छह जूनोटिक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भारत सरकार के वन हेल्थ मिशन के तहत उन 25 बीमारियों को चिह्नित किया गया है जो कभी भी महामारी का रूप ले सकती हैं। महामारी बनने की स्थिति में देश की 22 बायो सेफ्टी लेवल- 3 (बीएसएल) लैब में इन बीमारियों की जांच की जिम्मेदारी निभाएंगी, इनमें आईवीआरआई भी शामिल है। इन बीमारियों में 19 मानवों में फैलने वाली हैं जबकि छह जूनोटिक यानी जानवरों से इंसानों में फैलने वाली हैं। यह प्रोजेक्ट पीएमओ की निगरानी में रहेगा।





- देश भर में 22 बीएसएल-3 लैब अधिकृत, आईवीआरआई को भी मिली जिम्मेदारी

वन हेल्थ मिशन के तहत आईवीआरआईसमेत देश की 22 बीएसएल-3 लैब महामारी बनने पर 25 बीमारियों की जांच और अध्ययन करने के लिए अधिकृत होंगी। आईवीआरआई इस मिशन का एक मुख्य हिस्सा होगा, उसका योगदान मानव स्वास्थ्य की रक्षा के साथ संक्रमण की पहचान में महत्वपूर्ण होगा। आईवीआरआई के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि वन हेल्थ मिशन का उद्देश्य है कि इंसान, जानवर और पर्यावरण के स्वास्थ्य को एक साथ जोड़कर उन बीमारियों का पता लगाया जाए जो पारिस्थितिकी तंत्र के बीच स्थानांतरित होती हैं।

इस मिशन के तहत आईवीआरआई को 19 मानव बीमारियों और 6 जूनोटिक बीमारियों की जांच की जिम्मेदारी दी गई है। इनमें वायरस, बैक्टीरिया और अन्य संक्रामक बीमारियां शामिल हैं जो सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की ओर से महामारियों के संबंध में तैयारियों पर जोर दिया जा रहा है। सभी 22 लैब को उनकी क्षमता के अनुसार चिह्नित किया गया है। इनमें मॉकड्रिल के भी निर्देश दिए गए हैं। हाल ही में एम्स जोधपुर में मॉकड्रिल की गई थी।

### ये बीमारियां बन सकती हैं महामारी

वन हेल्थ मिशन के तहत चिह्नित बीमारियों में प्लाज्मोडियम, डेंगू, इन्फ्लुएंजा, चिकनगुनिया, ब्रुसेला मेलीटेनसिस, मीजल्स, रुबेला, वरीसेला जोस्टर, हर्पिस सिंपेक्स, एंटिरियो, जीका, पार्वो, मम्मस, सार्स कोरोना-2, एडिनो, रेस्पाइरेटरी साइनीटिकल, न्यूमोनिया, डिप्थिरया, केएफडीवी, सीसीएचफ, एच-5 एन-1, निपाह शामिल हैं। इनमें 19 मानव और छह बीमारियां पशु और मानव की हैं जो समय पर नियंत्रित नहीं करने से महामारी का रूप ले सकती है। इनमें से चार बीमारियों पर आईवीआरआई पहले से काम कर रहा है। सभी 22 लैब का नोडल नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी पुणे को बनाया गया है।

## एक नजर

### बर्ड फ्लू से बचाव : कैरी फार्म में मार्च तक वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

बरेली, अमृत विचार : ठंडक बढ़ने के साथ मुर्गियों में बर्ड फ्लू का खतरा बढ़ जाता है। इसको ध्यान में रखते हुए केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (कैरी) ने फार्म में वाहनों के प्रवेश को मार्च 2025 तक प्रतिबंधित कर दिया है। कैरी के कार्यवाहक निदेशक डॉ. जगबीर त्यागी ने बताया कि बर्ड फ्लू (एच-5एन-1) के संक्रमण से बचाव और परिसर के भीतर पक्षियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। बर्ड फ्लू के वायरस का प्रसार मुख्य रूप से संक्रमित पक्षियों के संपर्क से होता है और वाहनों के माध्यम से इस संक्रमण के फैलने का खतरा बढ़ सकता है। फार्म के ऊपर उड़ने वाले पक्षियों से होने वाले खतरे को दूर करने के लिए रिफलेक्टर लगवाए जा रहे हैं। कई बार प्रवासी व अन्य पक्षियों की बीट से भी वायरस प्रवेश करता है। केंद्र सरकार के पशुपालन मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए विभिन्न उपायों को लागू किया जा रहा है। वैज्ञानिकों ने पशुपालकों से अपील की है कि वे इस प्रकार के संक्रमण से बचने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के संपर्क से बचें। किसी भी संदिग्ध मामले की सूचना तुरंत पशुपालन विभाग और कैरी प्रशासन को दें।

### बदायूं डिपो की बस में बिना टिकट यात्री पकड़े

बरेली, अमृत विचार : बरेली रीजन की बदायूं डिपो की रोडवेज बस में पांच यात्री बिना टिकट पकड़े गए। बस बदायूं से फर्रुखाबाद जा रही थी। मुख्यालय की प्रवर्तन टीम ने गुरुवार सुबह उसावां के पास बस को रोक कर चेक किया तो 18 यात्री मौजूद मिले लेकिन कंडक्टर ने पांच यात्रियों से पैसे लेकर उनके टिकट नहीं बनाए थे। इसके अलावा बस में सात क्विंटल सामान भी बिना बुकिंग के लदा मिला। टीम ने रिपोर्ट बरेली रीजन के आरएम दीपक चौधरी को भेज दी। आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि संविदा कंडक्टर मनोज मिश्रा को काम से हटा दिया गया है। रोडवेज बसों में पहले भी बिना टिकट यात्रियों को ले जाने के मामले पकड़े जा चुके हैं। इसके बाद भी खेल रुक नहीं रहा है। बस कंडक्टर बिना टिकट के यात्रियों को लोकल रूट पर अधिक बैठाते हैं और बिना स्टॉप के रास्ते में उतरने वाले यात्रियों से पैसे लेते हैं।

# गोलीकांड: राजीव राणा समेत 33 पर गैंगस्टर एक्ट में रिपोर्ट

## प्लॉट के कब्जे के लिए पीलीभीत बाईपास पर दो पक्षों में हुई थी दिनदहाड़े फायरिंग, पूर्व विधायक और सपा पार्षद के खिलाफ जांच जारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास पर 22 जून को करोड़ों की कीमत के प्लॉट पर कब्जे के लिए दिनदहाड़े हुई फायरिंग के मामले में भू-माफिया राजीव राणा समेत उसके गिरोह के 33 सदस्यों के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की है। इस मामले में पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल और सपा पार्षद गौरव सक्सेना के खिलाफ विवेचना जारी है। पुलिस ने पूर्व विधायक के खिलाफ कोर्ट में गैर जमानती वारंट के लिए आवेदन किया था लेकिन अब तक नहीं मिल सका।

थाना इज्जतनगर प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि यह गिरोह अवैध कब्जा, संपत्ति विवाद और हिंसक अपराधों में लंबे समय से लिप्त है। गिरोह के सभी आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में अलग-अलग थानों में मुकदमे दर्ज हैं। गिरोह के सभी सदस्यों पर गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की गई है।


खुलेआम की थी फायरिंग। फाइल फोटो

### राजीव राणा को बताया गैंग लीडर, बाकी सभी सदस्य

पुलिस ने राजीव राणा को गिरोह सरगना बनाया है, जबकि उसके गिरोह में सुरेश शर्मा के संजय राणा, राजेंद्र नगर के रोहित, हर्ष शर्मा और शैलेश प्रताप, दुर्गानगर के रोहित ठाकुर, रिठौरा के ओमकार राठौर, शिवधाम कॉलोनी के शिव ओम कुमार, कलापुर के विशाल, धर्मपुर के अर्जुन कश्यप, अनिल उर्फ सनी और संजीव, मुड़िया अहमद नगर के रविंद्र यादव, नौज उर्फ नरवीर, ग्राम लभेड़ा के मुनाजिर, म्यौंदूखुर्द कला के मनोज कटियार, एकता नगर के नमन गोस्वामी, कृष्णा नगर कॉलोनी के पंकज गुप्ता को सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा सैनिक कॉलोनी के संजय संदेश, संजय नगर के हरिओम सिंह, राधेश्याम, आशीष, राजन राणा, जोगीनवादा के दिनेश कठेरिया, अटरिया के सुभाष लोधी, हिस्ट्रीशीटर केपी यादव, धनुष यादव उर्फ गुगी, मोहम्मद हुसैन उर्फ गोला, संजू उर्फ संजय, गौरीशंकर राणा, अलीम कालिया, रवि वाल्मीकि और ललित सक्सेना को भी सदस्य बनाया गया है।

### सुनील ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

गोलीकांड की विवेचना के दौरान केस में शामिल किए गए नौ आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने गैर जमानती वारंट जारी कराया था। इनमें फरार चल रहे मुड़िया अहमदनगर के सुनील कुमार ने बृहस्पतिवार को अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक अभी शिवम माथुर, इरफान, होटल मालिक चांद मोहम्मद, सचिन मौर्य, देवेन्द्र उर्फ दरिया, समर यादव, लल्ला यादव और गौरव सक्सेना फरार चल रहे हैं। गौरव सक्सेना नगर निगम के पार्षद हैं।

लंबे समय से सक्रिय गिरोह सरकारी जमीनों पर कब्जा करने, संपत्ति विवाद और हिंसक अपराधों में लिप्त है। गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए राजीव राणा को गिरोह को सरगना बनाया गया है। गिरोह में शामिल 32 और लोगों के खिलाफ भी गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है।

– **मानुष पारीक**, एसपी सिटी

### दो का पुलिस ने नाम निकाल कर क्लीनचिट दी

पुलिस ने 11 नामजद लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी और विवेचना में 41 लोगों के नाम सामने आए थे। पुलिस ने जेसीबी मशीन मालिक गांव सिमरा निवासी अवधेश पटेल का नाम विवेचना से निकाल दिया। पुलिस ने हवाला दिया है कि जेसीबी को उन्होंने एक माह पहले ही श्याम फौजी को दिया था और श्याम फौजी ने जेसीबी को लल्ला यादव के साथ प्लाट पर भेजा था। जेसीबी को मौके पर ही लोगों ने जला दिया था। इसके अलावा गांव अटरिया निवासी ऋतिक अवस्थी का नाम भी निकाला है। पुलिस ने सुभाष लोधी के बयान के आधार पर उसका नाम खोला था लेकिन सीडीआर से लेकर अन्य जांच में वह सामने नहीं आया।

### रोहित ठाकुर पर एनएसए लगाना चाहती थी पुलिस

रोहित ठाकुर के खिलाफ पुलिस रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) लगाना चाहती थी। इसके लिए काफी प्रयास भी किए मगर चूक गई। रोहित के खिलाफ अलग-अलग 23 मुकदमे दर्ज हैं। फायरिंग में उसका वीडियो वायरल हुआ था।

# मौलाना तौकीर का आज संभल जाने का एलान

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने शुक्रवार को संभल जाने का एलान किया है। उन्होंने कहा कि बरेली में जुमे की नमाज अदा करने के बाद वह संभल रवाना होंगे।



- **हिंसा के दौरान मारे गए युवकों को बताया शहीद**

आईएमसी प्रमुख ने बृहस्पतिवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में यह एलान किया। कहा, संभल की जामा मस्जिद पर सर्वे के आदेश के बाद अब अजमेर की गरीब नवाज दरगाह में मंदिर होने का दावा कर दाखिल की गई याचिका अदालत में स्वीकार कर ली गई है। आखिर यह सब हो क्या रहा है, कौन लोग हैं जो योजना के तहत मुल्क में बदअमनी फैलाना चाहते हैं। वरशिप एक्ट के होते हुए यह कैसे हो रहा है, यह भी बड़ा सवाल है।

मौलाना तौकीर ने कहा कि संभल में पांच लड़कों को शहीद कर दिया गया। अब वहां दबाव डालकर मस्जिदों से एलान कराया जा रहा है कि लोग जुमे की नमाज घरों में पढ़ें जबकि जुमे की नमाज घर में नहीं पढ़ी जा सकती। इस तरह शरीयत में दखलंदाजी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सिर्फ मुसलमानों को परेशान करने के लिए मस्जिद और दरगाहों में मंदिर ढूंढे जा रहे हैं। मौलाना ने कहा कि वह संभल जाकर शहीदों के परिजनों से मिलेंगे। उनकी हर संभव सहायता की जाएगी। जिन बेकसूरों को जेल भेजा जा रहा है, उन्हें कानूनी सहायता मुहैया कराई जाएगी।

# एसडीएम करेंगे जांच की निगरानी मुश्किल टलने के आसार नहीं

## आयुष्मान कार्डधारक महिला से बदसलूकी मामले में शासन सख्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पैसा वसूलने के बाद भी निकाल दिया था महिला को, दो दिन बाद हो गई थी मौत**
- **सरकारी योजना पर भी की थीं अनर्गल टिप्पणियां, स्वास्थ्य विभाग कर रहा है जांच**

**अमृत विचार :** आईएमए के बचाव में उतरने के बावजूद दीपमाला अस्पताल के डॉ. सोमेश मेहरोत्रा की मुश्किल कम होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। शासन के निर्देश पर उनके खिलाफ चल रही जांच की निगरानी की जिम्मेदारी अब एसडीएम को सौंप दी गई है ताकि स्वास्थ्य विभाग की ओर से की जांच में कोई रियायत न की जा सके।

डॉ. सोमेश मेहरोत्रा पर आयुष्मान कार्डधारक महिला से इलाज का करीब डेढ़ लाख रुपया वसूल करने और इसके बाद और पैसा न दे पाने पर बदसलूकी कर अस्पताल से निकाल देने का आरोप है। महिला की दो दिन बाद मौत हो गई थी। महिला से बदसलूकी का वीडियो वायरल होने के बाद डॉ. सोमेश इस मामले में फंस गए। इस वीडियो में महिला और उसके तीमारदार को भलाबुरा कहते हुए उन्होंने आयुष्मान योजना के बारे में भी टिप्पणियां की थीं। यह भी आरोप लगाया था कि सरकारी अस्पतालों में चूरन-चटनी से इलाज होता है क्योंकि वहां का बजट जनप्रतिनिधि और अफसर खा जाते हैं।

डॉ. सोमेश के वीडियो को शासन ने गंभीरता से लिया था। स्वास्थ्य विभाग की टीम उनके खिलाफ जांच कर रही है। अब शासन के निर्देश पर इस जांच की निगरानी एसडीएम को सौंप दी गई है। इसे इस मामले में शासन की सख्ती का संकेत माना जा रहा है।

### ...ताकि साठगांठ में न निपटाई जा सके जांच

आयुष्मान कार्डधारक महिला से बदसलूकी की घटना का वीडियो करीब दो सप्ताह पहले वायरल हुआ था, जिसके अगले ही दिन स्वास्थ्य विभाग को इसकी जांच का आदेश दे दिया गया था। स्वास्थ्य विभाग की टीम अब तक इस मामले में जांच पूरी नहीं कर पाई है। कहा जा रहा है कि स्वास्थ्य विभाग को इस मामले में किसी तरह के दबाव में लेकर जांच को प्रभावित न किया जा सके, इसकी वजह से एसडीएम को उसकी निगरानी पर लगाया गया है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के अफसरों का कहना है कि हर बिंदु पर गहन और स्पष्ट जांच सुनिश्चित करने के लिए जांच टीम का विस्तार किया गया है।

### मृतक महिला के परिजनों के दर्ज किए बयान

अस्पताल से निकाली गई महिला की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम ने उसके परिजनों के साथ डॉ. सोमेश मेहरोत्रा का भी बयान दर्ज किया है। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि दीपमाला अस्पताल प्रकरण की जांच जल्द ही पूरी कर ली जाएगी।

# ग्रीवांश सेल में छात्रा ने दिया बयान, छात्र ने मानी गलती

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ग्रीवांश सेल ने गुरुवार को छात्रा के बयान दर्ज किए। छात्रा का आरोप है कि आरोपी छात्र समझौते का दबाव बना रहा है और उसपर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

छात्र पर छात्रा का फोटो एडिट कर व्हाट्सएप ग्रुप पर अपलोड करने का आरोप है। छात्रा ने सेल की चार सदस्यीय टीम को बताया कि जब उसने प्रॉक्टर ऑफिस में शिकायत की तो कोई कार्रवाई नहीं की गई और उसपर समझौते का दबाव बनाया गया। आरोपी छात्र के बयान हुए तो उसने माफी मांगी और सफाई दी कि गलती से ग्रुप में एडिट फोटो चला गया। अब सवाल यह है कि अगर गलती से फोटो प्रसारित हो गया तो उसने फोटो एडिट ही क्यों की।

# नगर आयुक्त को कोर्ट में पेश होने का आदेश

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बरेली नगर निगम में अधिनियम के अनिवार्य प्रावधानों का उल्लंघन कर विज्ञापन उपविधि 2020 अधिसूचित करने के मामले में दाखिल अवमानना याचिका पर पांच दिसंबर को नगर आयुक्त को हलफनामा दाखिल करने या व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया है।

- **अवैध रूप से विज्ञापन उपविधि बनाने के मामले में अवमानना याचिका पर कार्रवाई**
- **हाईकोर्ट ने पांच दिसंबर को सूचीबद्ध किया केस**

बुधवार को सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने नगर आयुक्त को नोटिस तामील करने के संबंध में रिपोर्ट के साथ केस को पांच दिसंबर को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय की एकलपीठ ने एस एस ग्राफिक्स की ओर से दाखिल अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने उपविधि 2020 को उसे अधिसूचित करने के लिए वैध प्रक्रिया का पालन करने तक असंवैधानिक घोषित कर दिया था।

एसएस ग्राफिक्स समेत कई विज्ञापन एजेंसियों ने याचिका दायर की थी कि बरेली नगर निगम में नगर निगम अधिनियम 1559 के विरुद्ध विज्ञापन उपविधि 2020 अधिसूचित कर दी गई और आपत्तियों की सुनवाई किए बगैर शासन से गजट कराकर इसे लागू कर दिया। हाईकोर्ट ने अधिनियम के अनुरूप नई उपविधि बनाने का आदेश दिया था जिसका पालन न करने पर एसएस ग्राफिक्स ने अवमानना याचिका दायर की है।

# समितियों में पहुंचने से पहले ही ब्लैक हो रही डीएपी

## गांव जरौल का वीडियो हुआ तो हरकत में आए अफसर, आंकिक के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी,

**अमृत विचार :** जिले भर के किसानों में डीएपी संकट की वजह से ऐसे ही हाहाकार नहीं मचा है। समितियों पर पहुंचने से पहले ही डीएपी ब्लैक कर दी जा रही है। रामगंगा की कटरी के गांव जरौल का एक वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आए अधिकारियों ने समिति के एक लिपिक के खिलाफ 60 बोरी डीएपी के गबन की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

- **चार सौ बोरी डीएपी भेजी गई थी समिति पर, रास्ते में ही गायब कर दीं 60 बोरियां**


ट्रक से उतारी गईं डीएपी की बोरियां।

वी पैक्स जरौल पर 24 नवंबर को चार सौ बोरी डीएपी ट्रक से भेजी गई थी। समिति पर पहुंचने से पहले ट्रक को रास्ते में रोककर डीएपी की तमाम बोरियां ट्रैक्टर ट्रॉली में लोड कर दी गईं। इसके बाद समिति पर 27 नवंबर को जब डीएपी का वितरण शुरू हुआ तो स्टॉक में 60 बोरी कम निकलने पर हंगामा मच गया। इसी बीच वह वीडियो भी किसी ने वायरल कर दिया, जिसमें डीएपी की बोरियां ट्रक से उतारकर ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखी जा रही थीं। वीडियो वायरल होने से यह मामला अफसरों के गले में अटक गया।

बृहस्पतिवार को एडीसीओ फरीदपुर के निर्देश पर समिति पर तैनात लिपिक वीरेंद्र कुमार के विरुद्ध 60 बोरी डीएपी के गबन की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। समिति के सचिव की ओर से लिखाई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि वी पैक्स जरौल पर तैनात गांव रियोना धीमरा निवासी लिपिक वीरेंद्र कुमार को समिति पर चार सौ बोरी डीएपी प्राप्त कर किसानों को बांटने की जिम्मेदारी दी गई थी। इसमें से 60 बोरी का उसने गबन कर लिया। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही।

### डीएपी संकट के खिलाफ मीरगंज में कांग्रेस का प्रदर्शन



मीरगंज, अमृत विचार : जिले भर में डीएपी के भीषण संकट के खिलाफ कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को जोरदार प्रदर्शन कर जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी के नेतृत्व में मंडलायुक्त को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि डीएपी बांटने में बड़े पैमाने पर धांधली हो रही है। इस वजह से किसानों को बुवाई के लिए खाद नहीं मिल पा रही है। जिला उपाध्यक्ष इल्यास अंसारी ने कहा कि रबी की बुवाई के लिए किसानों को डीएपी की सख्त जरूरत है लेकिन समितियों पर लाइन लगाने के बाद भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इस दौरान प्रवक्ता पंडित राज शर्मा, जिला उपाध्यक्ष जुनैद हसन, पूर्व चेयरमैन इल्यास अंसारी, मुराद बेग, छेदालाल, जावेद अजहरी, शोएब फरीदी, नदीम अख्तर आदि भी मौजूद रहे।

### डीएपी ब्लैक करने पर दुकान निलंबित

बरेली, अमृत विचार : जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने अधिक मूल्य लेने पर मझगवां के गैनी में खाद की दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। समाजवादी मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष यशवीर सिंह यादव ने पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अनिल पटेल, प्रदेश सचिव यूथ ब्रिगेड नामी शरण यादव, युवजन सभा के अध्यक्ष दीपक यादव आदि ने जिला कृषि अधिकारी को 18 नवंबर को ज्ञापन दिया था। उसमें कहा कि था ब्लॉक मझगवां के गैनी में शिव सीमेंट एंड फर्टिलाइजर एजेंसी पर किसान से डीएपी का तय मूल्य से अधिक दाम लिया और किसान ने जब ऐसा करने पर एतराज जताया तो उसके साथ अभद्रता की। जिला कृषि अधिकारी ने संबंधित दुकानदार को नोटिस जारी कर सात दिन में जवाब मांगा था। संतोषजनक जवाब न मिलने पर गुरुवार को दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया।

# घर में मिला नशे की दवाओं का जखीरा

संवाददाता, सीबीगंज

**अमृत विचार :** औषधि विभाग की टीम ने बृहस्पतिवार शाम सीबीगंज के गांव तिलियापुर में मोहम्मद शहरोज के घर छापा मारकर नशीली दवाओं का जखीरा बरामद किया। गत्तों में पैक करीब एक लाख कीमत की नशीली दवाओं और करीब तीन लाख कीमत की दूसरी अवैध दवाओं को सीज कर आरोपी शहरोज को गिरफ्तार कर लिया गया है। औषधि निरीक्षक की ओर से थाना सीबीगंज में उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट और बीएनएस की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।


तिलियापुर में घर में दवाओं की जांच करती औषधि विभाग की टीम।

घर से नशीली दवाएं बेचे जाने की सूचना पर बृहस्पतिवार को औषधि निरीक्षक अनामिका अंकुर जैन और राजेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने सीबीगंज पुलिस के साथ तिलियापुर में मोहम्मद शहरोज के घर पर छापा मारा। टीम के मुताबिक घर में बड़े पैमाने पर अवैध और नशे के लिए इस्तेमाल होने वाली नारकोटिक दवाओं का स्टॉक पाया गया।

- **औषधि विभाग ने सीबीगंज के गांव तिलियापुर में छापा मारकर की बरामदगी**
- **दवाएं सीज कर आरोपी को गिरफ्तार किया, एनडीपीएस एक्ट के तहत केस**

आरोपी शहरोज के पास मेडिकल स्टोर का भी लाइसेंस नहीं पाया गया। औषधि निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि शहरोज दवाओं का अवैध स्टॉक रखकर उन्हें बेचता था। टीम ने दवाओं को सीज करने के साथ छह नमूने भी लिए हैं जिन्हें जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ भेजा जाएगा।

# बरेली की महिला की बच्ची को छीनकर ले जा रहे तस्करों को रामपुर पुलिस ने दबोचा

संवाददाता, बरेली/ रामपुर

**अमृत विचार :** बरेली की महिला से उसकी तीन साल की बच्ची को मानव तस्करों ने रामपुर के थाना स्वार थाना क्षेत्र के मिलक नौखरीद पुल के पास से छीन लिया। पुलिस ने तीन महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर बच्ची को बरामद कर लिया। गुरुवार को पुलिस ने चारों आरोपियों को जेल भेज दिया।

- **प्रेमनगर निवासी महिला से रामपुर के स्वार में छीनी थी बच्ची**

बरेली के प्रेमनगर के मोहल्ला मुरावपुरा निवासी ममता ने बताया कि उसका पति अजय बनवसा में प्राइवेट नौकरी करता है। 25 नवंबर को वह बच्चों के साथ पति के पास जा रही थी। रास्ते में वह स्वार क्षेत्र में नौखरीद पुल के पास सवारी का इंतजार कर रही थी। उसका एक वर्ष का बेटा गोद में था और तीन वर्ष की बेटी गौरी पास में खड़ी थी। इसी दौरान तीन महिलाएं और एक पुरुष उसके पास आया। आरोपियों ने उसकी बेटी को जमीन से उठा लिया और भाग गए। उसने बच्ची को तलाशने का प्रयास किया, लेकिन नहीं मिली। तब उसने थाना स्वार में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी।


पुलिस गिरफ्त में बच्ची को छीनकर ले जाने वाले आरोपी।

### मां ने जुटाए सुराग तब मिल सकी बेटी

बेटी की तलाश में ममता तीन दिन से भटक रही ममता को किसी ने बताया कि अपहरणकर्ता सीतारामपुर के किशनपुर का रहने वाला विशंभर सैनी और उसकी पत्नी जावित्री हैं। गिरोह में बिहार की दो महिलाएं भी शामिल हैं। ममता ने इसकी जानकारी स्वार पुलिस को दी। तब पुलिस हरकत में आई और विशंभर सैनी के घर पर दबिश दी और विशंभर सैनी, उसकी पत्नी जावित्री और बिहार के थाना पोर्निया के गांव जोगबन्नी की मुन्नी और संजू को गिरफ्तार किया। पुलिस ने चारों के कब्जे से बच्ची गौरी को भी बरामद कर लिया।

### मानव तस्करी करके बच्चों को बेचता है विशंभर

मानव तस्कर गिरोह का मुख्य आरोपी विशंभर सैनी और उसकी पत्नी जावित्री बच्चों के अपहरण करते हैं और बेच देते हैं। इनके साथ मुन्नी और संजू भी अकेली महिलाओं से उनके बच्चों को छीन लेती हैं। इसके अलावा युवकों की बिहार की युवतियों से शादी कराकर मोटी रकम वसूलते हैं। संजू का पति अजय और विशंभर सैनी एक ही गांव के रहने वाले हैं।

### 12वीं की छात्रा से की छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

**आंवला, अमृत विचार :** 12वीं की छात्रा के घर में रात के समय गांव का युवक घुस गया और उससे छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर आरोपी भाग निकला। छात्रा ने बताया कि उसके पिता की मौत हो चुकी है। वह समीपवर्ती गांव के एक कालेज में 12 वीं में पढ़ती है। उसके गांव का एक युवक उसके ऊपर गंदी नजर रखता है। 20 नवंबर की रात करीब 9 बजे वह उसके घर में घुस आया और उससे छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर वह फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी आकाश सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# सिर की हड्डी टूटने से हुई थी अमन नूर की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** सीबीगंज में ढाई साल की अमन नूर के शव का गुरुवार को पोस्टमार्टम हुआ, जिसमें सिर की हड्डी टूटने से मौत की पुष्टि हुई।

- **गुरुवार को बच्ची का कराया गया पोस्टमार्टम, मां पर छत से फेंककर हत्या का आरोप**

वीरपुर कासिमपुर निवासी मुर्शिद की पत्नी अनम ने बेटी अमन नूर को छत से फेंक कर मार डाला था। पुलिस ने आरोपी मां को मंगलवार को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया था। पुलिस ने बुधवार को जिलाधिकारी के आदेश पर बुधवार को शव कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। गुरुवार को पोस्टमार्टम हुआ। इस दौरान वीडियोग्राफी भी की गई। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस के शव परिजनों को शव सौंप दिया और परिजनों ने दोबारा से शव को दफन किया।

# मॉडल स्टडी के बाद अधूरे पुल का नए सिरे से होगा निर्माण

**बरेली, अमृत विचार :** फरीदपुर में अधूरे पुल से गिरकर कार सवार तीन लोगों की मौत के बाद अब इस पुल को पूरा करने की कवायद शुरू हो गई है। बृहस्पतिवार को चीफ इंजीनियर अजय कुमार ने अभियंताओं के साथ पुल का निरीक्षण कर जायजा लिया कि पुल पर दोबारा कोई दुर्घटना रोकने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं या नहीं।

चीफ इंजीनियर ने अधूरे पुल का निर्माण पूरा कराने की संभावनाएं परखने के लिए प्रारंभिक तौर पर तकनीकी आंकलन किया लेकिन निष्कर्ष निकला कि मॉडल स्टडी के बाद पुल का निर्माण कराया जाना संभव होगा। चीफ इंजीनियर ने बताया कि नदी का रुख अभी उसी तरफ है, जिस तरफ कटान हुआ है। इसलिए आंकलन किया जा रहा है कि पुल को सुरक्षित रखने के लिए कितने और पिलर बनाने के साथ उसकी लंबाई कितनी बढ़ानी होगी।

# केनरा बैंक के कर्मचारियों पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** केनरा बैंक की संजयनगर शाखा के कर्मचारियों ने महिला व्यापारी का लोन पास होने के बाद उसकी अनुमति के बिना रकम अपने चहेतों के खाते में ट्रांसफर कर दी। बैंक अधिकारियों से शिकायत के बाद भी हल नहीं निकला तो व्यापारी ने एसएसपी को शिकायती पत्र दिया। एसएसपी के निर्देश पर थाना बारादरी पुलिस ने बैंक कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

- **महिला व्यापारी ने संजयनगर शाखा में लोन के लिए किया था आवेदन**
- **कर्मचारियों ने मिलीभगत करके लोन पास कर 15 लाख दूसरे खातों में भेजे**

गोपालनगर निवासी एएन फूड प्रोडक्ट्स की मालकिन आरती गुप्ता के मुताबिक उन्होंने वर्ष 2022 में केनरा बैंक की शाखा संजयनगर में व्यापार लोन के लिए आवेदन किया था। बैंक अधिकारियों ने बताया कि एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय) का खाता और व्यापार के लिए नया खाता खुलवाना होगा। बैंक कर्मियों के कहने पर उन्होंने खाता खुलवा दिया। इसके बाद उन्हें बिना बताए एमएसएमई खाते में पांच लाख और व्यापार खाते में 10 लाख रुपये भेज दिए। इसके बाद बैंक कर्मियों ने मिलीभगत करके 17 मई 2022 को उनके खाते से 1.38 लाख रुपये एमएस बीके इंटरप्राइजेज और 20 मई को पांच लाख रुपये दूसरे खाते में भेज दिए।

उनके दोनों खातों से 15 लाख रुपये दूसरों के खातों में भेज दिए। शिकायत करने पर बैंक कर्मियों ने खाता समायोजित कर धनराशि वापस करने का आश्वासन दिया लेकिन नहीं किया और ब्याज वसूलते रहे। इस पर उन्होंने बैंक में शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई तो एसएसपी से मामले की शिकायत की तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

डॉ. अमित कुमार कुशवाहा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (चेस्ट स्पेशलिस्ट)
श्वांस, दमा, टी.बी., फेफड़ों के कैंसर, खर्राटों की जांच व इलाज की सुविधा एवं अन्य छाती की बीमारियों के विशेषज्ञ
जन आरोग्य क्लीनिक
बन्नू बाल नगर, पीलीभीत रोड बरेली, निकट शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल
9411477351
समय : - दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक
सोमवार, बुद्धवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार
पीलीभीत क्लीनिक
गौहनिया चौराहा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत।
8191813757
समय : - सुबह 10 से शाम 5 बजे तक
मंगलवार, शनिवार

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माइग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें-
7417389433, 7017678157

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।
संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

PRIME HOSPITAL
प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरी चैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
डॉ. मिनहाज अली खान
एम.डी.
मेडिसिन विभाग
सर्जरी विभाग
स्त्री एवं प्रसूति विभाग
मानसिक रोग विभाग
हड्डी रोग विभाग
न्यूरो विभाग
बाल रोग विभाग
ICU NICU वेन्टीलेटर युक्त
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
7302532226
9758044442

## अतिक्रमण हटवाने और पार्किंग व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** सीडीओ जग प्रवेश ने गुरुवार को विकास भवन सभागार में आयोजित व्यापार बंधु की बैठक में बाजार में पार्किंग व्यवस्था सुधारने के निर्देश एसपी यातायात को दिए। बैठक में व्यापारियों ने बताया कि बाजार में आने वाले लोगों को गाड़ी पार्क करने में समस्याएं होती हैं। बताया कि कुतुबखाना सब्जी मंडी में अतिक्रमण के कारण निकलने में दिक्कत होती है। इसपर सीडीओ ने अपर नगर आयुक्त को निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह, अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार, पुलिस अधीक्षक यातायात सहित व्यापारी मौजूद रहे।

## शिविर में बनाए बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड

**बरेली, अमृत विचार :** वार्ड 23 के पार्षद सतीश चंद्र कातिब मम्मा के कैंप कार्यालय इंद्रा नगर में बृहस्पतिवार को 70 वर्ष से अधिक की आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। पार्षद ने बताया कि उनका प्रयास है कि अधिक से अधिक बुजुर्गों के कार्ड बनें ताकि उन्हें चिकित्सीय सुविधाएं मिल सकें। पवन राययादा, पवन अरोड़ा, एस शर्मा, अनिल गुप्ता, हरिशंकर, राजीव मोहन, उपेंद्र मोहन, आशीष शर्मा, पूर्व पार्षद माया सक्सेना, रुचि शर्मा, हिरदेश सक्सेना, सुरेंद्र गंभीर, राजीव गुप्ता मौजूद रहे।

# सड़कों पर लगवाएं संकेतक और लाइट ताकि कोहरे में हादसे न हों

## जिलाधिकारी ने बैठक में पीडब्ल्यूडी के अफसरों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने पीडब्ल्यूडी के अफसरों को एक सप्ताह में सड़कों के सुरक्षा मानकों को पूरा कर संकेतक और लाइट लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क बनाने वाली कार्यदायी संस्थाओं को पत्र भेजकर बताएं कि ठंड और कोहरे में सड़कों पर पर्याप्त सुरक्षा मानकों और संकेतकों के अभाव में दुर्घटनाएं होती हैं।

विकास भवन सभागार में बृहस्पतिवार को विकास एवं राजस्व विभाग की कम प्रगति वाले विभागों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने पूर्व से चिह्नित ब्लैक स्पॉट्स में भी सुरक्षात्मक उपाय अपनाएं और उसकी रिपोर्टिंग भी करें। यदि एक सप्ताह में कार्य कराने के बाद रिपोर्ट नहीं दी जाती है तो व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने एआरटीओ को निर्देश दिये कि स्कूल बसों को सुरक्षा मानकों के बिना न चलने दें। गन्ने के ओवर लोडेड ट्रक, ट्रैक्टर-ट्राली आदि पर भी पुलिस के साथ मिलकर कार्रवाई करें। एआरएम रोडवेज से कहा कि सेटेलाइट बस स्टैंड के पुनरोद्धार के कार्य के लिए डिजाइनिंग का प्रजेंटेशन कराएं और यह सुनिश्चित करें कि कम समय के लिए ट्रैफिक बाधित हो।


विकास भवन सभागार में अफसरों की बैठक लेते जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार।

### गोवंशीय पशुओं के ठंड से बचाव के 24 घंटे में करें इंतजाम

उन्होंने संबंधित अफसरों को गोवंशीय पशुओं को ठंड से बचाव की आवश्यक व्यवस्थाएं 24 घंटे में करने और गोशालाओं में विद्युत कनेक्शन कराने के सख्त निर्देश दिए। इसके अलावा मंडलायुक्त की ओर से कराए गए चिकित्सालयों के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले 32 चिकित्सकों का वेतन रोकने, स्पष्टीकरण लेने और चेतावनी देने के निर्देश दिये हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विश्राम सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन दिनेश, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिगजैग चिमनी न हो तो ईट-भट्ठों को सीज करें

डीएम ने निर्देश दिये कि सरकारी निर्माण कार्यों की एनओसी, अग्नि सुरक्षा, प्रदूषण, विद्युत सुरक्षा संबंधी विभाग लंबित न रखें। यदि कोई कमी हो तो लिखित रूप से संबंधित विभाग को उपलब्ध करायें। बैठक में खनन अधिकारी को निर्देश दिये कि जो ईंट-भट्ठे जिगजैग पैटर्न में चिमनी को परिवर्तित नहीं कर रहे हैं उन्हें नोटिस देकर सीज कराएं।

## दो सौ मीटर दौड़ में खूशबू ने प्राप्त किया पहला स्थान

**मीरगंज, अमृत विचार :** राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज में हुई ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग दो सौ मीटर दौड़ में खुशबू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि विधायक डीसी वर्मा ने कहा कि खेल से बालक का मन और तन दोनों स्वस्थ रहते हैं। अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र गंगवार, ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार, बीईओ राजेश कुमार, राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, अरविंद उपाध्याय, भगवान सिंह गंगवार आदि मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) - गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) - गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) - पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- - घबराहट - छाती में दर्द या भारीपन - सांस फूलना - पैरों में सूजन - हाई ब्लडप्रेशर - हाई कोलेस्ट्रोल - डाइबिटीज (शुगर) - सीने या पेट में जलन या दर्द - हार्ट अटैक - हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- - वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU - प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल - नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज - पीलिया - दिमागी बुखार, - मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

## सार संक्षेप

### लंबित राशन कार्ड जल्द बनाएं : जिलाधिकारी

**बरेली, अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित जिला पूर्ति कार्यालय में गुरुवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने सिटी मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला के साथ औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पोर्टल पर नए राशन कार्डों के आवेदन देखे तो कई लंबित मिले। उन्होंने डीएसओ को नए राशन कार्डों का रजिस्टर अलग बनाने और लंबित कार्डों को जल्द बनाने के निर्देश दिए। डीएसओ नीरज सिंह ने बताया कि एक माह में 45 राशनकार्ड लंबित हैं। कार्यालय के भवन की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। उपस्थिति रजिस्टर चेक करने पर दो लोग अनुपस्थित मिले लेकिन बाद में पता चला कि वह छुट्टी पर हैं। अचानक अधिकारियों के पहुंचने से कुछ देर के लिए रास्ता भी ब्लॉक हो गया।

### व्यापारियों ने देखी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट'



**बरेली, अमृत विचार :** विधायक संजीव अग्रवाल ने गुरुवार को सिनेमा हाल में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी और व्यापारियों के साथ द साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखी। इससे पहले विधायक ने नारियल फोड़कर सिनेमा हाल में प्रवेश किया। प्रांतीय महामंत्री राजेन्द्र गुप्ता ने बताया कि फिल्म के जरिए बड़े सच को देशवासियों के समक्ष उजागर किया गया है। फिल्म देखने वालों में प्रांतीय संयुक्त महामंत्री राजेश जसोरिया, दुर्गेश खटवानी, भाजपा नेता पुष्पेंद्र शर्मा, डॉ. सीपीएस चौहान, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मयंक, शिरीष गुप्ता, रचित जायसवाल, मुकुल मित्तल, अनुज पांडे आदि शामिल रहे।

### पुरुष नसबंदी बढ़ाने के निर्देश दिए



**बरेली, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में गुरुवार को सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने पुरुष नसबंदी पखवाड़े की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि परिवार नियोजन के साधन अपनाने से बच्चों का ठीक ढंग से पालन पोषण होता है। इस दौरान पुरुष नसबंदी बढ़ाने के निर्देश दिए गए। लोगों को शपथ भी दिलाई गई। सीएमओ ने बताया कि शासन के आदेश पर 4 दिसंबर तक पखवाड़े के तहत जागरूकता शिविर, सास-बहू और बेटा सम्मेलन समेत कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद, डिप्टी सीएमओ डॉ. अमित, एआरओ एपीएस गंगवार आदि मौजूद रहे।

### यातायात नियमों का पालन करने की दिलाई शपथ



**बरेली, अमृत विचार :** यातायात माह के तहत एंटी क्राइम एंटी करप्शन की ओर से गुरुवार को बुशरा कान्वेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज में गोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य मोहम्मद अनीस ने एसपी ट्रैफिक, टीआई मनीष शर्मा और एंटी क्राइम एंटी करप्शन के प्रदेश अध्यक्ष कमल जीत सिंह को शाल ओढ़ाकर कर स्वागत किया। कमल जीत सिंह ने यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। संचालन खलील कादरी ने किया। जमीला नसरीन, टीएसआई लखमी चंद, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### महिलाओं को हेल्पलाइन संबंधी जानकारी दी

**बरेली, अमृत विचार :** मिशन शक्ति फेज पांच के तहत गुरुवार को 13 थानों की महिला पुलिस कर्मियों की टीमों ने गांवों में भ्रमण कर छात्राओं और महिलाओं को हेल्पलाइन संबंधी जानकारी दी। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि पुलिस टीमों ने महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 आदि के बारे में विस्तार से बताया। इज्जतनगर, कोतवाली, क्योलड़ियां, देवरनिया, फतेहगंज पश्चिमी, बहेड़ी, भोजीपुरा, मीरगंज, शाही, शेरगढ़, सिरौली, सीबीगंज और महिला थाना की पुलिस टीम ने अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं को जागरूक किया।

## सार-संक्षेप

### स्कूल में उत्सव के नाम पर उगाही करने का आरोप



बरेली, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हैदर अली ने प्राइवेट स्कूलों पर अभिभावकों से मनमानी फीस वसूलने का आरोप लगाया है। गुरुवार को इस संबंध में उन्होंने कलेक्ट्रेट में एसीएम द्वितीय को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि निजी स्कूल छात्रों और अभिभावकों का शोषण कर रहे हैं। आरोप लगाया कि लेट फीस के कारण बच्चों को परीक्षा में नहीं बिठाया जा रहा है। इससे बच्चों के शिक्षा के अधिकार का हनन हो रहा है। बताया कि प्रेम नगर स्थित एक स्कूल में शिक्षिका की ओर से वार्षिक उत्सव के नाम पर बच्चों से पैसा मंगाया जा रहा है। कहा कि ड्रेस, किताबों पर कमीशन का खेल खूब चलता है। उन्होंने मामले की जांच कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान हकीम आहिद, अक्षय मेसी, राशिद खान,अमित कुमार, सदाकत मुन्ना, बाबर, रचित शर्मा, सैय्यद फैज, विष्णु आदि मौजूद रहे।

### सृजन वेलफेयर ने जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े



बरेली, अमृत विचार : सृजन वेलफेयर सोसाइटी ने गुरुवार सुबह शील चौराहे पर मजदूरों और जरूरतमंदों को गर्म कपड़ों का वितरण किया। उपाध्यक्ष रविंद्र शर्मा ने बताया कि करीब दो सौ जरूरतमंदों को गर्म कपड़े बांटे गए। जरूरतमंदों ने संस्था से दोबारा शिविर लगाने की मांग की है। मीडिया प्रभारी अमित गौड़ ने सदस्यों का आभार जताया। डॉ. दीक्षा सक्सेना, अमित गौड़, रविंद्र शर्मा, दीपक शर्मा, हरीश गंगवार, राजीव सक्सेना, विजय कुमार, राहुल सिंह, चंद्र मोहन आदि मौजूद रहे।

### निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करने का दिया संदेश



बरेली, अमृत विचार : बिशप मंडल इंटर कॉलेज के मैदान में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड की जिला संस्था की तीन दिवसीय जनपदीय स्काउट गाइड रैली का बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने स्काउट गाइड के झंडे का रोहण कर परेड की सलामी भी ली।

उन्होंने जिले के 40 माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा के विद्यालयों से आए हुए स्काउट गाइड को आपसी सद्भाव के साथ रहने और समर्पित, निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड के सदस्य समाज सेवा में भी बढ़-चढ़कर योगदान दे रहे हैं। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह को निर्देश दिए कि तीन दिवस तक चलने वाले इस कार्यक्रम में बच्चों की सुरक्षा, खानपान आदि की व्यवस्था रखें। स्कूली बच्चियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार, विद्यालयों के प्रधानाचार्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### डीएम ने जिला प्रोबेशन कार्यालय का निरीक्षण किया

बरेली, अमृत विचार : जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने गुरुवार सुबह कलेक्ट्रेट स्थित जिला प्रोबेशन कार्यालय का निरीक्षण किया। कंप्यूटर ऑपरेटर से सावित्री, भगवती और अनीसा की विधवा पेंशन आवेदन की स्थिति भी चेक कराई। निरस्त आवेदन के बारे में जानकारी ली। जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिए कि जिन आवेदनकर्ताओं के आवेदन निरस्त हो गए हैं, उन्हें निरस्तीकरण के कारणों बताते हुए पुनः आवेदन कराएं। विधवा पेंशन आवेदन का नया रजिस्टर बनाएं, जिसमें आवेदक का मोबाइल नंबर, आवेदन के निस्तारण की स्थिति भी अंकित करें। उन्होंने प्रतिदिन आने वाले शिकायतकर्ताओं के रजिस्टर को भी देखा। नगर मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला, जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा आदि उपस्थित रहे।

### पीएमएफएमई योजना के तहत विभाग ने मांगे आवेदन

बरेली, अमृत विचार : प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के तहत सरकार खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित उद्योगों के लिए अनुदान दे रही है। विभाग ने योजना का लाभ उठाने के लिए लोगों से आवेदन मांगे हैं। जिला उद्यान अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि योजना में गुड़, दुग्ध, अनाज, फल- सब्जी, मांस प्रसंस्करण, बेकरी, तिलहन, मसाले, लघु वन उपज आधारित प्रसंस्करण शामिल हैं। इन उद्योगों के विस्तार या नई इकाइयों की स्थापना के लिए सरकार 35 फीसदी क्रेडिट लिंक्ड अनुदान देती है, जो अधिकतम 10 लाख तक हो सकता है। इसके लिए परियोजना के तकनीकी सिविल कार्य का खर्च 30 फीसदी से अधिक नहीं होना चाहिए। लाभार्थी का योगदान परियोजना लागत का कम से कम 10 फीसदी होना चाहिए। योजना में आवेदन करने के लिए व्यक्तिगत उद्यमी, प्रोपराइटरशिप फर्म, साझेदारी फर्म, एफपीओ, एनजीओ, स्वयं सहायता समूह, सहकारी समितियां और प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां पात्र हैं। आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। योजना के संबंध में जानकारी के लिए कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है।

### ईपीएफओ उत्तरी अंचल की वालीबॉल प्रतियोगिता आज से

बरेली, अमृत विचार : कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के क्षेत्रीय कार्यालय बरेली की ओर से उत्तरी अंचल वालीबॉल और बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 29 से 30 नवंबर तक रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के प्रांगण में होगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त उदय बख्शी करेंगे। क्षेत्रीय आयुक्त अनिल कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में यूपी, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और उत्तराखंड से कुल 87 कर्मचारी भाग लेंगे। इसके अलावा क्षेत्रीय कार्यालय बरेली में एक विशेष "अनुभूति केंद्र" का आरंभ 29 नवंबर को किया जाएगा। यह केंद्र कर्मचारियों और अंशधारकों को उनकी भविष्य निधि सेवाओं के बारे में मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करेगा।

# केशलता स्कूल के शिक्षकों ने सीबीएसई की बारीकियों को समझा

## 12 वीं तक की सीबीएसई संबद्धता होने पर दो दिवसीय गुरु दक्षता प्रशिक्षण में पोर्टल और मूल्यांकन संबंधी जानकारी दी गई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सीबीएसई की ओर से केशलता इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय गुरु दक्षता प्रशिक्षण का आयोजन हुआ, जिसमें शिक्षकों ने सीबीएसई की बारीकियों को समझा।

गुरुवार को प्रशिक्षण में सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन एवं बेदी इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य जसवीर कौर साहनी ने शिक्षकों को सीबीएसई के पोर्टल से जुड़ी बारीकियां बताईं। साथ ही शिक्षकों को कॉपियों का मूल्यांकन, करिकुलम आदि का प्रशिक्षण भी दिया।

सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन, कॉर्डिनेटर एवं डीपीएस के प्रधानाचार्य वीके मिश्रा ने बताया कि जब भी किसी स्कूल को सीबीएसई से संबद्धता मिलती है तो संबंधित स्कूल के शिक्षकों यह प्रशिक्षण दिया जाता है। सीबीएसई से केशलता इंटरनेशनल स्कूल को 12 वीं तक की संबद्धता मिल गई है। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन डॉ. केशव अग्रवाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्टाफ को बधाई दी। साथ ही बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने पर जोर दिया। प्रबंध निदेशिका डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टकोण के साथ बच्चों के भावनात्मक पहलू को भी निखारें। प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने कहा कि वर्तमान में नई शिक्षा नीति के तहत हमें छात्रों को सिखाने की जरूरत है। इस दौरान दीपू भंडारी, नगमा सुहेल, सबीना, शिवानी, सुमित शर्मा आदि मौजूद रहे।



केशलता इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित प्रशिक्षण में मौजूद रिसोर्स पर्सन और शिक्षक।

- प्रशिक्षण के तहत आयोजित होंगे आठ सेशन



वर्तमान में चाइल्ड सेंट्रिक एजुकेशन का समय है। इसलिए रटन विद्या पर नहीं लर्निंग बाय डूइंग पर ध्यान केंद्रित होना चाहिए। विद्यालय की यही मंशा है कि छात्रों को अधिक से अधिक प्रैक्टिकल ज्ञान दिया जाए। इस प्रशिक्षण में शिक्षकों ने कई चीजें सीखीं। नई शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षक छात्रों के लिए फैसीलिटेटर का कार्य करते हैं।

**नरेंद्र शर्मा, प्रधानाचार्य**, केशलता इंटरनेशनल स्कूल



इस प्रशिक्षण के तहत दो रिसोर्स पर्सन शिक्षकों के आठ सेशन लेंगे। शिक्षकों की 12 घंटे की ट्रेनिंग पूरी हो चुकी है। यह प्रशिक्षण सीबीएसई से जुड़े शिक्षकों के लिए जरूरी होता है, जिससे समय-समय पर शिक्षक स्वयं को नई जानकारी से अपडेट करते रहते हैं।

**-वीके मिश्रा**, सीबीएसई कॉर्डिनेटर एवं रिसोर्स पर्सन



सीबीएसई छात्रों एवं शिक्षकों के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग सेल भी चलाती है। टेली कम्युनिकेशन के माध्यम से दोनों की काउंसलिंग होती है। सीबीएसई स्किल ट्रेनिंग के 6 से 12 सबजेक्ट दे रहा है, जिससे छात्रों के लिए भविष्य में रोजगार के अवसर कम न रहें। साथ ही हब्स ऑफ स्कूल का भी प्रोत्साहन करता है।

**-जसवीर कौर साहनी**, सीबीएसई रिसोर्स पर्सन

# जेएसएच कॉलेज बना ओवरऑल चैंपियन

## 49 वीं अंतर महाविद्यालयी एथलीट प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में शाहजहांपुर की टीम विजेता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 49वीं अंतर महाविद्यालयी एथलीट प्रतियोगिता का जेएसएच कॉलेज अमरोहा 61 अंक हासिल कर ओवरऑल चैंपियन बना। पुरुष वर्ग में एसएस कॉलेज शाहजहांपुर ने 51 अंक और महिला वर्ग की 37 अंक प्राप्त कर जेएसएच कॉलेज अमरोहा ने टीम चैंपियनशिप की ट्रॉफी हासिल की।

मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज चंदौसी की स्वातिपाल को महिला वर्ग की और राम सिंह को पुरुष वर्ग की व्यक्तिगत चैंपियन ट्रॉफी दी गई। मुख्य अतिथि कुलसचिव संजीव कुमार, वित्त अधिकारी विनोद कुमार, प्रो. पीबी सिंह, डॉ. अमित सिंह, उप कुलसचिव सुनीता यादव आदि ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। क्रीड़ा सचिव डॉ. आलोक श्रीवास्तव ने आभार जताया। तपन वर्मा, जहीर अहमद, सुधांशु शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, जेएस द्विवेदी, धर्मेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।



रुहेलखंड विश्वविद्यालय स्थित स्टेडियम में चार सौ मीटर दौड़ में भाग लेते खिलाड़ी। • अमृत विचार

### मैराथन में स्वाति और रोहित बने विजेता

प्रतियोगिता के अंतिम दिन गुरुवार को मैराथन के महिला वर्ग में मॉडल कॉलेज चंदौसी की स्वातिपाल और पुरुष में वर्धमान कॉलेज बिजनौर के रोहित कुमार विजेता रहे। 15 सौ मीटर दौड़ के महिला वर्ग में राजकीय महाविद्यालय फरीदपुर की ललिता और पुरुष में मॉडल कॉलेज चंदौसी के राम सिंह, हैमर थ्रो के पुरुष वर्ग में जेएस अमरोहा के हरविंद्र और महिला में लक्ष्मी, 400 मीटर दौड़ के पुरुष वर्ग में रितिक चौधरी और महिला में मनीषा, 100 मीटर दौड़ के महिला वर्ग में तनीषा चौधरी और पुरुष में निशांत विजेता बने।



ट्रॉफी के साथ जेएसएच कॉलेज अमरोहा की टीम। • अमृत विचार

# प्रवेश का अंतिम मौका, रजिस्टर्ड छात्रों की 30 तक होगी सीट लॉक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रुविवि ने परीक्षा फार्म भरने में विद्यार्थियों को हो रही परेशानी की वजह से लिया निर्णय

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए रजिस्टर्ड छात्रों की सीट लॉक करने का अंतिम मौका दिया है। महाविद्यालयों को 30 नवंबर तक छात्रों की सीट लॉक करनी होगी। सीट लॉक नहीं होने की वजह से प्रवेशित छात्रों के परीक्षा फार्म नहीं भर पा रहे थे, जबकि स्नातक की 4 दिसंबर से परीक्षा शुरू होने वाली है। इस सत्र में करीब दो लाख 90 हजार विद्यार्थियों के प्रवेश हुए हैं।

कुलसचिव संजीव कुमार के मुताबकि विश्वविद्यालय परिसर और संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश परीक्षा से होने वाले प्रवेशों को छोड़कर स्नातक, परास्नातक, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट के तहत ऑनलाइन प्रवेश 23 सितंबर तक हुए लेकिन कई महाविद्यालयों और विद्यार्थियों ने बताया कि तकनीकी कमी की वजह से उनका प्रवेश विश्वविद्यालय के पोर्टल पर नहीं हो सका। इसकी वजह से वह परीक्षा फार्म नहीं भर पा रहे हैं। सेमेस्टर प्रक्रिया के तहत विश्वविद्यालय को बिना सत्र देर किए परीक्षाएं समय पर करानी हैं। ऐसे में विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए अंतिम मौका दिया जाता है। उन्होंने परिसर के सभी संकायाध्यक्षों एवं विभागाध्यक्षों और संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश दिए कि पूर्व में पंजीकृत और वर्तमान में पंजीकृत विद्यार्थियों के प्रवेश 30 नवंबर शाम 6 बजे तक सुनिश्चित करें।

### दिव्यांगजन रैली का आयोजन 3 दिसंबर को होगा

बरेली, अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांजन दिवस के उपलक्ष्य में डेफ एसोसिएशन की ओर से 3 दिसंबर को दिव्यांगजन रैली का आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन के अदनान खान ने बताया कि रैली में दिव्यांगजन और मूकबधिर भाग ले सकते हैं। रैली के जरिये दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। उनकी समस्याओं को अफसरों के सामने रखा जाएगा।

# एसआरएमएस को 17 रन से हराकर स्टेडियम ने ट्रॉफी जीती



ट्राफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी। • अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : स्पोर्ट्स स्टेडियम में गुरुवार को जिला स्तरीय पंडित दीनदयाल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में स्टेडियम की टीम ने एसआरएमएस को 17 रनों से हरा कर ट्रॉफी पर कब्जा किया।

एसआरएमएस ने टॉस जीतकर स्टेडियम को पहले बल्लेबाजी करने का मौका दिया। स्टेडियम की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 119 रन बनाये। आदित्य ने 43 और कप्तान कुशाग्र ने 25 रन बनाए। एसआरएमएस के संकेत ने तीन और शानू ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एसआरएमएस की टीम 17.4 ओवर में 102 रन ही बना सकी। अजीत ने 18 और आदित्य यादव ने 15 रन बनाए। स्टेडियम के कैफ ने चार, विवान गंगवार ने दो और कप्तान कुशाग्र ने दो विकेट लिए। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ. शशांक और विशिष्ट अतिथि उपखंड अधिकारी शिवम पटेल रहे। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेन्द्र यादव ने टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार असद को दिया। सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज अंशुमन, बल्लेबाज सुमित और क्षेत्ररक्षक कुशाग्र चुने गए। इस दौरान मो. कमर, सलमान अली, नाजिम अली, विपिन कुमार, अब्दुल जीशन, अमित कुमार, बंटी मौर्या आदि उपस्थित रहे।

# राजकीय उद्यान में किसान गोष्ठी और मेला आज

बरेली, अमृत विचार : उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत किसान मेला और गोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को सुबह 9:30 बजे से डीडीपुरम स्थित राजकीय उद्यान में किया जाएगा। इसमें किसानों को औद्यानिक फसलों के उत्पादन में वृद्धि के लिए तकनीकी जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा कृषि निवेशों की उपलब्धता, सिंचाई व्यवस्था और उत्पादकता बढ़ाने के प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। वैज्ञानिक किसानों की समस्याओं का समाधान भी करेंगे। इसमें कृषि, उद्यान, मतस्य, गन्ना, पशुपालन, सहकारिता, रेशम और स्व रोजगार से जुड़े विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभागों के स्टॉल लगेंगे। जिला उद्यान अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों से परिचित कराना है।

# जीत कर भी फाइनल में नहीं पहुंच सकीं मेथोडिस्ट और फ्यूचर की टीमें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : आईवीआरआई में जिला फुटबॉल लीग में गुरुवार को अंतिम दो मैच खेले गए। दोनों मैचों में जीतने वाली टीमें फ्यूचर और मेथोडिस्ट सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सकीं। पूल ए में स्टेडियम और यूथ एफसी 12 अंकों के साथ टॉप पर रहीं। वहीं पूल बी में झुमका सिटी और यूथ एफसी टॉप पर रहीं। शनिवार को पहला सेमीफाइनल फुटबॉल बनाम यूथ एफसी और दूसरा झुमका सिटी और अननोन एफसी के बीच होगा।

गुरुवार को पहला मैच फ्यूचर और कैंट एफसी के बीच खेला गया। जिसमें फ्यूचर के आकाश ने 17 वें मिनट में पहला गोल किया। इसके बाद 22वें, 33वें और 42वें मिनट में गोल कर टीम को 4-0 से जीत दिला दी। दूसरा मैच मेथोडिस्ट और आईवीआरआई के बीच खेला गया। शुरुआत में आईवीआरआई के खिलाड़ियों को गोल करने के अच्छे मौके मिले लेकिन नहीं कर सके। वहीं मेथोडिस्ट के उज्ज्वल 24 वें, हर्षित ने 51 वें और मयंक ने 59 वें मिनट में गोल कर 3-0 से जीत दिला दी। लीग मैचों में पूल ए की एमईएस और पूल बी की आईवीआरआई एक भी गोल नहीं कर सकीं। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि चंद्र कुमार, देवेंद्र, आदर्श, रेफ्री डेविड, पुनीत, महेश, मानवेंद्र, संजीत, धीरज आदि उपस्थित रहे।



आईवीआरआई के मैदान पर मैच में गोल करने की कोशिश करते खिलाड़ी।

- फुटबाल बनाम यूथ एफसी और झुमका सिटी बनाम अननोन एफसी के सेमीफाइनल कल

# अर्बन कोऑपरेटिव बैंक और एलआईसी में खुला रोजगार का विकल्प

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली कॉलेज में बैंकिंग एवं बीमा क्षेत्र में नौकरी की संभावना पर हुई कार्यशाला
- अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष और एलआईसी के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक पहुंचे

अमृत विचार : 20 वर्षों में बैंकिंग क्षेत्र में अत्यधिक परिवर्तन आया है, आज प्रत्येक घर का एक व्यक्ति कहीं न कहीं बैंक से जुड़ा हुआ है, इसलिए यदि बैंक में रोजगार पाना है तो स्वयं को तकनीकी के साथ अपडेट करना होगा। वर्तमान परिवेश में नियो बैंक का कॉन्सेप्ट बैंकिंग क्षेत्र में आया है, जहां सब कुछ डिजिटल होगा और भौतिक रूप से बैंक शाखाएं मौजूद नहीं होंगी, सब कुछ डिजिटल युग में चलेगा, बैंकों को साइबर सिक्योरिटी, योनो, यूपीआई, क्यूआर सेक्टर में दक्ष युवाओं की जरूरत है, इसलिए बैंकिंग क्षेत्र में नौकरी तलाशने से पहले खुद को डिजिटलाइजेशन में भी प्रशिक्षित करना पड़ेगा।

ये बातें गुरुवार को अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार ने बरेली कॉलेज में बैंकिंग एवं बीमा क्षेत्र में नौकरी की संभावना विषय पर आयोजित कार्यशाला में कहीं। उन्होंने कहा कि अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की प्रदेश व अन्य राज्यों में लगभग 15 से अधिक शाखाएं हैं, जो बहुत शीघ्र ही नियुक्तियां करने जा रही हैं, इसलिए बरेली कॉलेज के वे सभी छात्र-छात्राएं, जो बैंकों में नौकरी के लिए प्रयासरत हैं, वे निर्धारित योग्यता को पूरी कर अर्बन कोऑपरेटिव बैंक का हिस्सा बन सकते हैं। इससे पहले कार्यशाला की शुरुआत दीप जलाकर की गई। पहले सत्र की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने की।

द्वितीय सत्र में भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक मनोज कुमार प्रभाकर ने कहा कि एलआईसी बरेली कॉलेज और जिले में अध्ययन कर रहे हैं युवाओं को लर्न विद अर्न के कॉन्सेप्ट पर बीमा अभिकर्ता के रूप में रोजगार देने के लिए तैयार है। शीघ्र ही कॉलेज प्लेसमेंट सेल के प्रस्ताव पर यहां इच्छुक युवाओं का अभिकर्ता के चयन के लिए साक्षात्कार किया जाएगा। दिसंबर में सरकार की ओर से बीमा सखी के रूप में नियुक्तियां की जानी हैं। छात्राएं इस योजना का लाभ उठाकर पढ़ाई के साथ नौकरी भी कर सकती हैं। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता जंतु विज्ञान विभाग के प्रो. डॉ. राजेंद्र सिंह ने की।

तृतीय सत्र में भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक स्वदेश श्रीवास्तव ने बताया है कि स्टेट बैंक में युवा परीक्षा के माध्यम से विशेषज्ञ अधिकारी के पद की नियुक्ति के लिए प्रयास कर सकते हैं। इसमें रिस्क मैनेजर, एनालिस्ट, विधि अधिकारी के पद भी होते हैं। तृतीय सत्र की अध्यक्षता एसोसिएट प्रो. पूनम सिंह ने की। सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। संचालन प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ. राजीव यादव ने किया। कार्यशाला में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

चीफ प्रॉक्टर प्रो.आलोक खरे, करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के सदस्य प्रो.क्षमा द्विवेदी, प्रो. नीलम गुप्ता, डॉ.रितेश चौरसिया, डॉ.अरविंद गंगवार, डॉ. नीरज मलिक, डॉ. संजय कुमार, डॉ. राहुल मिश्रा, डॉ. विनय, डॉ. आलोक राज सिंह, डॉ. निरुपम शर्मा, डॉ. अलका राठौर, डॉ. अंकुर श्रीवास्तव, शशांक, विकास शर्मा, सचिन कुमार, अनमोल शंखधार, वीपी सिंह, नवनीत, हेमंत, अभिषेक, सुधांशु पांडे, विजय पाल, सोम राठौर, विष्णु शर्मा आदि मौजूद रहे।



कार्यशाला में बोलतीं अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार।

# फुटबॉलः गुरु गोविंद सिंह कॉलेज ने स्टेडियम ब्वॉयज को हराकर ट्रॉफी जीती



ट्राफी के साथ खिलाड़ी, साथ में मौजूद अतिथि। • अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : स्पोर्ट्स स्टेडियम में गुरुवार को जिला स्तरीय पंडित दीनदयाल फुटबाल प्रतियोगिता गुरु गोविंद सिंह इंटर कॉलेज ने स्टेडियम ब्वॉयज को 2-0 से हराकर जीत ली। इससे पहले दूसरा सेमीफाइनल स्पोर्ट्स स्टेडियम ब्वॉयज बनाम आर्मी पब्लिक स्कूल बी टीम के बीच खेला गया। कड़े मुकाबले की वजह से दोनों टीमें अंत तक एक भी गोल नहीं कर सकीं और टाईब्रेकर का सहारा लिया गया। जिसमें स्पोर्ट्स स्टेडियम ब्वॉयज ने 4-3 से आर्मी पब्लिक स्कूल बी को हरा दिया। इससे पहले मैच की शुरुआत जिला फुटबॉल संघ के सचिव मून रॉबिनसन ने की। मैच में निर्णायक की भूमिका चंदू राजभर, चंद कुमार यादव, अर्पित कुमार, श्यामू, संजीत जायसवाल और धीरज रहे। इस दौरान आरएसओ जितेन्द्र यादव, आशु भारती, राजेश यादव, अमित कुमार यादव, नितेश भारद्वाज, आदर्श मोहन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

डॉ. एम. अहमद (BUMS)

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693 9837338306



भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग [COLO-RECTAL-CENTER]

28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली

9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)

B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)

B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण

मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश



अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर.एस. सिंह

B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरूष रोग विशेषज्ञ

25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरूष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।



चिकित्सा जानकारी

● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे

शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरूष गुप्त समस्याएं

- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें



Sexually Transmitted Bacterial Disease

सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

न कोई इंजेक्शन न कोई गोली शुगर का रामबाण आयुर्वेदिक इलाज मात्र 50 रु. प्रतिदिन

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांकः-1 दिसंबर 2024, रविवार
15 दिसंबर 2024, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463
7599211076


# बीमारी से परेशान पूर्व सैनिक ने गोली मारकर की आत्महत्या

## थाना इज्जतनगर क्षेत्र के मठ लक्ष्मीपुर में हुई वारदात

कार्यालय संवाददाता, बरेली



घर में जांच करती फील्ड यूनिट।

**अमृत विचार :** मठ लक्ष्मीपुर हंसनगर में गंभीर बीमारी से परेशान पूर्व सैनिक ने लाइसेंसी दोनाली बंदूक से सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। थाना इज्जतनगर पुलिस और फील्ड यूनिट ने मौके पर जांच की। पुलिस ने बंदूक को कब्जे में ले लिया है।

मठलक्ष्मीपुर में ओमवीर (50) पत्नी और बच्चों के साथ रहते थे। वह पांच साल पहले ही सेना से रिटायर हुए थे। गुरुवार शाम 4:30 बजे बच्चे और पत्नी दूसरे कमरे में थे तभी ओमवीर ने कमरे में खुद के सिर में बंदूक से गोली मार ली। गोली की आवाज सुनते ही परिजन और पड़ोसी इकट्ठा हुए। सूचना पर सीओ तृतीय देवेंद्र कुमार ने थाना प्रभारी धनंजय पांडे के साथ मौके पर पहुंचे कर जांच की। पुलिस ने ओमवीर को जिला अस्पताल भेजा लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि ओमवीर ने बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। बीमारी के कारण उनकी दिमागी हालत भी ठीक नहीं थी।

## मोबाइल लुटेरे को पुलिस ने दबोचा

**बरेली, अमृत विचार :** थाना बारादरी की सेटेलाइट चौकी पुलिस ने लुटेरे को गिरफ्तार कर मोबाइल बरामद कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। उसने करीब डेढ़ महीने पहले मोबाइल लूटा था। चौकी इंचार्ज राजीव शर्मा ने बताया कि सूचना पर मुख्य आरक्षी अनिल कुमार और शाबिर अली के साथ सेटेलाइट बस अड्डे के पास से आरोपी भरतौल निवासी दीपू कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि 24 अक्टूबर को उसने अपने दोस्त हरुनगला निवासी आकाश उर्फ चाइना के साथ जाट रेजिमेंट सेंटर के सामने यश पटेल से चार हजार रुपये और मोबाइल लूट लिया था। दो दिन पहले उसने मोबाइल में सिम डाला था। आकाश पहले से ही किसी मामले में जेल जा चुका है।

## नौ पार्किंग में खड़े 55 वाहनों के चालान, दो सीज

**बरेली, अमृत विचार :** एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने गुरुवार को टीम के साथ शहामतगंज चौराहे का भ्रमण किया। उन्होंने टीएसआई को चौराहे पर यातायात व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने चौराहे के आसपास और पुल के नीचे लगे ठेले और पटरी का अतिक्रमण हटवाया। एसपी ट्रैफिक ने नो पार्किंग में खड़े 55 वाहनों के चालान और दो सीज कराए।

## नशे में बाइक से मारी टक्कर, विरोध पर पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** शराब के नशे में दबंग ने होमगार्ड को बाइक से टक्कर मार दी और विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। थाना सुभाषनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रविंद्रनगर गली नंबर 3 निवासी निशांत शर्मा ने बताया कि बुधवार को शाम 7 बजे वह दुकान से अपने घर जा रहे थे, तभी कॉलोनी के सचिन ने बाइक से उन्हें टक्कर मार दी। जब उन्होंने समझाने की कोशिश की तो वह गालीगलौज करने लगा। कुछ देर बाद वह उनके घर में घुस आया और उनके बेटे शानू को पीटा। जब उनका भाई हिमांशु उर्फ राजीव थाने में शिकायत करने जा रहा था, तब रास्ते में सचिन और उसके साथियों ने घेरकर उसकी पिटाई की। आरोपियों ने पथराव किया। आरोपी ने थाना सुभाषनगर के पुलिस कर्मियों को भी गालियां दीं। इसके बाद दोबारा आरोपी पांच-छह लोगों के साथ तमंचा और धारदार हथियार लेकर उनके घर में घुस गया। उसके साथ उसका पिता सुखपाल और मां नन्हीं देवी भी थीं।

## भरतौल रोड पर तीन बाइक चोर दबोचे

**बरेली, अमृत विचार :** थाना बारादरी पुलिस ने बुधवार देर रात तीन बाइक चारों को चोरी की बाइकों के साथ गिरफ्तार किया है। दरोगा राहुल पुंडीर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर भरतौल रोड पर चोरी की बाइक बेचने के लिए खड़े बिथरी चैनपुर के गांव उमरिया निवासी गुलाम वारिस, निजाम और सोहिल को पकड़ लिया। उनके पास से तीन बाइकें बरामद हुईं। पुलिस ने ई-चालान एप पर चेसिस नंबर डालकर चेक किया तो पता चला कि एक बाइक बिथरी के उड़ला जागीर निवासी शफीक अली और दूसरी फरीदापुर इनायत खां निवासी गंगा सिंह की हैं। दोनों बाइकें 22 नवंबर को चोरी की थीं। जबकि तीसरी बाइक परसौना के मोहम्मद शब्बीर की बताई जा रही है।

## किशोरी को परेशान कर रहा शोहदा

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र में रहने वाली एक किशोरी से पड़ोसी युवक आए दिन छेड़छाड़ करता है। उसने 25 नवंबर को भी छेड़छाड़ की। परिजनों से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। किशोरी की मां ने गुरुवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की है।

## गोशाला का संचालन न होने पर जताई नाराजगी

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने गुरुवार शाम विकास भवन सभागार में पशुपालन विभाग की जिला स्तरीय मूल्यांकन अनुश्रवण एवं समीक्षा बैठक की, जिसमें पाया कि तहसील बहेड़ी में वृहद गोशाला का निर्माण चार माह पहले पूरा हो चुका है, लेकिन खाता न खुलने के कारण गोशाला का संचालन नहीं हो पा रहा है। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए शीघ्र खाता खुलवाकर गोशाला का संचालन करवाने के निर्देश दिए। कार्यदायी संस्था यूपीसीएलडीएस की ओर से गोशाला निर्माण में शिथिलता बरतने की बात भी सामने आई। इसपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शासन को पत्र भेजा जाए कि तीन अन्य गोशालाओं की निर्माण एजेंसी यूपीसीएलडीएस को न बनाते हुए किसी अन्य का चयन किया जाए। बैठक में गोशाला में गोवंशों के बचाव के लिए तिरपाल, जूट के बोरों को मिलाकर ठंड से बचाव करने और गोचर भूमि पर हरा चारा बोने के निर्देश दिए। उप पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिये कि वे गोशालाओं में ठंड से बचाव के लिए व्यवस्थाएं देखें। रोड किनारे स्थित गोशालाओं में पशुओं की शत-प्रतिशत ईयर टैगिंग कराने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, अपर नगर आयुक्त, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी मौजूद रहे।

# आत्महत्या के लिए उकसाने पर पत्नी और सिपाही पर रिपोर्ट

- एसएसपी के निर्देश पर थाना किला पुलिस ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एक महिला और उसके प्रेमी सिपाही पर पति को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा है। पति ने एसएसपी कार्यालय में शिकायत की। एसएसपी के निर्देश पर थाना किला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चौधरी तालाब निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि वर्ष 2017 में उसका विवाह नकटिया निवासी युवती के साथ हुआ था। विवाह से पहले उसकी पत्नी का प्रेमप्रसंग पीएसी में तैनात सिपाही पंकज यादव से था। शादी के बाद जब उसे पता चला तो वह परेशान हो गया। शादी के चार वर्ष बाद पत्नी ने बेटी को जन्म दिया, तब सोचा कि हो सकता है वह अब सुधर जाए, लेकिन वह लगातार सिपाही से मिलती रही।

शिकायत पर पत्नी की मां और भाई ने भी उसे फटकार लगाई तो धमकी दी कि यदि कोई कानूनी कार्रवाई की तो वह अपने प्रेमी सिपाही पंकज यादव की सहायता से पूरे घर को फंसवा देगी। वह बलात्कार का झूठा मुकदमा दर्ज करा देगी। आरोप है कि 1 नवंबर से लगातार पत्नी, सिपाही पंकज यादव और पत्नी का मौसा कसम देकर उसे आत्महत्या के लिए उकसा रहे हैं।

समस्या आपकी समाधान
INTERNATIONAL SEXOLOGIST
Neat & Clean Hygiene
Clinic Activity
Fast Appointment
for Maximum 25 Minute only
Offline, Online
Justdial
PHIMOSIS (फिमोसिस) संक्रमण
पोस्ट हाइटिस, वैलानो हाइटिस मधुमेह के कारण भी हो सकता है।
Foreskin Panis Not Open, No Eract
कभी-कभी यौन सम्बन्ध नहीं बनाते एवं नामर्दी के शिकार हो जाते हैं (नपुसंका)
Phimosis and Paraphimosis Adult ED
शीघ्रपतन से पीड़ित हो सकते हैं।
Adult Circumcision Buried Penis
व्यस्कों जवान युवाओं की स्कीन पूरी खुल नहीं पाती जिसके कारण यौन सम्बन्ध नहीं बना पाते दर्द होता है और हर समय दर्द बना रहता है जिसके कारण वह मानसिक तनाव से ग्रसित रहते हैं।
नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।
पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया लिंग का विकास होने लगा और क्रमश: बेटा ठीक हो
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH
नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।
Singh Clinic™
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष
गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist

रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

# मिल प्रबंधन के वादा तोड़ने पर विधायक ने जताई नाराजगी

## पेराई शुरू होने से पहले देने थे पांच करोड़, दिए सिर्फ ढाई करोड़

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार :** लंबे इंतजार के बाद ओसवाल चीनी मिल का पेराई सत्र गुरुवार को शुरू हो गया। विधायक डॉ. एमपी आर्य ने पटले पर गन्ना डालकर पेराई सत्र शुरू कराई। इससे पहले विधायक ने मिल प्रबंधन के किसानों को पांच करोड़ का भुगतान करने का वादा तोड़ने पर नाराजगी जताते हुए पटला पूजन के लिए नहीं आ रहे थे, मिल प्रबंधन के शेष भुगतान 35 दिन में करने का आश्वासन देने पर वह पहुंचे।

विधायक और गन्ना चेयरमैन निर्भय गंगवार ने पहली बार गन्ना लाने वाले किसान धर्मपाल सभापुर, प्रेमपाल डंडिया वीरम नगला व सुरेन्द्र पाल मियांपुर को नकद पुरस्कार और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। गन्ना चेयरमैन ने बटन दबाकर मिल स्टार्ट की। इस दौरान पालिकाध्यक पति नीरेन्द्र सिंह राठौर, प्रधान संघ अध्यक्ष लाल बहादुर गंगवार, पूर्व गन्ना समिति अध्यक्ष लालता प्रसाद गंगवार, लेखराज गंगवार, उपेन्द्र गंगवार, नीतिश उपाध्याय, नत्थू लाल आर्य व गन्ना समिति के निदेशको के साथ ही बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। मिल के महाप्रबन्धक बीएन मिश्रा के अनुसार मिल का सौदा रेनुका ग्रुप से होने के बाद ही मिल आरंभ की गई है और ग्रुप की ओर से पिछले बकाया में से ढ़ाई करोड़ का भुगतान भी किसानों को कर दिया गया है, शेष भुगतान भी 35 दिनों में करने का वादा किया गया है।



ओसवाल चीनी मिल में पटला पूजन करते विधायक डॉ. एमपी आर्य। ● अमृत विचार

### मिल प्रबंधन को जल्द भुगतान करने की चेतावनी

ओसवाल चीनी मिल का स्वामित्व बदलने के बाद रेनुका ग्रुप ने किसानों को 55 करोड़ के पिछले बकाया में से पांच करोड़ का भुगतान करने का वादा किया था, लेकिन मात्र ढाई करोड़ ही भेजा है। जिस पर विधायक नाराज दिखे और देर तक मिल का उद्घाटन करने नहीं पहुंचे और मिल प्रबन्धन के कई बार बुलाए जाने पर ही पहुंच कर पटले पर गन्ना डाल कर मिल आरम्भ कराई। विधायक ने मिल प्रबन्धन से जल्द ही बकाया भुगतान किए जाने की चेतावनी दी है।

# हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**आंवला, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की ओर से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम आंवला एन राम को सौंपा गया। संगठन की ओर से बताया गया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ निरंतर घटनाएं हो रही है। जो कि हिंदू समाज को आतंकित कर रही हैं। बांग्लादेश भी पाकिस्तान की तरह हिंदुओं पर जिहादी व्यवहार कर रहा है।

कार्यवाहक सरकार बांग्लादेश को इस्लामी जिहाद की ओर निरंतर बढ़ाने के लिए प्रेरित कर हिंदुओं को प्रताड़ित कर रही है। वहां मंदिरों को तोड़ा जा रहा है, हिंदू बहन बेटियों के साथ अत्याचार, बलात्कार और अपहरण हो रहे हैं। संत समाज को जेल में डाला जा रहा है। बांग्लादेश में हिंदू समाज की संख्या निरंतर घटती जा रही है। बांग्लादेश के घुसपैठियों को गिरफ्तार कर उनका देश निकाला किया जाये। इस दौरान हिमांशु सोलंकी, पवन हिंदू, अवधेश मौर्य, निर्मल हिंदू, शिवम चौहान, रोहित शर्मा, राहुल, सोमवीर आदि मौजूद रहे।

# देवचरा बाजार में धान बेचने आए बदायूं के किसान से लूट

संवाददाता, बरेली/भमोरा

● भमोरा पुलिस ने पैसे वापस कराके कराया समझौता

**अमृत विचार :** देवचरा बाजार में धान बेचने आए बदायूं के बिनावर के किसान को दो युवकों ने टॉर्च मारकर घायल कर दिया और जेब में रखे छह हजार रुपये छीन लिए। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी किसान और आरोपियों को थाने ले गए और रुपये वापस कराकर समझौता करा दिया। पुलिस का कहना है कि लूट नहीं हुई थी सिर्फ विवाद हुआ था।

बिनावर के गांव मोहम्मद नगर निवासी मनोहर राजपूत ने आरोप लगाया कि बुधवार को वह देवचरा बाजार में धान बेचने आए थे। वह सुबह 9.30 बजे एक ट्यूबवेल के पास शौच के लिए गए थे। वहां पर खड़े दो युवकों ने उन्हें बुलाया और एक ने उनके सिर में टॉर्च मार दी और दूसरे ने उनकी शर्ट में रखे छह हजार रुपये निकाल लिए। शोर सुनकर मौके पर पुलिस कर्मी पहुंच गए और दोनों पक्षों को थाने ले आई। किसान ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने बाद में समझौता करा दिया और आरोपियों से उसके पैसे भी वापस करा दिए। समझौते से पहले का किसान का वीडियो भी वायरल हुआ है।

भमोरा थाने के इंस्पेक्टर क्राइम प्रदीप कुमार ने बताया कि किसान ने युवकों से आपत्तिजनक बात की थी और इसी पर विवाद हो गया था। इस पर किसान ने लूट का झूठा आरोप लगा दिया। दिनदहाड़े बाजार में लूट कैसे हो सकती है। किसान से जब पूछताछ की गई तो उसने सच्चाई बताई और बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है।

### चार लोगों पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**आंवला, अमृत विचार :** रुपये के लेनदेन को लेकर एक पक्ष ने पिता- पुत्र से मारपीट कर दी। पचधेर मजरा खनगांवा श्याम गांव निवासी वीरपाल ने बताया कि 20 नवंबर की दोपहर 4:30 बजे उसका बेटा राहुल खेत जा रहा था। इसी दौरान गांव के ओमबाबू, वीकेश, रामगोपाल, मुकेश ने उसके बेटे को रोककर शिकायत करने का आरोप लगाया और उसे मारापीटा। चीख पुकार सुनकर वह बेटे के पास पहुंचा। वह वहां घायल पड़ा था, पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# युवती की मौत का नहीं पता चल सका कारण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**विसरा सुरक्षित**

● शादी के पांचवें दिन बाथरूम में संदिग्ध हालात में हुई थी मौत

● परिजनों ने गीजर की गैस से जताई थी मौत की आशंका

**अमृत विचार :** भोजीपुरा के गांव पीपलसाना चौधरी में नवविवाहिता की बाथरूम में मौत हो गई थी। परिजनों ने गीजर से गैस लीक होने से दम घुटने से मौत की आशंका जताई थी। पुलिस ने गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया लेकिन मौत के कारणों का पता नहीं चल सका, विसरा सुरक्षित रखा गया।

पीपलसाना के दीपक यादव की शादी 22 को बुलंदशहर के गांव काले का नगला निवासी सूरजपाल की बेटी दामिनी से हुई थी। दामिनी 23 को विदा होकर ससुराल में आई। परिजनों के मुताबिक दामिनी बुधवार सुबह नहाने बाथरूम में गई थी। जब वह काफी देर तक नहाकर नहीं निकली तो पति दीपक ने आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। परिजनों ने बाथरूम के गेट का दरवाजा तोड़ा तो वह मृत हालत में मिली। दीपक यादव के चाचा प्रेमवीर सिंह यादव ने बताया कि गीजर पांच साल पुराना था। अभी गीजर में कोई कमी नजर नहीं आई थी और गीजर फटा भी नहीं है। आशंका है कि गैस लीक होने या फिर हार्ट अटैक से मौत हुई है।

# फायर सेफ्टी ऑडिट में पोल खुलने के बाद जिला महिला अस्पताल में सुधरेंगे इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● अस्पताल प्रशासन ने 13 लाख का प्रस्ताव शासन को भेजा

● एसएनसीयू में लग चुकी है आग फिर भी अनदेखी

**अमृत विचार :** फायर सेफ्टी ऑडिट में जिला महिला अस्पताल में आग से बचाव के बेहतर इंतजाम होने के दावे की पोल खुल चुकी है। अब अस्पताल प्रशासन ने फायर फाइटिंग की व्यवस्था में सुधार के लिए 13 लाख रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा है।

दरअसल, झांसी में अग्निकांड के बाद फायर और विद्युत सुरक्षा विभाग की टीम ने जिला महिला अस्पताल में फायर सेफ्टी ऑडिट किया था। इस दौरान तमाम कमियां सामने आई थीं। उसी के आधार पर कमियों को दूर करते हुए अस्पताल में कई कार्य किए जाने हैं। इसके लिए 13 लाख रुपये का एस्टीमेट बनाकर अस्पताल प्रशासन को दिया गया था। सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद ने बताया कि जो एस्टीमेट मिला है, इसके आधार पर बजट स्वीकृति के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।



अस्पताल में लगे फायर फाइटिंग उपकरण।

### मरीजों की सुरक्षा की फिक्र नहीं

एक साल पहले अस्पताल के एसएनसीयू यूनिट में आग लगने की घटना हुई थी। इसके बाद अफसरों ने आग से बचाव के इंतजाम चाक चौबंद होने का दावा किया था, मगर ऑडिट में इसकी पोल खुल गई। सच तो ये है कि अस्पताल में आग से बचाव के इंतजाम नाकाफी हैं। ये स्थिति तब है जब यहां हर रोज ओपीडी में बड़ी संख्या में मरीज आते हैं। उनकी सुरक्षा की फिक्र को भी दरकिनार कर दिया गया। अब कमियों को दूर करने की बात कही जा रही है।

### सडक हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत

**आंवला, अमृत विचार :** बाइक से ससुराल जाते समय रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक ने इलाज के दौरान दिल्ली में दम तोड़ दिया। नौगावां ब्रह्मनान निवासी सुमित कुमार शर्मा ने बताया कि उसका साला सुमित मिश्रा निवासी रफियाबाद थाना बिनावर बदायूं दो दिन पहले बाइक से ससुराल गोठा खंडूआ थाना आंवला जा रहा था। किशनपुर गांव के समीप अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गम्भीर घायल हो गया। इलाज के लिए उसे बदायूं के राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था।

### टीबी मुक्त ग्राम पंचायत करने की कवायद

**मीरगंज, अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार में गुरुवार को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के लिए बैठक हुई, जिसमें प्रधानों और सचिवों को प्रशिक्षण दिया गया। चिकित्साधीक्षक ने प्रधानों को टीवी के मुख्य लक्षणों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अगर किसी को यह लक्षण पाए गए तो उसकी जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीरगंज में जल्दी कराएं। आतिफ मसूद और अरुण कुमार ने टीवी मुक्त ग्राम पंचायत के 6 सूचकों के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि अपने गांव के टीवी के मरीजों को गोद लेकर उनको पोषण आहार वितरित करें।

# ट्रेन में अकेली महिला कर रही सफर तो सहेली दे रही सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ट्रेन में अकेली महिला यात्री के सफर को सुखद और भयमुक्त बनाने के लिए आरपीएफ की मेरी सहेली सेल काम कर रही है। उत्तर रेलवे में यह सेल जंक्शन से बनकर चलने वाली मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में सक्रिय है। बरेली जंक्शन से चलने वाली आलाहजरत और इंटरसिटी एक्सप्रेस में भी यह सेल सक्रिय है, जो सफर के दौरान महिला की सुरक्षा का पूरा ख्याल रखती है।

आईजी आरपीएफ अंबिका नाथ मिश्रा बताते हैं कि जहां से ट्रेन ओरिजनेट होती है। वहां से चढ़ने वाली महिला यात्रियों का संज्ञान लिया जाता है। जैसे दिल्ली से चलकर बिहार जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन में कोई महिला अकेले सफर कर रही है तो चार्ट बनते ही उसका ब्योरा मिल जाता है। उसे मंडल स्तर पर मंडलीय सुरक्षा आयुक्तों को भेज दिया जाता है। बताया कि दिल्ली से कुछ देर के सफर के बाद मुरादाबाद मंडल शुरू हो जाता है, जिसका कार्यक्षेत्र मलिहाबाद के आगे और आलमनगर स्टेशन के पहले तक है। संबंधित महिला का ब्योरा सुरक्षा आयुक्त के पास जाते ही गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई सभी जगह की आरपीएफ उस महिला यात्री से जानकारी लेती रहेगी। रात में महिला यात्री को डिस्टर्ब नहीं किया जाता है, लेकिन शुरुआत में ही यात्री को इतना बता दिया जाता है कि किसी तरह की असुरक्षा और भय होने पर वह हेल्पलाइन नंबर पर फोन करके सूचित कर सकती है। लखनऊ मंडल के सुरक्षा आयुक्त अपने कार्यक्षेत्र में निगरानी कराते हैं। इस तरह गंतव्य तक अकेली महिला की सुरक्षा मेरी सहेली सेल करती है। बताया कि बरेली जंक्शन से भुज तक जाने वाली आलाहजरत और बरेली से दिल्ली जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस में मेरी सहेली सेल चल रही है।



आईजी आरपीएफ अंबिका नाथ मिश्रा।

### चार्ट बनाने के दौरान ही मिल जाती है जानकारी

रेलवे में सभी कुछ ऑनलाइन है। कौन महिला अकेली कहां से कहां तक जा रही है, इसकी जानकारी चार्ट बनने के दौरान आरपीएफ के पास आ जाती है। फिर ट्रेन चलने पर आरपीएफ की मेरी सहेली सेल की कर्मचारी संबंधित महिला यात्री के पास जाकर उसे बताती है कि वह अकेली नहीं है। उनके साथ मेरी सहेली सेल भी चल रही है। महिला को यात्रा के दौरान बरतने वाली सावधानियां बताने के साथ हेल्प लाइन नंबर दिया जाता है।

### देश का माहौल खराब करना चाह रहीं सांप्रदायिक ताकतें

● मौलाना शहाबुद्दीन बोले अजमेर शरीफ दरगाह के समर्थन में हैं बरेलवी मुस्लिम

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि संभल की जामा मस्जिद का मामला अभी शांत नहीं हुआ था कि दरगाह ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी का सामने आ गया। कोर्ट में अर्जी देने वाले ने दरगाह शरीफ के अंदर शिव मंदिर होने का दावा किया है, जो गलत और झूठ पर आधारित है। उन्होंने कहा कि इस मुश्किल घड़ी में दरगाह के लोगों के साथ बरेलवी मुस्लिम का मुकम्मल समर्थन रहेगा। मौलाना ने कहा कि चंद सांप्रदायिक ताकतें देश के माहौल को खराब करना चाहती हैं। भारत में जब से सरकारें बननी शुरू हुईं तब से चाहें मुस्लिम हों या गैर मुस्लिम सभी ने दरगाह अजमेर शरीफ पर चादरें चढ़ाकर अपनी कामयाबी के लिए दुआएं की हैं। मुस्लिम बादशाहों, राजा और महाराजाओं ने दरगाह शरीफ के भवन बनवाए। वर्ष 2015 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर साल उर्स के मौके पर भारत सरकार की तरफ से चादर भेजकर अकीदत का नजराना पेश करते हैं। उन्होंने कहा कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दी हुई शिक्षा का नाम सूफी विचारधारा है, यही वो विचारधारा है जो एकता और अखंडता को कायम रख सकती है। यह दरगाह हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक है। शिव मंदिर का दावा करने वाले लोग मुसलमानों के साथ हिन्दुओं को भी आहत कर रहे हैं।

### सड़क पर बुध बाजार लगने से लग रहा जाम

**फरीदपुर, अमृत विचार :** नगर में लग रही साप्ताहिक बुध बाजार को सड़क पर लगने से रोकने के लिए कामिल मियां के बाग में ही लगाने के लिए पुलिस से सहयोग मांगा गया है। नगर में अतिक्रमण की वजह से लग रहे जाम और साप्ताहिक बुध बाजार जो कि मेन रोड और कामिल मियां के बाग में लगना सुनिश्चित है। बावजूद उसके कुछ दुकानदार परिसर के अंदर न लगाकर बाजार का संचालन बाउंड्री वॉल के बाहर मेन रोड की पटरी पर करते है, जिससे जाम की स्थिति बनती है। स्कूल जाने वाले वाहन जाम में फंस जाते हैं, बच्चे समय से स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं। नगर पालिका ने स्थानीय पुलिस की मदद से साप्ताहिक बाजार बुध बाजार को अपने निर्धारित स्थान पर लगाने के लिए प्रभारी निरीक्षक को पत्र के माध्यम से कार्यवाही के लिए सहयोग के लिए लिखा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### धोखाधड़ी के आरोपी का मकान कुर्क

**मीरगंज, अमृत विचार:** तहसीलदार डॉ. विशाल कुमार शर्मा ने पुलिस की मौजूदगी में धोखाधड़ी के आरोपी इरशाद निवासी मोहल्ला सराय खान मीरगंज की 74.98 वर्गमीटर भूमि का मकान कुर्क किया, जिसकी कीमत 11 लाख 54 हजार रुपये है। तहसीलदार ने बताया कि आरोपी पर थाना मेनाठेर जिला मुरादाबाद और भोजीपुरा सहित कई थानों में धोखाधड़ी सहित अन्य कई मुकदमे दर्ज है। 23 सितंबर 2023 को थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद में इरशाद पर गिरोहबंद एवं समाज विरोधी कार्य के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि उसने गिरोह के साथियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी करके अवैध धन अर्जित किया है। इरशाद अहमद का जनता में भय व्याप्त है कोई भी उसके विरुद्ध थाने में रिपोर्ट नहीं करता है न ही कोई व्यक्ति न्यायालय में गवाही देने को तैयार होता है। जिला मजिस्ट्रेट मुरादाबाद निर्देश पर उसकी संपत्ति को कुर्क करने के आदेश दिए गए। कुर्की से पहले उसके मकान पर कई नोटिस चस्पा किए गए। गुरुवार को जिलाधिकारी मुरादाबाद के न्यायालय के बाद इरशाद के मकान को पुलिस की मौजूदगी में कुर्क किया करके सील किया गया।

### दिल्ली में जूते के कारखाने में मिला लापता युवक

**बहेड़ी, अमृत विचार :** घर से लापता युवक दिल्ली के एक जूता कारखाने में मिला। बहेड़ी पुलिस ने उसे दिल्ली पुलिस की मदद से बरामद कर लिया। मोहल्ला बाजार निवासी लियाकत अली का 18 वर्षीय पुत्र मोहम्मद जैद सोमवार दोपहर एक बजे से लापता हो गया था। उसने अपना मोबाइल भी बंद कर लिया था। सीओ अरुण कुमार के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर और चौकी प्रभारी सनी चौधरी, सिपाही रवि चौधरी को युवक को बरामद करने के लिए टीम को लगाया। सर्विलांस के सहारे बहेड़ी पुलिस उसे तलाशती हुई दिल्ली पहुंच गई, और युवक दिल्ली के रोहिणी इलाके में एक जूते के कारखाने में दिल्ली पुलिस की मदद से मिल गया। पुलिस युवक को साथ लेकर बहेड़ी साथ आ गई और उससे पूछताछ कर रही है। बहेड़ी चौकी में तैनात चौकी प्रभारी सनी चौधरी ने टीम के साथ उसे खोज निकाला।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं निर्मला देवी पत्नी स्व. श्री राम बहादुर साहू निवासी चौधरी सराय गली तिलपुरा बदायूं दिनांक 09.07.2024 को मेरी पुत्रवधू रंजना साहू पत्नी प्रदीप साहू किसी व्यक्ति के साथ घर से चली गयी थी। रंजना साहू ने अपने पति को छोड़कर किसी दूसरे व्यक्ति के साथ शादी कर ली। रंजना साहू अपने पुत्र को भी साथ में ले गयी है। मैं अपनी पुत्रवधू रंजना साहू को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा।

सूचना
मैंने अपने पुत्र मोहम्मद जहाँगीर खाँ पुत्र मुनीर हसन खाँ हाल नि0 बाटला हाउस दिल्ली को उसके गलत आचरण, व्यवहार से तंग आकर एक वर्ष पूर्व सम्बन्ध विच्छेद करके अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था। भविष्य में मोहम्मद जहाँगीर के किसी भी कृत्य लेन-देन से मेरा या मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **मुनीर हसन खाँ, पुत्र श्री अमीर हसन खाँ, नि0 शाहबाद-बरेली।**

सूचना
मत्स्य जीवी लिमिटेड समिति चकदहा के गठन हेतु दिनांक 29.11.2024 को दोपहर 12:30 बजे शुक्रवार को ग्राम पंचायत चकदहा में बैठक होना निश्चित है। समस्त ग्रामवासी प्रतिनिधित्व हेतु आमंत्रित हैं। **अध्यक्ष राम कुमार पुत्र प्रसादी विकास खण्ड ईसानगर, तहसील धौरहरा, जनपद लखीमपुर खीरी।**

सूचना
I, Anahita Singh D/O Mr. Sanjay Kumar Singh, In my class 10th documents, by mistake my father's name is printed as Mrs. Usha Singh and my mother's name is printed as Mr. Sanjay Kumar Singh. My father's name is Mr. Sanjay Kumar Singh and my mother's name is Mrs. Usha Singh.

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# प्रतियोगिता के बीच शुरू कर दिया स्कूलों का निरीक्षण, शिक्षकों ने किया बहिष्कार

## ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता कराने में जुटे थे शिक्षक, बीईओ को बनाया था मुख्य अतिथि

संवाददाता, भुता

**अमृत विचार :** बेसिक विद्यालयों के बच्चों की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता भारत सेवक समाज इंटर कॉलेज राजपुरी नवादा के ग्राउंड में होनी थी। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी को बतौर मुख्य अतिथि शामिल होना था, लेकिन वह विद्यालयों का निरीक्षण करने निकल गए। जानकारी होने पर विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक प्रतियोगिता का बहिष्कार करके लौट गए। जिससे प्रतियोगिता पूरी नहीं हो सकी।

ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी गंगा प्रसाद गौतम को शामिल होना था। प्रतियोगिता सुबह 10:00 बजे से एआरपी, व्यायाम शिक्षक, अनुदेशक ,संकुल शिक्षक और ब्लॉक स्तर के शिक्षकों की मौजूदगी में होनी थी। लेकिन खंड शिक्षा अधिकारी प्रतियोगिता में न शामिल होकर विद्यालयों का निरीक्षण करने निकल पड़े। जबकि शिक्षक अपने-अपने स्कूलों के बच्चों को लेकर प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराने को पहुंच गए। जब यह सूचना शिक्षकों को लगी तो प्रतियोगिता का बहिष्कार कर अपने-अपने विद्यालय 2:00 चले गए। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु गंगवार आदि शिक्षकों का कहना है कि खंड शिक्षा अधिकारी ने क्षेत्र के महोलिया धीरपुर, बेबल बसंतपुर, आदि स्कूलों का निरीक्षण कर अनुपस्थिति की कार्रवाई की है। खंड शिक्षा अधिकारी के खेलकूद प्रतियोगिता के दिन विद्यालय चेक करने से शिक्षकों में भारी आक्रोश है।



खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पहुंचे शिक्षक और छात्र। ● अमृत विचार

> ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई। विजेताओं को पुरस्कृत भी किया है। शिक्षकों के बहिष्कार की जानकारी नहीं है।
> –**गंगा प्रसाद गौतम**, खंड शिक्षा अधिकारी

## नहीं हो सका नन्हें का अंतिम संस्कार

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** जनसेवा केंद्र संचालक की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सूरज ढलने के कारण परिजनों ने गुरुवार को अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। वहीं गांव में सुरक्षा के लिए तीन थानों की फोर्स तैनात की गई है। बुधवार शाम को जनसेवा केंद्र संचालक नन्हें बाबू दुकान बंद कर लौट रहा था। रास्ते में गांव के ही भूरे , राजवीर ,चंचल और केसरपुर के पुत्तू ने उस पर हमला कर दिया। उसके सिर में गोली मार दी, जिससे वह वहीं गिर गया था। आरोपी हथियार लहराते भाग गए। घटना के बाद बाजार में दहशत फैल गई थी। सूचना पर पहुंचे परिजन नन्हें को अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह ने बताया दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य की तलाश की जा रही है। सूरज ढल जाने के कारण अंत्येष्टि नहीं हो सकी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं॰ 67/2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते है।

क्र.सं. 1. कार्य का विवरण: कासगंज-मथुरा अनुभाग में समपार सं. 265 एवं समपार सं. 256 पर एल.एच.एस का शेष कार्य। (स्वीकृत कार्य के अंतर्गत इज्जतनगर डिवीजन के कानपुर-अनवरगंज-मथुरा अनुभाग में विभिन्न स्थानों पर 11 रक्षित समपारों के उन्मूलन के लिए एल.एच.एस का निर्माण कार्य)। अनुमानित लागत रूपयो में : रू. 6,25,27,388.11, बयाना राशि रूपयो में : रू. 4,62,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

1. ई-निविदा दिनांक 20.12.2024 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०), इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू - 314

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## अवैध शराब के साथ बिशारतगंज में दो गिरफ्तार

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** पुलिस ने दो लोगों को बीस लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा, उन्हें कोर्ट में पेश किया,जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम पता कस्बा बिशारतगंज के वार्ड नंबर तीन निवासी इकबाल उर्फ डंपी वार्ड नंबर आठ निवासी इस्लाम बताया है।

**ग्राम पंचायत सतुइया खास वि.खं. फतेहगंज पश्चिमी, जनपद बरेली**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्म स्वामियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत सतुइया खास में मनरेगा योजना के अन्तर्गत अंत्येष्टि स्थल निर्माण कार्य करायें जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त कार्य ग्राम पंचायत सतुइया खास की निगरानी में कराया जाएगा। पंजीकृत फर्म को सामग्री प्रथम श्रेणी ईट, सीमेंट, रेत, बजरी, बजरफुट, सरिया व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है आदि की आपूर्ति कार्य स्थल पर कराए जाने हेतु दिनांक 29.11.2024 से 02.12.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है एवं उसी दिन दिनांक 02.12.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान जनप्रतिनिधियों के सामने मोहर बंद लिफाफा को खोला जाएगा।

| क्र.सं | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | योजना |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत में अंत्येष्टि स्थल निर्माण कार्य | 374627 | मनरेगा |

ग्राम प्रधान-राम कुमार सचिव-अतुल सक्सेना

**कार्यालय ग्राम पंचायत भाऊनगला ब्लॉक म्याऊँ बदायूं**

**निविदा सूचना**

सभी इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मे वित्तीय वर्ष 2024-25 मे, पंचम वित्त, 15 वां वित्त, मनरेगा के अंतर्गत स्वीकृत कार्य प्रथम श्रेणी ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, हयूम पाइप, बाल पुट्टी, रंग, टीन चादर, बजरफुट, पीबीसी पाइप, इंसीनरेटर, सफाई किट, बाल पेंटिंग, मय चित्र आदि, सामानों कि आपूर्ति हेतु निविदाएँ 29.11.2024 से 03.12.2024 दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर जमा कर सकते है। उक्त निर्णय 03.12.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय के समक्ष शाम 5 बजे खोली जाएंगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | देवेन्द्र के घर से अनिल की जगह तक सीसी कार्य | 78x4.5 मी. | 395591 |
| 2 | राम प्रसाद के घेर से पप्पू की जगह तक सीसी कार्य | 110x3.5 मी. | 390845 |

अमित कुमार (ग्राम प्रधान) ऋषिपाल सिंह (सचिव)

## सार-संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय भागवत कथा शुरू



**भदपुरा, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत सिठौरा में सिद्ध बाबा मेला मैदान में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा गुरुवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। कलश यात्रा वीरमपुर, मेथी नवदिया, कुंवरपुर, बहीर जागीर होते हुए देवहा नदी पर डीजे पर डांस करते हुए भक्त कलश यात्रा के लिए देवहा नदी से जल लाकर कथा स्थल पर रखकर स्थापित किया गया। कथा वाचिका कुमारी कुसुम शास्त्री विविध प्रसंग सात दिन तक श्रद्धालुओं को सुनाएंगी। इस आयोजन में प्रमुख रूप से गेंदल लाल, सुनील पांडे, रामचंद्र वर्मा, रामपाल कोटेदार, भूपेंद्र सिंह, तुलाराम, राजू आदि लोग शामिल हुए।

### भोलेनाथ और राजा मांधाता की कथा सुनाई

**रिठौरा, अमृत विचार :** झलरापीपल मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचिका संध्या किशोरी ने भोलेनाथ और राजा मांधाता की कथा सुनाते हुए मानव जीवन में सत्कर्मों को करने का आह्वान किया। इस मौके पर महंत तुलसीदास महाराज, मोहनदास, चेयरमैन प्रतिनिधि अमित गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता, सचिन मिश्रा,दीपक सागर,धनपाल सिंह,नेतराम साहू, लोकेश गुप्ता मयंक पाण्डेय रमेश वर्मा, राजीव उर्फ़ लवकुश साहू, शकुंतला देवी, राजपाल यादव,दोदराज यादव, कंधई लाल साहू, मयंक पाण्डेय ,सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

### आगे बढ़ने लिए बच्चों को शिक्षित बनाएं



**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** सुन्नी सोशल फोरम एवं सहयोगी मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का जेके पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल का ग्राम धंतिया में कार्यक्रम हुआ, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि ठाकुर राजा रइस राष्ट्रीय अध्यक्ष सुन्नी सोशल फोरम एवं राष्ट्रीय संयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच एवं प्रदेश अध्यक्ष शेर अली खान सुन्नी सोशल फोरम व प्रांत संयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच जमशेद खान जिला संयोजक अख्तर खान मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, सोहराब खान, मौलाना नोमान खान समेत अन्य लोग मौजूद रहे। ठाकुर राजा रइस ने मुसलमानों से अपील की वह आगे बढ़ने के लिए बच्चों को शिक्षित बनाएं। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष भूरे खान ने किया। इस अवसर पर जेके पब्लिक इंग्लिश मीडियम की रुमा निशा, स्कूल प्रबंधक मोहम्मद सलीम खान प्रधानाचार्य प्रशांत, सायरा, रजनी ,पायल, सुब्हान निशा समेत अन्य मौजूद रहे।

### रोक के बाद भी तालाब के जमीन पर निर्माण

**फरीदपुर, अमृत विचार :** नक्शा दुरुस्तीकरण से पहले कराई जा रहे निर्माण को दूसरे पक्ष ने अवैध करार देते हुए रुकवाने के लिए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद फरीदपुर को पत्र के माध्यम से शिकायत की। नगर पालिका ने पुलिस बल भेजकर निर्माण कार्य रुकवाया। मोहल्ला परा में श्मशान भूमि के पास नगर पालिका परिषद फरीदपुर के प्रबंधन में चिन्हित तालाब गाटा संख्या 530 स्थित है, जिसकी सीमा पर हरीश शर्मा ने निर्माण करा रहे है। तालाब के नक्शा का दुरुस्तीकरण के लिए एडीएम राजस्व विभाग के समक्ष विचारा अधीन है। ऐसे में उस भूमि पर निर्माण करना मना है। जानकारी होने पर अधिशासी अधिकारी ने पुलिस बल भेजकर निर्माण कार्य रुकवाया दिय। इसके साथ ही अवैध निर्माण करने वाले पर कार्रवाई के लिए पुलिस को पत्र भेजा गया है।

# मिड-डे-मील में गड़बड़ी की शिक्षा मंत्री से शिकायत, जांच के निर्देश

संवाददाता, देवरनियां

● **मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण ने डीएम को दिया जांच का निर्देश**

**अमृत विचार :** ब्लॉक रिछा के प्राथमिक विद्यालय तेजनगर की शिकायत बेसिक शिक्षा मंत्री और शिक्षा निदेशक से की गई। आरोप है कि स्कूल इंचार्ज मिड-डे-मील में अनियमितता बरततीं है। शिक्षा महकमे से निष्पक्ष जांच न होने का अंदेशा जताने के बाद भी बीईओ जांच के लिए गुरुवार को स्कूल पहुंच गए।

बरेली सिविल लाइंस निवासी संजय प्रताप सिंह ने बेसिक शिक्षा मंत्री एवं स्कूल महानिदेशक शिक्षा से की गई शिकायत में बताया कि प्राथमिक विद्यालय तेजनगर में स्कूल की इंचार्ज वीरवती गंभीर अनियमितताएं बरती हैं। छात्रों को कभी भी ठीक से मिड-डे-मील नहीं बांटा जाता है, रोटी वाले दिन केवल एक रोटी दी जाती है। शिकायतकर्ता ने 2015 से अब तक मिड-डे- मील की जांच करने की मांग की है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इंचार्ज प्रधानाध्यापिका की कई बार विभाग से शिकायत की गई, लेकिन हर बार विभाग ने जांच में लीपापोती कर दी जिस वजह से इंचार्ज प्रधानाध्यापिका के हौसले बुलंद हो गए हैं। इस मामले को लेकर मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण उत्तर प्रदेश की निर्देशक कंचन वर्मा ने बरेली जिले के डीएम रविंद्र कुमार सिंह को पत्र भेज कर जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने को लिखा है।

> यह जो भी शिकायत की गई है। वह द्वेष भावना से की गई है। इसी तरह की शिकायत पहले भी की गई थी जिसकी शासन स्तर से जांच हो चुकी हैं, सभी आरोप निराधार पाए गए।
> –**वीरवती**, इंचार्ज प्राथमिक विद्यालय तेज नगर ब्लाक दमखोदा

### दूसरे विभाग से कराएं जांच

शिकायतकर्ता ने जांच बेसिक शिक्षा विभाग से निष्पक्ष न होने का जिक्र करते हुए किसी प्रशासनिक अधिकारी से कराने की मांग की गई है, फिर भी गुरुवार को ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी विवेक शर्मा जांच करने तेजनगर स्कूल पहुंचे। उन पर एक एआरपी को बचाने का आरोप है। वहीं बीईओ विवेक शर्मा का कहना है कि हम तो ऐसे ही फौरी तौर पर जांच करने गए थे, सही जांच प्रशासन स्तर से ही होगी। जांच में अभी आरोप सिद्ध नहीं हुए हैं।

**पब्लिक नोटिस**

मेरे मुवक्किल Cholamandalam Investment and Finance Co. Ltd. शाखा बरेली की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राम स्नेही भास्कर एडवोकेट पुत्र श्री प्रभुदयाल निवासी दयालपुर पूरनपुर पीलीभीत के है वह एक किता सम्पत्ति रकवा 59.45 वर्गमी गाटा सं. 271 का भाग ग्राम खासपुर परगना तहसील पूरनपुर जिला पीलीभीत में स्थित है को योगेन्द्र कुमार से खरीद करने के उपरांत मेरे मुवक्किल से ऋण ले रहे है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित एक किता बैनामा दिनांक 03.09.2005 जिसकी की रजिस्ट्री बही नं. 1 जिल्द 1398 पृष्ठ 01 से 14 क्र.सं. 4971 जो कि योगेन्द्र कुमार के हक में था कचहरी किसी काम से जाते समय रास्ते में कही गिर गयी काफी ढूँढने पर भी नहीं मिली। उक्त की प्रथम सूचना रिपोर्ट दिनांक 27.11.2024 को दर्ज करा दी गयी है। उक्त से सम्बन्धित किसी व्यक्ति या किसी संस्था/बैंक को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के अन्दर समस्त दस्तावेजों के साथ मेरे या Cholamandalam Investment and Finance Co. Ltd. शाखा बरेली के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है उक्त काल में कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है तो यह मानते हुये कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है उक्त ऋण राम स्नेही भास्कर एडवोकेट पुत्र श्री प्रभुदयाल निवासी दयालपुर पूरनपुर पीलीभीत को प्रदान कर दिया जायेगा।

सुशान्त सक्सेना एडवोकेट
पैनल एडवोकेट
बगिया चैम्बर नं. 4, निकट पोस्ट ऑफिस
सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड, बरेली
मो नं 9837205643

**कार्यालय नगर पालिका परिषद नवाबगंज, बरेली**

पत्रांक : 390/न.पा.परि. 2024-25 दिनांक : 27.11.2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र संख्या-136/न.पा.परि/2024-25 दिनांक 27.07.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर के समस्त सम्मानित नागरिकों के बहुमूल्य प्रयासों से नगर पालिका परिषद नवाबगंज के समस्त 25 वार्डो को (ODF+) घोषित किया गया था, जिससे सम्बन्धित जनसाधारण से 15 दिवस के अन्दर आपत्ति/सुझाव मांगे गये थे जिसमें कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुए है।

अत: नगर पालिका परिषद नवाबगंज को स्वत: (ODF+) घोषित किया जाता है। यदि कोई भी व्यक्ति खुले में शौच या पेशाब करता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध रू. 200.00 जुर्माना आरोपित करते हुऐ उसके विरूद्ध सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, नवाबगंज, बरेली।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बेल विकास खंड लखीमपुर-खीरी**

पत्रांक:- मेमो/निविदा/2024-25 दिनांक 28/11/2024

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बेल में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना के अंतर्गत निम्न निर्माण कार्य कराया जाना है। जिसमें सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई फर्म जिसका आय कर/वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो, से मोहर बंद निविदा दिनांक 29/11/2024 से 14/12/2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक डाक द्वारा अथवा ग्राम पंचायत बेल के पंचायत कार्यालय में निविदा पेटिका में आमंत्रित की जाती है, प्राप्त हुई निविदा पंचायत कार्यालय में दिनांक 14/12/2024 अपरान्ह 4:00 बजे खोली जाएगी निम्नलिखित कार्य हेतु एक या सभी निविदा निरस्त करने का और आपूर्ति सामग्री की मात्रा घटाने और बढ़ाने का सम्पूर्ण अधिकारी अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | कुल लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | बेलवा में रामू के घर से रमेश के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 120 मी. | 603968.00 |
| 2 | सराय में राकेश के घर से सुमेर के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 120 मी. | 614144.00 |

रंजीत कुमार (ग्राम प्रधान) अंकुर श्रीवास्तव (सचिव)

# आधार कार्ड संशोधन में वसूली पर एसडीएम ने लगाई फटकार

**आंवला, अमृत विचार :** आधार संशोधन के नाम पर अवैध वसूली की गई, जिसकी एसडीएम से शिकायत की गई। एसडीएम ने आधार आपरेटर को बुलाकर फटकार लगाई और भविष्य में गलती न करने की चेतावनी दी। नगर के भुर्जी टोला स्थित बीएसएनएल कार्यालय पर आधार केंद्र है।

गुरुवार सुबह नगर के पक्का कटरा निवासी व्यापारी आधार केंद्र पर संशोधन कराने पहुंचे थे। वहां आपरेटर संशोधन करने के नाम पर तीन सौ रुपये वसूल रहा था। आपरेटर ने व्यापारी से भी तीन सौ रुपये ले लिए। व्यापारी ने अवैध वसूली की शिकायत एसडीएम को फोन पर दी। शिकायत करते देख आपरेटर ने व्यापारी को 2 सौ रुपये वापस कर दिए। एसडीएम ने तत्काल तहसीलदार को भेजकर आपरेटर को कार्यालय बुलवा लिया। एसडीएम ने दोनों पक्षों को सुनकर आपरेटर को जमकर खरी खोटी सुनाईं। व्यापारी से करने की गुहार लगाने पर एसडीएम ने भविष्य में ऐसी गलती न करने की चेतावनी देकर वापस भेज दिया।उमेश कुमार एसडीओ बीएसएनएल का कहना है कि अधिक रुपये लेने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंच कर आपरेटर को चेतावनी दी है। वहीं एसडीएम एनराम ने बताया कि बीएसएनएल कार्यालय में आधार केंद्र पर मानक से अधिक रुपये वसूलने की फोन पर शिकायत मिली थी। लिखित शिकायत न मिलने पर आधार केंद्र आपरेटर को चेतावनी दी गई है।

## बच्चों के शारीरिक मानसिक विकास के लिए खेलकूद जरूरी

**शेरगढ़, अमृत विचार :** खेल जगत फाउंडेशन के बैनर तले आरबी इंटर कॉलेज टांडा मानपुर (शेरगढ़) में द्वितीय मेजर ध्यानचंद खेल स्पर्धा हुई, जिसमें कबड्डी, क्रिकेट, रस्साकसी,वालीबॉल,खो-खो, भाषण और दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन अंडर 19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के बीच किया गया। प्रतियोगिता का आरंभ भोजीपुरा विधायक शहजिल इस्लाम अंसारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। रस्साकसी में आरबी इंटर कॉलेज के छात्र कप्तान मोहसिम की टीम विजेता रही। खो-खो में आयुषी की टीम और वालीबॉल में अदनान की टीम विजयी रही। क्रिकेट में रजा एकेडमी स्कूल के कप्तान अयान की टीम ने बाजी मारी। बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में युवा मंडल विद्यालय शेरगढ़ की छात्रा सलोनी प्रथम रही।

## घर में घुसकर युवती से छेड़खानी

**रिठौरा, अमृत विचार :** एक झोलाछाप से एक युवती को इलाज करना महंगा पड़ गया। आरोपी ने उसके घर में घुसकर छेड़खानी की, पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। युवती ने बताया कि उसने बुधवार को झोलाछाप फैजान से पेट के दर्द की दवा ली थी। गुरुवार को वह उसके घर में घुस आया और उससे छेड़खानी करने लगा, इसी दौरान युवती का भाई आ गया। उसे देखकर आरोपी भाग गया। पीड़ित ने थाना हाफिजगंज में मामले की लिखित शिकायत की गई। जिस पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया झोलाछाप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। शीघ्र ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। वहीं संबंधित विभाग को भी मामले से अवगत कराएंगे।

**सम्मन विनावर इनफिसाल मुकदम्मा**
**(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)**
**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी (न्यायिक) दातागंज (बदायूं)**
**मु. T202412070301794 वर्ष 2024**

सेवाराम वनाम मुलू आदि धारा 144 उ.प्र. राजस्व सहिता 2006 ग्राम धरेली परगना सलेमपुर तहसील दातागंज जिला बदायूं नियत तिथि 29.11.2024 सेवाराम ग्राम धरेली परगना सलेमपुर तहसील दातागंज जिला बदायूं वादी वनाम 1. मुलू पुत्र ब्रजलाल 2. बुधपाल पुत्र ब्रजलाल 3. हरी प्रसाद पुत्र ब्रजलाल 4. सत्यप्रकाश नाद्र पुत्र गंगाराम 5. जैपाल ना. पुत्र गंगाराम 6- कु. प्रीति ना. पुत्री गंगाराम वली व वाद मित्र उर्मिला सगी मां प्रतिवादी स. 7 7. उर्मिला वेवा गंगाराम 8. शकंर लाल पुत्र धर्मपाल 9. अवनीश ना. पुत्र धर्मपाल वली व वाद मित्र सावित्री देवी सगी मां प्रतिवादी स. 10 10 सावित्री वेवा धर्मपाल निवासीगण ग्राम धरेली परगना सलेमपुर तहसील दातागंज जिला बदायूं प्रतिवादीगण खास 11. धनदेवी वेवा रामविलास 12. रतीराम पुत्र रामविलास 13. भूपेन्द्र पाल शाक्य पुत्र रामविलास निवासीगण ग्राम धरेली परगना सलेमपुर तहसील दातागंज जिला बदायूं तरतीवी प्रतिवादीगण 14. सरकार उ.प्र. द्वारा कलेक्टर जिला बदायूं 15. गांव पचांयत धरेली द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम धरेली परगना सलेमपुर तहसील दातागंज जिला बदायू कानूनी प्रतिवादीगण

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत 144 उ.प्र. राजस्व सहिता 2006 ग्राम धरेली परगना सलेमपुर तहसील दातागंज जिला बदायूं दायर है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप व तारीख 29.11.2024 को वबक्त 10 वजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदम्मे के हालात से करार बकाई वाकिफ किया हो और जो कुल उमूर अहम मुताल्लिक में मुकदमें का जवाव दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो कि जो जबाव ऐसे सवालात का दो सके हाजिर हो और जवावदेही का दाबा करे और हर माह तारीख जो आपके इजहारों के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के जहबीज हुई पर आपसी लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहो की जिनकी शहदत पर व बीच तमाम दस्त वेताज का जिन पर आप अपनी जबावदेही के ताईद मे इस्तदलाल करना चहायते हो पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मसकूर आप हाजिर न होगें तो मुकदम्मा वगैर हाजिर आपके मसमूआ और फैसला होगा। दरख्वास्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत को आज तारीख 26.11.2024 को जारी किया गया।

उपजिलाधिकारी (न्यायिक), दातागंज, बदायूं

**कार्यालय ग्राम पंचायत भवानीपुर वि.खं. निगोही, शाहजहांपुर**

**अल्पकालिन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड निगोही शाहजहांपुर वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भवानीपुर में निम्नकार्य को कराए जाने हेतु कार्यस्थल पर सामग्री, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, सरिया, बजरी, ईंट की रोड़ी, ईट अव्वल, ईट खडंजा आदि की आवश्यकता है। सामग्री की कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु सम्बन्धित ग्राम पंचायत के कार्यालय पर निविदायें आमंत्रित की जा सकती है। मोहरबन्द निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर रखे टेण्डर बॉक्स में इस निविदा के प्रकाशन के उपरान्त 29.11.2024 के अन्दर डाली जा सकती है। जो उसी दिन 3:00 बजे सम्बन्धित प्रधान/सचिव द्वारा अधिकृत फर्मो/विक्रेताओं के प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत भवानीपुर में गौशाला के चारों ओर बाउण्ड्री वाल का निर्माण। |
| 2 | ग्राम पंचायत भवानीपुर में विनोद के मकान से सूरज पाल के मकान तक सी.सी. व नाली निर्माण। |
| 3 | ग्राम पंचायत भवानीपुर में मदनलाल के मकान से गुड्डू के खेत तक इंटरलॉकिंग निर्माण। |

अन्जू देवी मौर्य (ग्राम प्रधान) श्रवण कुमार (सचिव)

**कार्यालय नगर पंचायत बिशारतगंज, बरेली**

पत्रांक : 301/न.पं.बि./2024-25 दिनांक : 28.11.2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 में नगर पंचायत बिशारतगंज को रा.वि.आ. की धनराशि से विभिन्न स्थानों पर अलाव लगवाने हेतु सूखी जलौन लकड़ी की आपूर्ति हेतु निविदा पत्र (प्रति कुन्टल दरें/भाव पत्र) दिनांक 10.12.2024 को अपरान्ह 01:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। प्राप्त निविदायें (प्रति कुन्टल में दरें/भाव पत्र) उसी दिनांक अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोले जायेंगे। निविदा पत्र दिनांक 09.12.2024 को समय दोपहर 02:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत बिशारतगंज से क्रय किये जा सकते हैं। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी महोदय में निहित होगा।

| क्रम सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित मात्रा (कुन्टल में) | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सूखी लकड़ी/बुरादा की आपूर्ति का कार्य | 800 | 25000/- | 590/- | 02 माह |

उक्त आपूर्ति से सम्बन्धित अन्य शर्ते व जानकारी किसी भी कार्य-दिवस में कार्यालय में ज्ञात की जा सकती है।

(जितेन्द्र कुमार) अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बिशारतगंज, बरेली।
(मो. ताज) अध्यक्ष नगर पंचायत बिशारतगंज, बरेली।

## मानस में कृपासिंधु गुरु के रूप में हरि की स्तुति की गई

● **गंगाशील महाविद्यालय व्याख्यान माला में डॉ. चन्द्रपाल शर्मा ने रामचरित मानस पर रखे विचार**



**नवाबगंज, अमृत विचार :** गंगाशील महाविद्यालय फैजुल्लापुर में निशान्त गुप्ता की स्मृति में सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान श्रृंखला के तीसरे दिन ऑफलाइन सेमिनार हुई। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में कुमार विश्वास के पिता डॉ. चन्द्रपाल शर्मा ने विचार रखे। सेमिनार की शुरूआत डॉ. चन्द्रपाल शर्मा, महाविद्यालय के सचिव डॉ. एनके. गुप्ता, प्रबन्ध निदेशिका डॉ. शशिबाला राठी समेत अन्य ने दीप प्रज्जवलित कर किया। डॉ. चन्द्रपाल शर्मा ने मानस पर अपने विचार रखते हुए कहा कि 266 ग्रन्थों का अध्ययन कर इसकी रचना की गई है। महात्मा गांधी के अनुसार रामचरितमानस एक जीवित ग्रन्थ है। किसी काव्य की रचना प्रयोजन से ही होती है, तुलसीदास ने यह काव्य पुण्य के लिए लिखा है। सुन्दरकांड का पाठ घर-घर में आज भी कल्याण की भावना के लिए किया जाता है। सामाजिक संदेश के रूप में मानस में आराध्य की वन्दना की जाती है, उससे पहले नारी वन्दना की जाती है। अपनी संस्कृति में नारी सदैव वन्दनीय रही हैं। इसलिए हम राधा-कृष्ण, सीता राम, भवानी शंकर जपते हैं। मानस में राम की स्तुति से पहले जानकी माता की वन्दना की गई है। आज भी तीन जीवित देवता के रूप में माता-पिता और गुरु की वन्दना की जाती है और मानस में कृपासिंधु गुरु के रूप में हरि की स्तुति की गई है। प्रबन्धसमिति के सदस्यों ने मुख्य वक्ता डॉ. चन्द्रपाल शर्मा को प्रतीक चिन्ह, शॉल व रामचरितमानस देकर सम्मानित किया। विधायक डॉ. एमपी आर्य ने कहा कि मानस जीवन जीने की कला सिखाता है। जीवन पद्धति कैसी हो, यह हमें मानस ही सिखाता है। पिता-पुत्र, भाई-भाई, पति-पत्नी, राजा प्रजा के रूप में सम्बन्ध मानस ही दर्शाता है। व्याखान श्रृंखला के अन्त में महाविद्यालय के निदेशक डॉ. दुरेश चन्द जी ने मुख्य वक्ता व मुख्य अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. सुरेश बाबू मिश्रा, कवि रोहित राकेश, डॉ. प्रदीप शर्मा, प्रदीप गोयल, रणजीत पांचाले, साहूरामस्वरूप महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अनुपमा मल्होत्रा, प्रो. प्रीति पाठक, प्रो. अनामिका कौशिवा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सीबी पांडेय के निधन पर जताया शोक

**नवाबगंज, अमृत विचार :** लीगल बार के संस्थापक अध्यक्ष सीबी पांडेय के निधन पर गुरुवार को अधिवक्ताओं ने शोक संवेदना व्यक्त कर न्यायिक कार्य से दूर रहे। इस दौरान बार अध्यक्ष सैयद माजिद हुसैन जैदी , पूर्व अध्यक्ष रविंद्र पाल गंगवार, सुधाकर लाल रस्तोगी , लक्ष्मी नरायन गंगवार , शिशुपाल गंगवार, शारिक खान, बार के पूर्व सचिव जमील अहमद अंसारी, बहेड़ी बार अध्यक्ष शकील गुरु के साथ ही एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय, विधायक डॉ. एमपी आर्य, पालिकाध्यक्ष पति नीरेन्द्र सिंह राठौर,पूर्व प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार समेत अन्य शोक जताते हुए अंतिम विदाई दी।

## रंजिशन जेसीबी से रास्ता खोदा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** रंजिशन दबंगों ने एक ग्रामीण के घर तक जाने वाले रास्ते को जेसीबी से खोद दिया, विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। पीड़ित ने रास्ते के खोदते समय का वीडियो बनाकर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की। नवाबगंज के थाना क्षेत्र के गांव सुतय्या कला निवासी सुखप्रीत ने बताया कि गाटा संख्या 390 जो कि उसकी जमीन है, उसी से उसका रास्ता है। गांव के दबंगों ने रंजिशन बुधवार रात हथियार के साथ जेसीबी लेकर पहुंचे और रास्ते को खोदने लगे, विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की।

## तमंचा -कारतूस के साथ गिरफ्तार

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** पुलिस ने एक युवक को तमंचा और दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया, रिपोर्ट दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि गुरुवार को गश्त के दौरान बेहटा रोड पर संदिग्ध लगने पर फुरकान निवासी वार्ड नंबर 3 कस्बा बिशारतगंज की तलाशी ली गई उसके पास तमंचा और कारतूस मिले।

**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, लखीमपुर खीरी**

पत्रांक: आर.टी.ई.-25/आवेदन/4290-98/2024-25 दिनांक: 26.11.2024

**आदेश/विज्ञप्ति**

**विषय:- नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार का अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(ग) के अन्तर्गत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को कक्षा-1/पूर्व प्राथमिक कक्षा में ऑनलाइन प्रवेश हेतु शैक्षिक सत्र 2025-26 में आवेदन करने लिए समय-सारिणी।**

उपर्युक्त विषयक महानिदेशक स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्रांक: आर.टी.ई./न.प्र.-02/5623/2024-25 दिनांक 18.09.2024 के द्वारा नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)ग के अन्तर्गत (ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र हेतु) गैर-सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयों में ''अलाभित समूह'' एवं ''दुर्बल वर्ग'' के बच्चों को कक्षा-1 / पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन के लिए समय सारिणी निर्धारित की गयी है, जो निम्नवत् है:-

**समय-सारिणी**

| चरण | आवेदन करने की तिथियां | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आवेदन पत्रों का सत्यापन एवं लॉक करने की अन्तिम तिथि | लाटरी निकालने की तिथि | बच्चों के प्रवेश हेतु गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के आवंटन की सूची जारी करने का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | 01 Dec 24- 19 Dec 24 | 20 Dec 24- 23 Dec 24 | 24 Dec 24 | 27 Dec. 24 |
| द्वितीय | 01 Jan 25 - 19 Jan 25 | 20 Jan 25 - 23 Jan 25 | 24 Jan 25 | 27 Jan 25 |
| तृतीय | 01 Feb 25 - 19 Feb 25 | 20 Feb 25 - 23 Feb 25 | 24 Feb 25 | 27 Feb 25 |
| चतुर्थ | 01 Mar 25 - 19 Mar 25 | 20 Mar 25 - 23 Mar 25 | 24 Mar 25 | 27 Mar 25 |

1. ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में स्थापित विद्यालयों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन के लिए वेबसाइट http://rte25.upsdc.gov.in निर्धारित है, उक्त वेबसाइट पर पात्रता हेतु शर्तो एवं आवश्यक दिशा-निर्देश उपलब्ध है।
2. उक्त योजना के अन्तर्गत शैक्षिक सत्र 2025-26 में कक्षा-1 / पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश दिया जाना बाध्यकारी होगा, जो विद्यालय की अधिकतम कक्षा/कक्षा- 08 तक की शिक्षा के लिए मान्य होगा।
3. आर.टी.ई.-25 की धारा 12(ग) के अन्तर्गत सत्र 2025-26 में जनपद के 825 विद्यालयों में कुल 5387 शीट इन्टैक/शीटें हैं।

प्रवीण कुमार तिवारी
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
लखीमपुर-खीरी

**कार्यालय ग्राम पंचायत मूढ़ा बुजुर्ग ब्लॉक बेहजम खीरी**

पत्रांक:- मेमो/निविदा/2024-25 दिनांक 28/11/2024

जनपद के समस्त पंजीकृत सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि विकासखंड बेहजम वर्ष 2024-25 के अंतर्गत केंद्रीय वित्त/पंचम वित्त योजना के तहत निम्नलिखित सामग्री की दरों की आवश्यकता है। आपूर्ति ग्राम पंचायत मद में कराए गए कार्यो के कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति की अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। रजिस्टर्ड इच्छुक फार्म आपूर्तिकर्ता जिनका रजिस्ट्रेशन जीएसटी/इनकम टैक्स में पंजीकृत हो उन्हीं के द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर निविदा आमंत्रित की जानी है जिनकी निविदा बिक्री 29/11/24 से 03/12/24 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में कि जावेगी। जो 04 दिसम्बर तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 2 बजे तक निविदा टेंडर बॉक्स में आमंत्रित की जाएंगी। जिन्हें 05/12/24 को अपराहन 3:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा दाता व उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी निविदा स्वीकृत होने के पश्चात समय-समय पर धन राशि की उपलब्धता के आधार पर आपूर्ति आदेश प्रथक से जारी किए जाएंगे।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | ब्रिक्स | कुल लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | सुरेश त्रिपाठी के मकान से उत्तर सीसी रोड तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य । | 7613 nos | 387000.00 |
| 2 | रामदयाल के मकान से कालिदास के मकान तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य | 6248 nos | 334600.00 |
| 3 | दिलशाद के घर से लौंगश्री के घर तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 2520 nos | 133500.00 |

माया देवी, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत मूढ़ा बुजुर्ग ब्लॉक बेहजम खीरी
अमीर चंद्र राना, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत मूढ़ा बुजुर्ग ब्लॉक बेहजम खीरी

### डीआईजी ने मुस्लिम धर्मगुरुओं संग किया संवाद, शांति की अपील

**संभल, अमृत विचार :** पीस कमेटी की बैठक में डीआईजी ने धर्मगुरुओं से संवाद कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। बैठक में शाही इमाम आफताब वारसी ने शहर के लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण अदा करने की अपील की। संभल में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित बैठक के दौरान डीआईजी मुनिराज जी ने मुस्लिम धर्मगुरुओं से बात चीत कर शहर की शांति व्यवस्था को लेकर उनकी बात सुनी। इसके साथ ही डीआईजी ने शहर को अमन के रास्ते पर लाने के लिए धर्मगुरुओं से सक्रिय होकर भूमिका निभाने को कहा। डीआईजी ने कहा कि मुस्लिम धर्मगुरु अपने क्षेत्र के लोगों को समझाएं कि वह किसी तरह की अफवाहों में ध्यान न दें। जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से अदा कराने का काम करें। इस दौरान शाही मस्जिद के इमाम आफताब वारसी द्वारा संभलवासियों से शांतिपूर्ण तरीके से जुमे की नमाज अदा करने की अपील की। इस दौरान जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा आदि मौजूद रहे।

# संभल में बवाल के तीन और उपद्रवी गिरफ्तार

## दरोगा से लूटी गई मैगजीन व हथियार बरामद, आगजनी के मामले में 30 लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** जामा मस्जिद में सर्वे के विरोध पर रविवार को हुए बवाल के मामले में पुलिस ने गुरुवार को तीन और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से दरोगा से लूटी गई पिस्टल की मैगजीन, तीन तमंचे व कारतूस बरामद किए गए हैं। पथराव, फायरिंग व आगजनी के मामले में अब तक कुल 30 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

जामा मस्जिद में रविवार को सर्वे का विरोध हुआ था। मुस्लिम समुदाय के लोगों की भीड़ ने तीन रास्तों से घेरकर पुलिस पर पथराव व फायरिंग के साथ ही आगजनी की थी। आधा दर्जन से अधिक वाहनों में आग लगा दी गई थी। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने किसी तरह हालात संभाले थे। पुलिस ने हिंसा में शामिल 27 लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। अब जांच में पता चला कि आगजनी, पथराव व फायरिंग करने वालों की भीड़ में सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय निवासी फैजान अब्बासी, देहली दरवाजा निवासी आमिर पठान और मुहल्ला कोट गर्बी निवासी मोहम्मद अली भी शामिल थे। फैजान अब्बासी, आमिर पठान और मोहम्मद अली ने अपने साथ लेकर आए तमंचे से पुलिस पर फायरिंग की थी और पुलिस से पिस्टल की मैगजीन व रबर बुलेट छीनकर फरार हो गए थे। तभी से पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए फैजान अब्बासी, आमिर पठान और मोहम्मद अली अपने-अपने घरों में छुपकर रह रहे थे।गुरुवार को अपने अपने घरों में छिपे होने की सूचना मिलने पर पुलिस फैजान अब्बासी, आमिर पठान और मोहम्मद अली के घर पहुंची। यहां से बवाल के दौरान पुलिस से छिनी गई मैगजीन व हिंसा के दौरान फायरिंग करने में इस्तेमाल तीन तमंचे बरामद कर पुलिस ने फैजान अब्बासी, आमिर पठान और मोहम्मद अली को गिरफ्तार कर लिया। हिंसा को लेकर अलग अलग पुलिस ने मैगजीन छीनने व पुलिस पर फायरिंग और बवाल करने के आरोप में सात रिपोर्ट दर्ज की थी। तभी से पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आरोपियों की तलाश में जुटी है। जिसमें फायरिंग करने व पथराव करने में 74 लोगों की पहचान हो चुकी है और 40 उपद्रवियों के पुलिस ने फोटो सार्वजनिक किए हैं।



संभल में कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में बवाल के आरोपी। ● अमृत विचार

### चन्दौसी में कोर्ट व आसपास का क्षेत्र छावनी में तब्दील

**चन्दौसी, अमृत विचार :** शाही जामा मस्जिद व हरि हर मंदिर सर्वे को लेकर जिला न्यायालय में शुक्रवार को सुनवाई होगी। सुरक्षा की दृष्टि से न्यायालय के अंदर व बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। न्यायालय के आसपास छतों पर सुरक्षा कर्मी मुस्तैद रहेंगे। मुंसिफ रोड, आवास-विकास, मयूर विहार व सरस्वती विहार पूरी तरह बंद रहेगा। अदालत में जाने वाले लोगों की चेकिंग की जा रही है।अदालत में आरएएफ, पीएसी व पुलिस सहित आला अधिकारियों की तैनाती की गई है। संभल में जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान 24 नवंबर को बवाल हो गया था। शुक्रवार को सर्वे को लेकर जिला न्यायालय में सुनवाई है। गुरुवार को सीओ संतोष कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह पुलिस बल के साथ जिला न्यायालय पहुंचीं। यहां न्यायालय परिसर व बाहर व आसपास भ्रमण किया। बताया कि सुरक्षा की दृष्टि को लेकर न्यायालय के अंदर व बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। निकट के भवनों की छतों पर भी पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। साथ ही आस-पास के क्षेत्र पर पड़े हुए ईंट-पत्थरों को हटाने के लिए कहा। बताया कि शहर में 32 से अधिक प्वाइंट बनाए गए हैं। इन स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। जिसमें बहजोई रोड स्थित मौलागढ़ व विकास नगर की पुलिया, गोशाला रोड, शक्ति नगर, मयूर विहार, सरस्वती विहार, मुंसिफ रोड पर कड़ी चौकसी रहेगी। जिसमें आरएएफ, पीएसी व पुलिस के जवान शामिल रहेंगे। इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने मुंसिफ रोड को शुक्रवार के दिन पूरी तरह बंद कर दिया। न्यायालय में जाने वाले वालों की चेकिंग की जायेगी। कई स्थानों पर बैरियर लगाए गए हैं।

### बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जिला न्यायालय में शाही जामा मस्जिद प्रकरण में पुलिस ने बाहरी व्यक्ति के नगर में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। जबकि सीओ व प्रभारी निरीक्षक भी जगह-जगह लोगों से बाहरी लोगों को घर न बुलाने की बात कह रहे हैं। साथ ही पुलिस द्वारा अनाउंसमेंट भी कराया जा रहा है। जिसमें नगरवासियों से बाहरी व्यक्ति को घर बुलाने पर पाबंदी की बात कही जा रही है।

## सार-संक्षेप

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले को 10 वर्ष की सजा

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के रुपईडीहा थाना क्षेत्र के चिलबिला गांव निवासी एक अभियुक्त को नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में विशेष न्यायाधीश पाक्सो ने बृहस्पतिवार को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्त को 11 हजार के अर्थ दंड से दंडित भी किया है। थाना रुपईडीहा के एक गांव निवासी पिता ने थाने पर 29 अगस्त 2015 को तहरीर दी थी। तहरीर में पीड़ित पिता ने कहा था कि उसकी 14 वर्षीय बेटी के साथ थाना क्षेत्र के चिलबिला गांव निवासी मुंडे ने जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित पिता ने थाने की पुलिस से घटना में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की थी। थाने की पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अभियुक्त को घटना में दोषसिद्ध करते हुए 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

### घोड़े ने मचाया उत्पात, छह को काटकर किया घायल

**निगोही, अमृत विचार :** निगोही में हमजापुर चौराहा से लेकर पुवायां रोड स्थित बिजली घर तक घोड़े के उत्पात से भगदड़ मच गई। इस दौरान घोड़े ने छह लोगों को काटकर घायल कर दिया। गुरुवार सुबह करीब दस बजे हमजापुर चौराहे के पास घोड़े ने अचानक एक युवक को काट लिया। लोगों ने उसे जैसे-तैसे छुड़ाया। इसके कुछ देर बाद दूसरे व्यक्ति को काट लिया और फिर उसने सड़क पर दौड़ लगानी शुरू कर दी। इससे भगदड़ मच गई और लोग खुद को बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान उसने दो टैंपो चालकों को और दो अन्य लोगों को काट लिया। कुल छह लोगों को काटकर घायल कर दिया। घोड़े का उत्पात हमजापुर चौराहे से लेकर पुवायां रोड स्थित बिजली उपकेंद्र तक काफी देर तक मचा रहा। दुकानदार अपनी दुकानों में बैठ गए, उधर से निकलने वाले राहगीरों ने भी दुकानों में शरण ले ली। बाद में कुछ लोगों ने हिम्मत जुटाकर ईंट-पत्थर व डंडे से प्रहार कर उसे कस्बे से बाहर खेतों की ओर खदेड़ दिया। घोड़ा के काटने से घायल हुए कस्बा निवासी सरफराज, शमशेर का सीएचसी पर प्राथमिक उपचार किया गया, वहीं चार अन्य लोग निजी चिकित्सक के पास चले गए।

### 8 वर्षीय बालक से कुकर्म में दोषी को 20 वर्ष की सजा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** 8 वर्षीय बालक के साथ कुकर्म के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (रेप केसेस एंड पॉक्सो एक्ट) की अदालत ने दोषी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 25 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। शासकीय अधिवक्ता (पॉक्सो एक्ट) नरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि जनपद संभल के थाना जुनावई क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 23 मई 2022 को थाने में तहरीर दी थी। जिसमें आरोप था कि 21 मई 2022 की शाम चार बजे उसका पुत्र नलकूप पर स्नान करने गया था। तभी गांव के एक व्यक्ति भगवान सिंह उर्फ भगवान स्वरूप उसके पुत्र को पकड़ नलकूप की कोठरी में ले गया। जहां उसने लड़के के साथ गलत काम किया तथा बुरी तरह मारपीट भी की। उक्त मुकदमें की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (रेप केसेस एंड पॉक्सो एक्ट) निर्भय नारायण के न्यायालय में हुई। न्यायालय ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनी। अंत में न्यायालय ने भगवान सिंह उर्फ भगवान स्वरूप को कुकर्म व पॉक्सो एक्ट का दोषी मानते हुए 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई।

### अब्बास अंसारी की जमानत याचिका पर सुनवाई टली

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में अब्बास अंसारी की जमानत याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए याची की ओर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय के अनुरोध पर मामले को स्थगित कर दिया। कोर्ट ने याची के अधिवक्ता के अनुरोध को स्वीकार करते हुए इस बात पर जोर दिया कि याची के अधिवक्ता इस बात को ध्यान में रखें कि वर्तमान आवेदक की ओर से दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने जमानत आवेदन का शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया था, जिसके अनुपालन में वर्तमान जमानत याचिका की सुनवाई में तेजी लाई गई है जबकि याची की ओर से स्वयं ही जमानत आवेदन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के 18 दिनों के बाद दाखिल किया गया है। मामले को आगामी 11 दिसंबर 2024 के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

### नेडा ने मांगी फीडरों के लिए जगह

**लखनऊ, अमृत विचार :** कृषि कार्यों में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए पीएम कुसुम सी-2 योजना के तहत 36 जिलों में कृषि फीडरों का सौर ऊर्जीकरण किया जाएगा। इसके लिए यूपी नेडा सब स्टेशन के पांच किमी की परिधि में कई सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करेगा। पंचायती राज विभाग ने जिलों में प्लांट के लिए जमीन मांगी है। नेडा सोलर पॉवर प्लांट से उत्सर्जित बिजली सब स्टेशनों को देगा, जो उनके ग्रिड में जुड़ेगी और फीडरों से सिंचाई व कृषि कार्य के लिए आपूर्ति की जाएगी। इन सोलर पॉवर प्लांट के संचालित होने से बिजली की खपत कम होगी। योजना में 36 जिलों में चयनित 942 सब स्टेशन के लिए फीडरों के लिए नेडा से 3,205 मेगावाट बिजली मांगी गई है। योजना में जो जिले शामिल हैं उनमें लखनऊ, कानपुर, बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत, बहराइच, संतकबीर नगर, कौशाम्बी, मिर्जापुर, हापुड़, बुलंदशहर, बिजनौर, मुरादाबाद, अमरोहा, गाजियाबाद, बागपत, मेरठ, रामपुर, सम्भल, मुजफ्फनगर, शामली, गौतमबुद्ध नगर, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़, एटा, हाथरस, फिरोजाबाद, मैनपुरी, कानपुर देहात आदि शामिल हैं।

## बुलंदशहर में शहद चुराने पर साढ़े चार साल की सजा

बुलंदशहर, एजेंसी



● बीते नौ साल से चल रहा था मुकदमा

जिले की एक अदालत ने एक निजी मधुमक्खी पालन केंद्र में चोरी के मामले में एक व्यक्ति को चार साल सात महीने और 11 दिन की सजा सुनाई है। कोर्ट का यह फैसला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

मामला वर्ष 2015 का है, जब गांव रूडपुर बांगर के अमरवीर सिंह पर आरोप लगा कि उन्होंने छतारी के मधुमक्खी पालन केंद्र से शहद के 76 डिब्बे चुरा लिए। इसके बाद मधुमक्खी केंद्र के मालिक मोहम्मद उस्मान ने 10 सितंबर 2015 को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने जनवरी 2016 में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। नौ साल तक चली सुनवाई के बाद अतिरिक्त सिविल जज यज्ञेश कुमार सोनकर ने इसी महीने 26 नवंबर को अभियुक्त को दोषी ठहराया था।

## रामायण मेले में उप्र के कलाकारों को दी जाए वरीयता

**अयोध्या,अमृत विचार :** रामायण मेले में उत्तर प्रदेश के कलाकारों को वरीयता दी जाए। ये निर्देश पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने दिए। उन्होंने रामायण मेले के द्वितीय पोस्टर का अनावरण लखनऊ में किया और 5 दिसंबर से आरंभ हो रहे रामायण मेले में आने की स्वीकृति भी दी है। मंत्री ने कहा कि वर्तमान में संस्कृत विभाग में 25000 कलाकार पंजीकृत हैं। कार्यक्रम की गुणवत्ता के लिए जो भी आवश्यकता हो वह रामायण मेला समिति को प्रदान की जाए।

## एमआई बिल्डर्स के खिलाफ जांच रिपोर्ट दबाने में जुटे रहे अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** एमआई बिल्डर्स को टाउनशिप के लिए भले ही एलडीए के पूर्व वीसी सत्येंद्र सिंह यादव ने लाइसेंस जारी किया था। पर, सच यह भी है कि अन्य अधिकारियों ने भी बिल्डर्स मो. कादिर पर मेहरबानी की। बिल्डर्स का रसूख ऐसा था कि अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास ने जांच की फाइल को अपने रिटायर्ड होने तक दबाए रखी। आयकर छापे के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच की जद में बिल्डर के मददगार अधिकारी भी आ गए हैं। इन सभी का ब्योरा ईडी टीम जुटा रही है।

एमआई बिल्डर्स के खिलाफ धनप्रकाश बुद्धिराजा की शिकायत की जांच 3 अगस्त 2021 को अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग को सौंपी गई। जांच ग्रहण करने के 18 माह के बीच में कोई कार्रवाई नहीं की गई। यहां तक कि किसी पक्ष का बयान नहीं दर्ज कराया। अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख 28 अगस्त 2023 तक इस फाइल को कार्यालय की आलमारी में दबाए रखा। जिसका सीधा फायदा एमआई बिल्डर्स को हुआ।

## एयरपोर्ट के पास घर के लिए भूखंड लेने का क्रेज

**लखनऊ,अमृत विचारः** फिल्म सिटी और जेवर एयरपोर्ट के पास घर बनाने का उत्साह दिख रहा है। कुल 451 आवासीय भूखंड के लिए 62,865 आवेदन आ चुके हैं, जबकि अभी पंजीकरण की आखिरी तिथि 30 नवंबर है। यीडा ने प्रदेश के किसानों के लिए 17.5 प्रतिशत भूखंड पहले ही आरक्षित रखे हैं। यीडा की ओर से जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 15 मिनट, इंटरनेशनल फिल्म सिटी से एक किमी और यमुना एक्सप्रेस-वे और मोटो जीपी ट्रैक से पांच सौ मीटर की दूरी पर नोएडा के सेक्टर-24 ए में हाईटेक टाउनशिप विकसित की जा रही है।

## जल्द ही जिला कारागारों में खोली जाएंगी गोशालाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश के सभी कारागारों में गोशालाएं खोली जाएंगी, ताकि बंदियों को गोसेवा करने का मौका मिले, साथ ही, वे गोआधारित उत्पादों का सेवन कर सकें। उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग की बोर्ड बैठक इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। इसके अलावा



महाकुंभ 2025 में आयोग का स्टाल लगाने, गोवंश के महत्व व पंचगव्य आधारित उत्पादों का जन-जन तक प्रचार-प्रसार करने समेत कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

प्रदेश के गांवों में ग्राम गोवंश संरक्षण समिति बनाने का प्रस्ताव पारित हुआ। इसके अलावा बिजली विभाग, एमएसएमई व आयुष विभाग को भी बोर्ड में जोड़े जाने की सहमति दी गई। बैठक में प्रत्येक गोआश्रय स्थल व अस्थाई गोआश्रय स्थल को प्रत्येक माह समय पर धनराशि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। गोआश्रय स्थलों को सामाजिक संगठनों, स्वयं सहायता समूहों व गैर सरकारी संगठनों को समझौता ज्ञापन के तहत अनुबंध कर संचालित करने पर आम सहमति बनी।

बैठक में निराश्रित गोवंशों को प्राकृतिक खेती मॉडल से जोड़कर किसानों को हरा चारा उपलब्ध कराने व उन्हें पैदावार के लिए गोआधारित प्राकृतिक खाद उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

## रिमझिम इस्पात समेत कई फर्मों पर छापेमारी

**कानपुर, अमृत विचार।** आयकर और महानिदेशालय जीएसटी इंटेलिजेंस की संयुक्त टीम ने कई कारोबारियों और उद्यमियों के ठिकानों पर प्रदेश में 40 स्थानों पर छापे मारे। शहर में 8 स्थानों में छापेमारी की गई। छापेमारी में मुख्य रूप से रिमझिम इस्पात लिमिटेड और उसके साथ कारोबार में जुड़ी इस्पात फर्मों को टीम ने जद में लिया। छापेमारी के दौरान करोड़ों रुपये की करअपवंचना के सबूत अधिकारियों को मिले हैं। इन टीमों में 200 अधिकारी शामिल रहे।

उन्नाव, हमीरपुर, भरुआ सुमेरपुर व नोएडा में प्रमुख रूप से छापेमारी की गई। इन शहरों में रिमझिम इस्पात कंपनी की फैक्ट्री, घर, गोदाम व कॉरपोरेट ऑफिस में जांच की गई।

# उत्तराखंड

### 40 लाख के जेवरात से भरा बैग रेलवे स्टेशन पर छूटा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज प्राचार्य के भाई पत्नी के साथ शादी में शामिल होने के लिए दिल्ली जा रहे थे। गलती से 40 लाख रुपये के जेवर से भरा बैग काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर छूट गया। सूचना मिलते ही सक्रिय हुई जीआईपी ने कुछ ही समय में बैग को तलाश लिया। जीआरपी थानाध्यक्ष नरेश कोहली ने बताया कि राजकीय मेडिकल कालेज के प्राचार्य अरुण जोशी के भाई अशोक जोशी, पत्नी अनीता जोशी निवासी तल्लीताल को गुरुवार को दिल्ली जाना था। दोपहर में दंपति रेलवे स्टेशन पर कई बैग लेकर पहुंचे। कुली की मदद से बैग शताब्दी ट्रेन के कोच में रखे गए, लेकिन अनीता ने हाथ में पकड़े 40 लाख की जेवर से भरे बैग को गलती से प्लेटफार्म पर छोड़ दिया। याद आया तो वह वापस लौटीं, लेकिन तब तक बैग गायब था। उन्होंने जीआरपी से इसकी शिकायत की। जीआरपी ने सीसीटीवी खंगाले तो एक महिला पर्यटक बैग को ले जाती दिखी। जिसे उसने प्लेटफार्म पर स्थित एक स्टॉल पर दे गई। बैग को जीआरपी ने कब्जे में ले लिया है। जीआरपी थानाध्यक्ष नरेश कोहली ने बताया कि महिला के दिल्ली से लौटने पर बैग उनके सुपुर्द कर दिया जाएगा।

### कैंची धाम में जाम से निजात दिलाने की मांग

**रानीखेत, अमृत विचार :** जिला व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर कैंची धाम पर रोजाना लगने वाले जाम से निजात दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जाम के कारण अधिकांश यात्री कैंची धाम में फंस जाते हैं। जिन्हें ट्रेन से महानगरों की ओर जाना होता है, वह समय पर नहीं पहुंच पाते हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद के माध्यम से भेजे ज्ञापन में कहा कि कैंची धाम में रोजाना जाम लगने से यात्रियों की काफी फजीहत होती है। जाम के कारण अधिकांश यात्रियों की ट्रेन छूट जाती है। अल्मोड़ा, रानीखेत, बागेश्वर, पिथौरागढ़ के यात्रियों को जाम के चलते काफी कठिनाई होती है। कई बार एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती है। उन्होंने जाम की समस्या से शीघ्र निजात दिलाने की मांग की।

### डॉ. गुंज्याल बने स्थायी कुमाऊं स्वास्थ्य निदेशक

**नैनीताल, अमृत विचार :** कुमाऊं स्वास्थ्य निदेशक के पद पर डॉ. नर सिंह गुंज्याल ने गुरुवार को स्थायी नियुक्ति का कार्यभार ग्रहण कर लिया। डॉ. गुंज्याल ने 18 जुलाई 2024 को कुमाऊं स्वास्थ्य निदेशक के कार्यवाहक के रूप में पदभार ग्रहण किया था। गुरुवार से उनकी स्थायी नियुक्ति हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टम्टा, डॉ. एमएस दुग्ताल, डॉ. नरेंद्र रावत, डॉ. द्रौपदी गर्ब्याल, डॉ. सुधांशु, डॉ. हर्षवर्धन पंत, डॉ. प्रशांत ओली, डॉ. आरुषि, डॉ. दीपिका, डॉ. गरिमा, डॉ. तनुजा, डॉ. अभिषेक, डॉ. राजेंद्र मेर, आरके जोशी, डीएस गंगोला, जेएस पवार, दिनेश चंद्र पांडे, चंदन, कविता कुटौला, हिमांगनी, हिमांशु जोशी, अनिल कुमार, गौरव मौजूद रहे।

### नर्स से छेड़छाड़ : जांच में लेन-देन का निकला मामला

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** जिस युवक को हिस्ट्रीशीटर बताकर नर्स ने उस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था, उस मामले की दिशा बदलती नजर आ रही है। मामले में आरोपी युवक ने भी एक तहरीर पुलिस को दी है और सामने आ रहा है कि पूरा मामला छेड़छाड़ का नहीं बल्कि लेन-देन का है। हालांकि मुखानी पुलिस की जांच अभी जारी है। मुखानी क्षेत्र में रहने वाली नर्स के पति ने पुलिस को तहरीर सौंपी थी। आरोप लगाया था कि कमलुवागांजा निवासी एक व्यक्ति खुद को हिस्ट्रीशीटर बताकर उन्हें परेशान कर रहा है। उनके परिवार को धमका रहा है और पत्नी से आते-जाते छेड़छाड़ कर रहा है। इस डर से नर्स ने काम पर जाना छोड़ दिया। तीन दिन पहले वह घर वालों को डरा कर दो हजार रुपये ले गया। पुलिस ने जांच की तो मामला लेनदेन का निकला।

## नैनीताल से पांच रूटों पर रोडवेज सेवा हुई बंद

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी से कई दूर-दराज और शहरी क्षेत्रों को जोड़ने वाली रोडवेज बस सेवाओं का संचालन पिछले एक साल से बंद है। जिस कारण दूर-दराज जाने वाले यात्रियों और स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नैनीताल से मुक्तेश्वर, पिथौरागढ़, सहारनपुर, दिल्ली और ज्योलीकोट चलने वाली रोडवेज बसों का संचालन एक साल से बंद है। इन मार्गों पर बस सेवा बंद होने से यात्रियों को निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे यात्रा महंगी और असुविधाजनक हो गई है। स्थानीय लोग और दूर-दूर से यात्रा करने वाले लोग अब सार्वजनिक परिवहन के अभाव में परेशान हो रहे हैं। उन्हें महंगी टैक्सी या अन्य निजी परिवहन का सहारा लेना पड़ रहा है, जो न केवल वित्तीय बोझ बढ़ा रहा है, बल्कि यात्रा में समय की भी बर्बादी हो रही है। यह स्थिति खासतौर पर उन लोगों के लिए चुनौतीपूर्ण है जो दैनिक यात्राएं करते हैं या दूर-दराज के क्षेत्रों से कामकाजी कारणों से शहर आते हैं। रोडवेज विभाग की ओर से बस सेवाओं की बहाली के लिए कोई स्पष्ट योजना नहीं बनाई गई है, जिससे यात्रियों में असंतोष और निराशा है।

वहीं, कुछ दिन पहले रोडवेज बसों में ओवरलोडिंग बंद होने के बाद स्थानीय यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## निकाय चुनाव दिसंबर में संभव

**देहरादून अमृत विचार :** राज्य में नगर निकाय चुनाव दिसंबर माह में हो सकते हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। 15 दिसंबर तक आचार संहिता लगने की संभावना है। हालांकि निकाय चुनाव को लेकर कुछ प्रक्रियाएं अभी बाकी हैं। इसमें ओबीसी आरक्षण लागू करने संबंधी अध्यादेश पर फैसला आना बाकी है, जिस पर इस सप्ताह राजभवन से मंजूरी मिल सकती है। अध्यादेश को मंजूरी मिलने के बाद ओबीसी आरक्षण की नियमावली जारी होगी। आरक्षण नियमावली पर मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद आरक्षण लागू करने की प्रक्रिया जिलाधिकारियों के स्तर से होगी। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग अधिसूचना जारी करेगा। माना जा रहा है कि 15 दिसंबर के आसपास अधिसूचना जारी हो सकती है।

## अंतर्राज्यीय चोर गिरोह की सरगना गिरफ्तार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह की सरगना समेत दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने ज्वैलरी शॉप से चोरी किये गये आभूषण बरामद किये हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया जाता है कि आरोपी उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में कई जगह चोरियों को अंजाम दे चुके हैं।

13 अक्टूबर 2023 को भतरौजखान निवासी राजेश चौधरी ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा था कि उनकी ज्वैलरी की दुकान से चार अक्टूबर को दो अज्ञात महिलाओं ने सोने की ज्वैलरी चोरी कर ली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इधर, बीते बुधवार को पुलिस ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाली सरगना चम्पा देवी पत्नी महेंद्र सिंह निवासी दुर्गेश नगर थाना कटघर मुरादाबाद और सुनीता पत्नी देवेन्द्र सिंह निवासी सैनिक कॉलोनी थाना काशीपुर ऊधमसिंह नगर को घुघुतिधार तिराहा मोहान से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सोने का लॉकेट भी बरामद किया है। मामले में पुलिस ने दोनों महिला चोरों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### रेकी कर चोरी की घटना को देते थे अंजाम

एसएसपी देवेंद्र पींचा ने बताया कि इस गिरोह के सदस्य अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर ज्वैलरी चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। सबसे पहले यह लोग बाजार की रेकी करते हैं, जिस ज्वैलरी शॉप में ज्वैलर अकेला हो उसको निशाना बनाते हैं और ज्वैलरी देखने के बहाने ज्वैलर्स का ध्यान भटका कर उसमें से कुछ ज्वैलरी चुरा लेते हैं। इनके साथ आये अन्य गिरोह के सदस्य मौके का फायदा उठाकर ज्वैलरी को लेकर निकल जाते हैं।

### पूर्व में कई बार जेल जा चुकी है चम्पा देवी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चोरी की घटना को अंजाम देने वाली सरगना चम्पा देवी पूर्व में भी कई चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुकी है। वहीं, सरगना एनडीपीएस एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में सितारंगज, बरेली, देहरादून समेत मथुरा जेल में कई बार जेल जा चुकी है।

## आत्मनिर्भर भारत को सिविल सेवकों की भूमिका अहम : शाह

ब्यूरो, देहरादून

● केंद्रीय गृहमंत्री ने मसूरी स्थित राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी में दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

**अमृत विचार :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हम सबके सामने लक्ष्य रखा है कि 2047 में जब देश की आज़ादी की शताब्दी मनाई जाएगी, उस वक्त भारत दुनिया में हर क्षेत्र में सर्वप्रथम होगा।

अगले 25 वर्षों में एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में युवा अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले कार्य देश को आज़ादी दिलाने वाले महापुरुषों के सपनों को साकार करने में योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि यह मिशन तभी सफल होगा जब सभी 140 करोड़ देशवासी एकजुट होकर इसे साकार करेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री गुरुवार को मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी में 99वें फाउंडेशन कोर्स के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। गृह मंत्री ने कहा कि यहां एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करने वाले शिल्पियों का समूह उपस्थित है, जो अभ्यास, कर्मठता और ऊर्जा से लबरेज़ हैं। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर एक ऐसे भारत का निर्माण करना है जिसमें सभी देशवासी आत्मसम्मान और सभी सुविधाओं के साथ अपनी अगली पीढ़ी का नेतृत्व करें। केवल भारत को हर क्षेत्र में प्रथम बनाने से विकसित भारत का सपना साकार नहीं होगा, बल्कि यह स्वप्न तभी साकार होगा जब 140 करोड़ लोग पूरी ताकत के साथ आगे बढ़ेंगे और समान अवसर प्राप्त करेंगे।

गृह मंत्री ने कहा कि सिविल सेवा में स्व से पर यानी अपने से पहले दूसरों के बारे में विचार करने से बड़ा कोई मंत्र नहीं है।



प्रशिक्षार्थी को सम्मानित करते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह।

## बनभूलपुरा हिंसा मामले में अब्दुल मलिक को नहीं मिली जमानत

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक को हाईकोर्ट से कोई राहत नहीं मिली। हाईकोर्ट ने जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 16 दिसंबर की तिथि नीयत की है।

गुरुवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ ने अब्दुल मलिक के जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई की। राज्य सरकार ने उनकी जमानत प्रार्थनापत्रों में आपत्तियां पेश कीं। जिसमें कहा गया कि अब्दुल दंगे का मुख्य आरोपी व साजिशकर्ता है। मलिक पर एनआईए भी लगा है, उसका जवाब भी कोर्ट में पेश किया गया है। इस पर खंडपीठ ने अगली सुनवाई के लिए 16 दिसंबर की तिथि नीयत की। मामले के अनुसार 8 फरवरी 2024 को हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके में अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम, प्रशासन व पुलिस टीम पर साजिशकर्त्ता सहित अतिक्रमणकारियों ने पथराव, आगजनी और गोलीबारी की।

न चोरहार्यं न राजहार्यं न भ्रतृभाज्यं न च भारकारि।
व्यये कृते वर्धति एव नित्यं विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्।।

न चोर चुरा सकता है, न राजा छीन सकता है, न इसका भाइयों के बीच बंटवारा होता है और न ही संभलना कोई भर है। इसलिए खर्च करने से बढ़ने वाला विद्या रुपी धन, सभी धनों से श्रेष्ठ है।

## संपादकीय

# भारत के लिए अवसर

भारत आर्थिक और भूराजनीतिक दृष्टि से बेहतर स्थिति में है और वह चीन प्लस वन की नीति से लाभ उठा सकता है। क्योंकि भारत में तकनीकी विशेषज्ञता का भंडार है। कुशल श्रमिकों का बड़ा पूल है। देश में डिजिटल प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया जा रहा है। साथ ही बुनियादी ढांचे में निवेश किया जा रहा है और उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजनाएं चलाई जा रही हैं। परंतु चीन, ताइवान और वियतनाम की तरह भारत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित नहीं कर पा रहा है। इसकी वजह से घरेलू कंपनियां वैश्विक मूल्य श्रृंखला के साथ एकीकृत नहीं हो पाई हैं। महत्वपूर्ण है कि गुरुवार को पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यन ने कहा कि वैश्विक मूल्य श्रृंखला का हिस्सा नहीं होने से भारत के निर्यात और श्रम-सघन क्षेत्रों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। जबकि विदेशी कंपनियों के चीन से इतर अन्य देशों में भी विनिर्माण इकाइयां लगाने पर जोर देने की 'चीन प्लस वन' नीति से भारत के लिए अवसर पैदा हो रहा है। वास्तव में चीन प्लस वन रणनीति से भारत को कई अवसर मिल सकते हैं।

भारत में बड़ा घरेलू उपभोक्ता बाजार है, जिससे कंपनियों के लिए यहां कारोबार करना आकर्षक हो जाता है। भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर विनिर्माण का केंद्र बनने की क्षमता है। स्मार्टफोन निर्माण और असेंबली पर ध्यान केंद्रित किया जा सकता है। वस्त्र निर्माण, जूते का उत्पादन, दूरसंचार उपकरण, खिलौने और उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्र में भी अवसर हैं। विविधता लाने के इच्छुक कारोबारियों के लिए चीन के मुकाबले भारत एक आकर्षक विकल्प है। चूंकि आज कंपनियां लागत कम करने के बजाय विविधता लाना चाह रही हैं और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना चाह रही हैं इसलिए चीन के अलावा एक अन्य निवेश केंद्र के लिए पर्याप्त अवसर रहेंगे। ऐसे में भारत का प्रारंभिक लक्ष्य होना चाहिए कम प्रौद्योगिकी वाली विनिर्मित वस्तुओं के क्षेत्र में निर्यात बाजार की हिस्सेदारी हासिल करना जो कि लागत के लिहाज से सबसे अधिक संवेदनशील होती हैं। इसके लिए मध्यवर्ती वस्तुओं की शुल्क दर कम करने की आवश्यकता है। साथ ही नए मुक्त व्यापार समझौते करने, श्रम बाजार नियमों को सरल बनाने, बेहतर अधोसंरचना, लॉजिस्टिक लागत में कमी करने तथा अनुकूल निवेश माहौल बनाने की आवश्यकता है। मौजूदा वैश्विक हालात की बात करें तो आर्थिक और भूराजनीतिक दृष्टि से भारत की स्थिति बेहतर है। सरकारी नीतियों को घरेलू मूल्यवर्धन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ताकि मूल्य श्रृंखला में अपनी स्थिति बेहतर की जाए।

# फिर भी गंगा मैली क्यों



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

**कुल मिलाकर विभिन्न नामों से गंगे परियोजनाओं के तहत लगभग 37,550 करोड़ रुपये मंजूर किए गए, लेकिन रिकॉर्ड के अनुसार जून 2024 तक केवल 18,033 करोड़ ही खर्च किए गए। अकेले सीवेज इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की लागत 15,039 करोड़ रुपये है।**

आस्था के केंद्र बनारस में गंगा और उससे मिलने वाली सहायक धाराओं वरुणा और असि में पारंपरिक देशी मछलियों का मरना, उनकी संख्या कम होना और इस इलाके में यदा कदा ऐसी विदेशी मछलियों का मिलना जो कि स्थानीय पर्यावरण को खतरा है, दर्शाता है कि नमामि गंगे परियोजना को अभी कागजों से ऊपर उठाकर बहुत कुछ करना है। मछली और जलचर किसी भी जल धारा का प्राण और मानक होती है।

काशी हिन्दू विश्व विद्यालय के प्राणी विभाग के एक ताजा शोध में बताया गया कि कि जानलेवा रसायनों के कारण गंगा, वरुणा और असि नदी में सिंघी और मांगुर समेत कई देसी प्रजातियां विलुप्त हो गई हैं। यह बात बहुत गंभीर है कि मछलियों की प्रजनन क्षमता 80 प्रतिशत तक घट गई है। शोध बताता है कि वैसे तो जो मछली जितनी अधिक वजन की होती है, उसके अंडे उतने ही अधिक होते हैं। एक मछली औसतन तीन से पांच लाख तक अंडे देती है, लेकिन गंगा में अब यह संख्या घटकर 50 से 70 हजार हो गई है। अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण पत्रिका "स्प्रिंगर" और पुणे से प्रकाशित होने वाली भारतीय शोध पत्रिका "डायमेंशन ऑफ लाइफ साइंस एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट" में हाल ही में प्रकाशित शोध पत्र बतात है कि रसायन दवाओं, माइक्रो प्लास्टिक, डिटर्जेंट, कास्मेटिक उत्पाद, पेंट, प्लास्टिक कचरा और रासायनिक खादों में मिलने वाले कि एल्काइल फिनोल और टर्ट-ब्यूटाइल फिनोल समेत कई विषाक्त रसायनों की वजह से गंगा और उसकी सहायक नदियों की मछलियों के अंडे देने की दर में भयानक गिरावट आई है। बीएचयू के प्राणी विज्ञान विभाग के प्रोफेसर राधा चौबे, सहायक प्रोफेसर डॉ. गीता गौतम का शोध बताता है कि रसायनों के कारण मछलियों की भ्रूण में मौत हो रही है।

गंगा देश की संस्कृति की पहचान और मानव विकास की सहयात्री है। इसके संरक्षण के अभी तक किए गए सभी प्रयास अमूर्त ही रहे हैं। वित्त वर्ष 2014-15 से लेकर 2020-2021 तक इस नमामि गंगे योजना के तहत पहले 20 हजार करोड़ रुपये खर्च करने का रोडमैप तैयार किया गया था, जो कि बाद में बढ़ाकर 30 हजार करोड़ रुपये कर दिया गया। वहीं 2022-23 में योजना मद में 2047 करोड़ आवंटित किए गए थे। वित्त वर्ष 2023-24 में 4000 करोड़ रूपए का बजट अनुमान रखा गया। हालांकि आवंटन केवल 2400 करोड़ रूपये का ही किया गया। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 में नमामि गंगे प्रोजेक्ट के फेज दो के लिए 3500 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

**गंगा की सेहत बिहार में भी बहुत खराब है। अभी कार्तिक पूर्णिमा के दौरान पटना में गंगा में ठीक वैसे ही सफेद झाग दिख रहे थे जैसे कि दिल्ली में यमुना में कुख्यात है। यहां दीघा नहर के जरिए कारखानों का रासायनिक जहर आ रहा है, जिससे दीघा-पाटीपुल घाट पर झाग होते हैं।**

कुल मिलाकर विभिन्न नामों से गंगे परियोजनाओं के तहत लगभग 37,550 करोड़ रुपये मंजूर किए गए, लेकिन रिकॉर्ड के अनुसार जून 2024 तक केवल 18,033 करोड़ ही खर्च किए गए। अकेले सीवेज इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की लागत 15,039 करोड़ रुपये है। यदि गंभीरता से काम किया जाए तो तंत्र की पहली भूमिका होती कि नदी में कम से कम अपशिष्ट जाए। फिर नदी के किनारे के शहर-कस्बों को नदी एक साथ बेहतर व्यवहार करने की सीख और प्रक्रिया समझाई जाए। दुर्भाग्य है कि समूचा तंत्र अधिक से अधिक एसटीपी लगाने में व्यस्त है। यह बात सरकारी आंकड़े कहते हैं कि इस परियोजना के अंतर्गत गंगा के किनारे स्थित शहरों में सीवर व्यवस्था का दुरुस्त करने, उद्योगों द्वारा बहाए जा रहे अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण के लिए शोधन संयंत्र लगाने, गंगा घाटों पर शौचालय, जैव विविधता को बचाने, गंगा बचाने की सभी पहलुओं पर काम बहुत नहीं हुआ और फिर एसटीपी पर हुए खर्च से क्या गंगा की सेहत सुधरी? बीते एक महीनों के दौरान राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) में हुई कार्यवाही से इसका काला चिट्ठा उजागर हो चुका है। कितना दुर्भाग्य है कि गंगा अपने उद्गम से ही दयनीय हो जाती है। अभी 5 नवंबर 2024 को एनजीटी, उत्तराखंड में प्रस्तुत आंकड़े बताते हैं कि गंगोत्री में एक मिलियन लीटर हर दिन की क्षमता वाले सीवर ट्रीटमेंट प्लांट से लिए गए नमूने में 100 एमएल पानी में फेकल कॉलीफॉर्म की मात्रा 540 पाई गई।

सनद रहे फेकल कॉलीफॉर्म मनुष्यों और जानवरों के मल-मूत्र से निकलने वाले सूक्ष्म जीवाणु से उपजे प्रदूषण को दर्शाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानक के मुताबिक नहाने और आचमन करने लायक पानी की गुणवत्ता का मानक 500 से कम फेकल कॉलीफॉर्म प्रति 100 एमएल होता है। जाहिर है कि गंगोत्री में ही गंगा जल इंसान के इस्तेमाल के लायक नहीं हैं। फिलहाल एनजीटी ने उत्तराखंड के मुख्य सचिव को 13 फरवरी 2025 को विस्तार से रिपोर्ट देने को कहा गया है। एनजीटी के सामने यह भी उजागर हुआ है कि कई हजार करोड़ खर्च कर उत्तराखंड में देहरादून, उत्तरकाशी, पौड़ी, चमोली, हरिद्वार और टिहरी में लगाए गए लगभग 53 सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बेहद कम क्षमता के हैं और यह शहरी गंदगी को साफ करने में असफल हैं।

उत्तर प्रदेश के हालात तो और भी भयावह हैं। एनजीटी के सामने 22 अक्टूबर 2024 को यह स्वीकार करने में किसी को शर्म नहीं आई कि राज्य के लक्षित 326 में से 247 नायलॉन पर गंदे पानी को शुद्ध बनाने की व्यवस्था हो नहीं सकी है और लगभग 3513.16 एमएलडी सीवेज गंगा और सहायक नदियों में निरंतर गिर रहा है। उत्तर प्रदेश एनजीटी के अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ के सामने 6 नवंबर 2024 को तथ्य सामने आए कि गंगा और यमुना के संगम प्रयागराज में निकलने वाले गंदे जल और स्थापित किए गए एसटीपी क्षमता में सीवेज शोधन क्षमता में 128 एमएलडी का फर्क है। यह भी सच है कि कोई भी एसटीपी कभी अपनी पूर्ण क्षमता से तो काम करता नहीं। अर्थात प्रयागराज के कई नाले सीधे गंगा को गंदा कर रहे हैं। यहां 25 नाले बगैर शोधन के गंगा में और 15 यमुना में गिर रहे हैं, जिस अपरियोजन को लेकर इतना प्रचार और खर्च किया गया हो, उसकी जमीनी हकीकत प्रयागराज में दिखती है, जहां महाकुंभ की तैयारी चल रही है और करोड़ों लोग इसी नदी में डुबकी लगाएंगे। इससे नदी में प्रदूषण और बढ़ेगा ही।

गंगा का दर्द उस बनारस में असीम है, जहां से प्रधानमंत्री खुद सांसद है और खुद को गंगा के आमंत्रण पर काशी जाने का उद्घोष करते रहे हैं। इस नगर के आदिकाल से अस्तित्व के मूल कारण गंगा को आंकड़ों और कागजों पर ही निर्मल कर रहे हैं। काशी का प्राण कहे जाने वाली असि और वरुणा नदी की दुर्दशा पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दो याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए 18 नवंबर 2024 को एनजीटी की दो सदस्यीय पीठ ने वाराणसी के जिलाधिकारी से पूछा कि क्या आप गंगा का पानी पी सकते हैं? आप अपने आपको असहाय मत महसूस करिए। जिलाधिकारी हैं आप, अपनी शक्तियों का उपयोग करिए और एनजीटी के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करिए। नदी किनारे बोर्ड लगवा दीजिए कि गंगा जल नहाने और पीने योग्य नहीं है। न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी व विशेषज्ञ सदस्य डॉ. ए. सेंथिल ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि "गंगा का पानी नहाने व पीने योग्य नहीं है" इस बाबत सार्वजनिक सूचना क्यों नहीं लगवा देते?

गंगा की सेहत बिहार में भी बहुत खराब है। अभी कार्तिक पूर्णिमा के दौरान पटना में गंगा में ठीक वैसे ही सफेद झाग दिख रहे थे जैसे कि दिल्ली में यमुना में कुख्यात है। यहां दीघा नहर के जरिए कारखानों का रासायनिक जहर आ रहा है, जिससे दीघा-पाटीपुल घाट पर झाग होते हैं। बिहार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक पटना जिले में ही 507 ऐसे नाले चिन्हित किए गए हैं, जिनका पानी बगैर किसी शोधन के गंगा में जा रहा है। गंगा के कछारी क्षेत्र में कृषि में उपयोग में आने वाले उर्वरकों की मात्रा सौ लाख टन है, जिसका पांच लाख टन बहकर गंगा में मिल जाता है। 1500 टन कीटनाशक भी मिलता है। सैकडों टन रसायन, कारखानों, कपड़ा मिलों, डिस्टलरियों, चमड़ा उद्योग, बूचड़खाने, अस्पताल और सैकड़ों अन्य फैक्टरियों का निकला अपद्रव्य गंगा में मिलता है। 400 करोड़ लीटर अशोधित अपद्रव्य, 900 करोड़ अशोधित गंदा पानी गंगा में मिल जाता है। नगरों और मानवीय क्रियाकलापों से निकली गंदगी नहाने-धोने, पूजा-पूजन सामग्री, मूर्ति विसर्जन और दाह संस्कार से निकला प्रदूषण गंगा में समा जाता है। इन सभी पर नियंत्रण करना कोई कठिन नहीं, लेकिन जटिल जरूर है।

## प्रसंगवश

# क्रांतिवीर शहीद मातादीन



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

सामाजिक व्यवस्था में अछूत करार दिए गए लोगों की जन्मकुंडली कौन बनाता होगा और माता-पिता भी अशिक्षित हो तो तिथियों से नहीं प्रतीकों से जन्म की बात बताते होंगे। मातादीन की तिथि इसीलिए प्रमाणिक मानी गई, क्योंकि वे अंग्रेजी राज में सेना में हवलदार थे तो जन्मतिथी लिखी गई होगी। चाहें तथ्यों पर आधारित हो या प्रतीकों पर, लेकिन 29 नवंबर 1825 उनकी जन्मतिथि है।

ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में बंगाल रेजिमेंट में बंदूकों में जो कारतूस प्रयोग किए जाते थे, उनमें पशुओं की चर्बी लगी होती थी। कारतूस की टोपी को मुंह से खोलना होता था। 29 मार्च 1857 को उनके नेतृत्व में 84 भारतीय सैनिकों ने ऐसे कारतूसों के उपयोग का बहिष्कार कर दिया, क्योंकि चर्बी गाय और सूअर के मांस की होती थी। अंग्रेजों ने उन सभी 84 सैनिकों को विद्रोही घोषित कर फांसी की सजा सुनाई। फांसी पर झूलने वाले हिन्दू-मुसलमान दोनों थे, जिनमें मातादीन वाल्मीकि भी थे तब वाल्मीकि प्रयोग नहीं होता था। वो दौर था जब निम्न जातियों को हिन्दू धर्म व्यवस्था पढ़ने का अधिकार नहीं देती थी, लेकिन उनमें अंग्रेजी फौज के निकट होने के कारण अनुशासन, संयम, स्वाभिमान के साथ पहलवानी का शौक भी था। मातादीन मल्ल कला में दक्षता हासिल करना चाहते थे।

नीची जात का होने के कारण किसी उस्ताद ने उन्हें अपना शागिर्द नहीं बनाया। वे जिस उस्ताद के पास गए निराश ही वापिस आए। फिर जिस तरह द्रोणाचार्य के पास से एकलव्य वापिस आए थे, बिन तीरंदाजी सीखे, आखिर उनकी इच्छा की पूर्ति एक खलीफा ने पूरी की, जिनका नाम इस्लाउद्दीन था। वे पलटन नंबर 70 में बैंड बजाते थे। खलीफा ने उन्हें मल्ल युद्ध का माहिर खिलाड़ी बनाया। इसी मल्ल युद्ध के कारण उनकी दोस्ती मंगल पाण्डेय से हुई। मंगल पाण्डेय उनके मजबूत शरीर और बेहतरीन प्रदर्शन से खुश हुए थे। वतन परस्ती के कारण मातादीन और मंगल पांडेय दोनों को फांसी हुई।

# निर्वाचन प्रणाली की विडंबना



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

**बैलट पेपर से चुनाव हो या मशीन से, मूल समस्या वह नहीं है। समस्या यह है कि पूरी मशीनरी में जंग लगी है।**

पुराने लोगों को तो याद ही है कि पहले केंद्र और राज्य के चुनाव एक साथ ही होते थे। एक जमाने तक कई पंचवर्षी चुनाव एक साथ ही हुए और होते रहे, लेकिन जब से दलबदल और विधायकों की खरीद बिक्री चालू हो गई। (हरियाणा में आयाराम गयाराम बहुत चर्चित हुआ।) तब से विधानसभाएं कार्यकाल से पहले ही समाप्त होने लगीं, कई बार लोकसभा के भी मध्यावधि चुनाव हुए। इसमें जनता का तो कोई दोष था नहीं, यह राजनेताओं का खेल था।

खेल अभी भी चल रहा है। इसीलिए चुनाव भी कहीं न कहीं चलते रहते हैं। खेल राजनीति का है। यहां बात राजनेताओं के आचरण की है और उनको चंदा देकर सत्ता की नीतियों को प्रभावित करने वाले कॉरपोरेट घरानों के निहित स्वार्थ की है। चुनावों में अरबों-खरबों रुपये खर्च कौन कर रहा है? इससे भी बड़ी बात है निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता और स्वतंत्रता की। टीएन शेषन ने पार्टियों के खेल पर अंकुश लगाया, तब से सत्ता दलों ने आयोग के अधिकार को ही कुंद कर दिया। अब तो निर्वाचन आयोग का ही निर्वाचन सरकार करती है। ठीक इसी प्रकार चुनाव-सुधार की बात है।

बैलट पेपर से चुनाव हो या मशीन से, मूल समस्या वह नहीं है। समस्या यह है कि पूरी मशीनरी में जंग लगी है। कितने दिनों से चुनाव सुधार संबंधित समितियों और आयोगों की रिपोर्ट धूल खा रही हैं? एक चुनाव की बात के साथ आयोगों-समितियों की रिपोर्टों और सिफारिशों पर भी तो ध्यान दिया जाना उतना ही जरूरी है, जैसे निर्वाचन के खर्चों में भारी कमी करना, धनबल, माफिया, मीडिया के वर्चस्व को समाप्त करना। आपराधिक छवि के लोगों को चुनाव लड़ने से रोकना, उनकी सदस्यता समाप्त करना। उम्मीदवार के चयन में जनता की भागीदारी सुनिश्चित करना। प्रत्येक दल में आंतरिक लोकतंत्र सुनिश्चित करना। राजनैतिक दलों पर नियमन के लिए कानून बनाना। उनके आय-व्यय को सार्वजनिक करना, ऑडिट करना। निर्वाचन आयोग को और अधिक सशक्त बनाना, ताकि वह गड़बड़ करने वाले दलों का पंजीकरण और मान्यता रद्द कर सके।

यदि कोई राजनैतिक दल चुनाव सुधार की निरंतर प्रक्रिया की जरूरत नहीं समझता तो उसे लोकतंत्र के मार्ग की बाधा ही माना जाना चाहिए।

यह देश की निर्वाचन प्रणाली की विडंबना है कि 33 प्रतिशत मत पाकर कोई राजनैतिक दल शेष 67 प्रतिशत जनता पर भी शासन करने का अधिकार पा जाता है। आम चुनाव के समय नेता लोग चुनाव सभाओं में जो कहते हैं, उसको सुनकर जनता उनको वोट करती है। वे जनता से जो सीधा संवाद करते हैं, वह सबको अपील करता है, उसे लेकर जनता के बीच भी बहस होती है। इसलिए उस समय के उनके वक्तव्य उनके लिए बाध्यकारी होने चाहिए। यह लोकतंत्र का आधार है। चुनाव के बाद जब वे चुनकर आ जाते हैं, फिर यदि वे कहते हैं कि यह तो जुमलेबाजी थी, तो यह लोकतंत्र का उपहास है। यह बात किसी एक दल की नहीं है, सभी की बात है।

निर्वाचन आयोग हो या सर्वोच्च न्यायालय या और कोई संस्था, यदि वह उन शब्दों को उस नेता और दल के लिए बाध्यकारी बनाए तो यह लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए अच्छा होगा। हम राजनैतिक प्रणाली, दलगत व्यवस्था, दल के नेतृत्व, चुनाव का खर्च, निर्वाचन की प्रक्रिया, निर्वाचन आयोग की भूमिका आदि को अलग करके वोटर की भूमिका का निर्धारण नहीं कर सकते। वोट देना एक क्षणिक प्रक्रिया है। यदि हम उस क्षणिक प्रक्रिया को संपन्न करके फिर उसी वोटर को बाकी निर्णयों से अलग कर देते हैं, यह छल है। राजनैतिक प्रणाली और निर्वाचन प्रक्रिया कोई ईश्वरीय तो है नहीं, जिसमें संशोधन न किया जा सके, लेकिन ऐसा होता नहीं। क्यों? इसलिए कि जिस सीढ़ी को लगाकर वह आदमी छत पर चढ़ गया, उसने छत पर चढ़कर यह सोचा कि कोई दूसरा न आए, उसने सीढ़ी को क्षतिग्रस्त किया। दल जीत गए और जनता हार गई। आजादी के बाद कितनी ही बार चुनाव हुए और हर बार उस सीढ़ी को क्षतिग्रस्त किया गया। सीढ़ी क्षतिग्रस्त है।

एक देश एक चुनाव की बात गलत नहीं है, किंतु बात किसी दल की नहीं, लोकतंत्र को सबल बनाने की है। निष्कर्ष के रूप में एक देश एक चुनाव में कोई बुराई नहीं है, बुराई इस प्रणाली में है, जिस पर समग्रता से विचार किया जाए और लोकतंत्र को मजबूत बनाया जाए।

## सोशल फोरम

# सादगी के रास्ते में दिखावा बड़ी बाधा



हफीज किदवई
लेखक

सादगी का दिखावा भी उतना ही फूहड़ है, जितना वैभव का दिखावा। कोई भी बात, जो सादी है, तो सादी ही रहनी चाहिए। जैसे आप बहुत ही सादगी के कपड़े पहनते हैं। पहनते हैं तो पहनिए, उस पर सादगी का ही यकीन भी रखिए।

यह प्रचारित करने की जरूरत नहीं है कि आप सादगी भरे कपड़े पहने हैं। प्रचारित करते ही आप भी उसी जगह होते हैं, जहां तड़क-भड़क वाले कपड़े पहनने वाले खड़े होते हैं। वह अपनी तड़क-भड़क बेच रहा और आप सादगी। इससे अंतर कम हो जाता है। कुछ लोग हमें मिलते हैं, कहते हैं कि शादियां वगैरह बहुत सादी होनी चाहिए। बिल्कुल मेरा मानना है कि बहुत ही सादगी से कम खर्च में कीजिए। मगर यह जिस वक्त हो रहा हो, तब आपके दिल में यह नहीं आना चाहिए कि मेरी सादगी प्रचारित भी हो।

सादगी तो सबसे पहले प्रचार से ही मारी जाती है। मेरे बहुत से जानने वाले तमाम तड़क-भड़क से दूर हैं। मगर न वह ऐसा किसी से करने को कहते हैं और न ही खुद को यह कहते हुए आगे करते हैं कि वह बहुत सादा मिजाज हैं। सादगी आखिर यही तो होती है कि आपको दूसरे की प्रतिक्रिया का फर्क नही पड़ता, क्योंकि आप उसे देखते ही नहीं है। देखते हो नहीं हैं का मतलब है कि आपकी उधर नजर ही नही जाती। आप अपने हिसाब से चलते हैं, रचते हैं और चलते जाते हैं। कोई आपको देखे या न देखे। कोई आपसे सीखे या न सीखे।

सयाने कह गए हैं कि सादगी बहुत बड़ी चीज है। सबके बस की है भी नहीं। प्रचार की भूख जब जेब पर भारी पड़ती है, तो कोई भी सादगी की उंगली पकड़ सकता है। असल तो वही है, जिसके कपड़े ही सादा नही हों, बल्कि मिजाज बड़ा सादा हो। हीरे, जवाहरात के गहनों से लदे सादगी भरे लोग हमने देखे हैं। फटे कुर्ते- पैजामे में गैर सादा लोग भी हमने देखें हैं। इसलिए सादगी के रास्ते में दिखावे को सबसे बड़ी बाधा मानते हैं और जानते हैं, सादगी बहुत बड़ी चीज है।

**-फेसबुक वॉल से**

# सड़क हादसों की वजह तेज गति



धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

**एक्सप्रेस-वे पर जो गाड़ियां एक टोल से दूसरे टोल तक समय सीमा से पहले पहुंचती हैं, उन पर अधिक टोल दंड के रूप में लगना चाहिए। शायद इससे कुछ स्थिति नियंत्रण में हो सके।**

नियमित रूप से हो रही सड़क दुर्घटनाएं और उसमें हो रही असमय मृत्यु का एक बड़ा कारण है, तेज गति। भारत में सबसे तेज एक्सप्रेस-वे पर भी स्पीड लिमिट 100 किमी प्रति घंटा है, लेकिन आधुनिक कार और कमर्शियल वाहन भी 100-150 की स्पीड या उससे अधिक तक चलाए जाते हैं। कमर्शियल वाहनों की स्पीड लिमिट 80 किमी है और उनमें स्पीड गवर्नर भी लगा होता है, लेकिन उन्हें हटा दिया जाता है।

अच्छी रोड पर न चाहते हुए भी कार की स्पीड कब 120 से ऊपर हो जाती पता ही नहीं चलता है और कार पर से नियंत्रण खो जाता है। खराब रोड सेंस के कारण सावधानी हटते ही दुर्घटना हो जाती है। भारत में लेन ड्राइविंग सेंस भी न के बराबर है। भारी वाहन जो सड़क के सबसे बायीं ओर चलने चाहिए वह सबसे दायीं ओर चलते हैं, जिससे राइट हैंड ड्राइव कारों को ओवरटेक में बहुत मुश्किल होती है। परिवहन मंत्रालय को यह करना चाहिए कि वाहन निर्माताओं पर अंकुश लगवाये और कोई भी कार की स्पीड 120-150 से और कमर्शियल वाहन की 80-100 से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

एक्सप्रेस-वे पर जो गाड़ियां एक टोल से दूसरे टोल तक समय सीमा से पहले पहुंचती हैं, उन पर अधिक टोल दंड के रूप में लगना चाहिए। शायद इससे कुछ स्थिति नियंत्रण में हो सके।

# अदानी प्रकरण



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

**आरोपों के अनुसार दोनों कंपनियों ने के डायरेक्टर्स ने अहमदाबाद में मीटिंग कर 2000 करोड़ रुपये रिश्वत देकर राज्य सरकारों द्वारा विद्युत खरीदे जाने का उपरोक्त एग्रीमेंट कराया। अगस्त 2022 में गौतम अडानी स्वयं तत्कालीन मुख्यमंत्री आंध्र प्रदेश से मिले थे।**

सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया सौर ऊर्जा के उत्पादकों को प्रोत्साहित करती है और इन उत्पादकों से लंबी अवधि के अनुबंध के आधार पर विद्युत क्रय करके राज्यों व विद्युत वितरण कंपनियों को बेचती है। पिछले बारह-चौदह वर्षों में इस कॉरपोरेशन ने उपरोक्त मॉडल पर विद्युत उत्पादन मे आशातीत सफलता प्राप्त की है। विद्युत दर अधिक होने के कारण सोलर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया को खरीदार मिलने में कठिनाई हो रही थी।

वर्ष 2019-20 में अदानी ग्रीन पावर व एज्योर पावर का इस कॉरपोरेशन से अनुबंध हुआ, जिसके अनुसार एज्यूर पावर व अडानी पावर को आने वाले वर्षों में क्रमशः चार व आठ गीगावॉट विद्युत फिक्स्ड रेट पर सोलर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया को बेचने का ठेका मिला। इस अनुबंध के अनुसार एज्योर पावर कंपनी ने इस सौदे में अगले बीस साल में लगभग दो बिलियन शुद्ध लाभ होना कैलकुलेट किया था। कुछ समय बाद वर्ष 2022 में आंध्र, तमिलनाडु, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ और जम्मू कश्मीर राज्यों ने सोलर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से विद्युत खरीदने का अनुबंध किया। आरोप है कि लगभग दो हजार करोड़ रुपये रिश्वत के रूप में खर्च करके अदानी ग्रीन व एज्यूर कंपनी ने इन राज्यों का सोलर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से विद्युत क्रय करने का यह अनुबंध कराया है और खरीदार हासिल कराने की अंडरस्टैंडिंग पर ही इन दोनों कंपनियों को सोलर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से ठेका मिला था। तत्कालीन आंध्र सरकार ने बाजार में उपलब्ध विद्युत दर से लगभग पचास पैसे प्रति यूनिट अधिक की दर से यह विद्युत खरीदने का अनुबंध किया है। एज्योर कंपनी अमेरिकी स्टाक मार्केट में लिस्टेड बताई जाती है और अडानी ग्रीन में भी अमेरिकी नागरिकों का इनवेस्टमेंट है। स्टाक मार्केट पर नियंत्रण रखने वाली अमेरिकी संस्था अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग हर उस कंपनी पर नजर रखती है, जिसमें अमेरिकी नागरिक व वहां की संस्थाओं का पैसा लगा है। अमेरिका के यफसीपीए (फॉरेन करप्ट प्रैक्टिसेज एक्ट) के अनुसार शेयर बाजार में किसी प्रकार की धोखाधड़ी एक अपराध है। आरोपों के अनुसार दोनों कंपनियों ने के डायरेक्टर्स ने अहमदाबाद में मीटिंग कर 2000 करोड़ रुपये रिश्वत देकर राज्य सरकारों द्वारा विद्युत खरीदे जाने का उपरोक्त एग्रीमेंट कराया। अगस्त 2022 में गौतम अडानी स्वयं तत्कालीन मुख्यमंत्री आंध्र प्रदेश से मिले थे। अमेरिकी एजेंसिया पहले से इस मामले की जांच कर रही थीं। अदानी के भतीजे सागर अदानी के यूयस स्थित कार्यालय में जांच एजेंसी यफबीआई ने सर्च वारंट के साथ 17 मार्च 2023 को तलाशी ली। अन्य अभिलेखों के साथ उनके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को भी जब्त किया था, जिसमें महत्वपूर्ण साक्ष्य होने की बात कही जाती है। संपूर्ण मामले में यफबीआई ने क्रिमिनल केस व सिक्योरिटीज कमीशन ने सिविल केस अमेरिकी कोर्ट में दायर किया है।

## आपका पत्र

# अखबार से प्रेम

बचपन से अखबार का लगाव रहा है। बरेली से जब मात्र एक अखबार छपता था और वो भी दस पैसे का, तब से अखबार पढ़ रहा हूं। दरअसल अखबार पढ़ने की जिज्ञासा अब नई पीढ़ी में बहुत कम रह गई है, लेकिन हमारी पीढ़ी के अधिकांश लोगों में खबरों को लेकर हमेशा जिज्ञासा रही है।

अखबार प्रेम की कड़ियां जोड़ने की कोशिश करूं तो आज भी सुबह-सुबह 6 बजे से अखबार वाले हॉकर का इंतजार शुरू हो जाता है। उसके पहले एक या दो ई-अखबार नेट पर पढ़ चुका होता हूं। दरअसल अखबार पढ़ने का शौक मेरी पत्नी को भी है। अगर सोकर देर से उठा तो पत्नी अखबारों की सुर्खियां बतानी शुरू कर देती है। जाड़ा, गर्मी, बरसात हमारे अखबार वाले भैया लगभग 6 बजे अखबार देने आ जाते हैं। जाड़े के मौसम में मैं उनसे पूछ ही लेता हूं कि भाई इतनी जल्दी कैसे आ जाते हो, तो वो बस एक प्यारी से मुस्कान देकर चले जाते हैं। यह मेरा अखबार प्रेम ही है, जो वर्षों पुरानी अखबारों की कटिंग सहेजी हुई हैं। टीवी के युग में भी अखबारों की लोकप्रियता कम नहीं हुई है। सभी जानते हैं कि अखबारों को किसी भी खबर की सत्यता परखने का समय अधिक मिलता है। इसलिए उनकी विश्ववसनियता अधिक होती है। वैसे भी अखबार एक छपा हुआ डॉक्यूमेंट है, जिसे बदला नहीं जा सकता, जबकि टीवी के समाचार विवादित या भ्रामक होने पर कभी भी हटाए जा सकते हैं। वैसे जो खबरें टीवी पर दिन में देख चुके होते हैं, उन्हें अगले दिन अखबार में पढ़ने की जिज्ञासा बनी रहती है।

मेरा मानना है कि अखबार ज्यादा इनपुट से भरे होते हैं। अखबारों से लगाव अब इतना अधिक हो गया है कि स्थानीय अखबारों के बाद नेशनल अखबार भी सर्च कर पढ़ने में दिलचस्पी हो गई है। हमारे एक मित्र ने इसके लिए एक ग्रुप बना दिया है, जहां देश भर के प्रमुख ई अखबार शेयर होते रहते हैं। अखबार के साथ-साथ अखबारों के संपादकों और वरिष्ठ तथा युवा पत्रकारों से भी लगाव रहता है। अखबारों के प्रति यह अगाध प्रेम और लगाव यूं ही नहीं है। इससे समकालीन और सामयिक विषयों की जानकारी मिलती है। नया जानने की ललक और समय भी अच्छा व्यतीत हो जाता है।

- **संजीव मेहरोत्रा,** बरेली

## परेड ग्राउंड में 100 बेड का अस्पताल तैयार, 24 घंटे तैनात रहेंगे डॉक्टर

# महाकुंभ में तैनात होंगे एम्स, सेना के चिकित्सक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 10-10 बेड के दो आईसीयू बनाएगा आर्मी हॉस्पिटल और 10 बेड का एम्स

**अमृत विचारः** महाकुम्भ में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की देखभाल के लिए एम्स रायबरेली और सेना अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात किए जा रहे हैं।

परेड क्षेत्र में बन रहे 100 बेड वाले अस्पताल की जिम्मेदारी देख रहे वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ गौरव दुबे कहते हैं कि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न आने पाए इसके लिए तैयारी पुख्ता है। परेड ग्राउंड में 100 बेड का अस्पताल लगभग 70 फीसदी बनकर तैयार है। 13 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम से पहले जरूरी इंतजाम पूरे करने के लिए 24 घंटे काम चल रहा है। मेला के दौरान यहां 24 घंटे डॉक्टरों की तैनाती रहेगी, जहां अनलिमिटेड ओपीडी की क्षमता के हिसाब से सुविधाएं मौजूद रहेंगी। मेला क्षेत्र और अरैल में 10-10 बेड के दो आईसीयू, सेना हॉस्पिटल की ओर से बनाए जा रहे हैं, जहां श्रद्धालुओं को हर प्रकार की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। वहीं, झूंसी के 25 बेड वाले अस्पताल में 10 बेड का आईसीयू एम्स रायबरेली बनाएगा, जहां 24 घंटे मरीजों के स्वास्थ्य की देखभाल की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### डिलीवरी रूम और इमरजेंसी वार्ड की भी मिलेगी सुविधा

डॉ गौरव दुबे के अनुसार महाकुंभ में मेल, फीमेल और चिल्ड्रन वार्ड अलग-अलग तैयार किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त डिलीवरी रूम, इमरजेंसी वार्ड और डॉक्टरों के रूम भी रहेंगे। जांचों की भी विशेष व्यवस्था होगी। जिससे यहां आने वाले किसी एक भी व्यक्ति को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। विशेष तौर पर सामान्य जांच के बाद मरीज को तत्काल दवा उपलब्ध कराने का भी पूरा इंतजाम रहेगा।

## रोडवेज यात्री अब मोबाइल पर जान सकेंगे कहां है बस

**लखनऊ, अमृत विचार :** रोडवेज बसों में सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक राहत भरी खबर है। राज्य सड़क परिवहन निगम यात्रियों को अब एप आधारित लोकेशन की सुविधा उपलब्ध कराने जा रहा है। इस एप के जरिए बसों की लोकेशन, स्टॉपेज समेत कई अन्य जानकारियां यात्री को मोबाइल पर मिल सकेंगी। 2025 में होने वाले महाकुंभ में एप के माध्यम से न केवल देश के लोगों को बल्कि बाहर से आने वाले विदेशी श्रद्धालुओं को भी लाभ होगा। आगामी 30 नवंबर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक कार्यक्रम के दौरान एप लांच किया जाएगा। यही नहीं महाकुंभ के लिए 30 बसों को भी रवाना किया जाएगा।

# चित्रकूट धाम को नई पहचान मिलेगी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



मत्यगजेंद्रनाथ शिव मंदिर में पूजन करते योगी आदित्यनाथ।

- योगी आदित्यनाथ ने मत्यगजेंद्रनाथ का किया जलाभिषेक

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि चित्रकूट धाम को पौराणिक और ऐतिहासिक पहचान दिलाने के लिए डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्ध है। मां मंदाकिनी की स्वच्छता-अविरलता के लिए और रामघाट के सुंदरीकरण के लिए सरकार ने पहले ही भरपूर पैसा दिया है। गुरुवार को रामघाट में मत्यगजेंद्रनाथ के जलाभिषेक और मंदाकिनी नदी की आरती के बाद वे लोगों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उनको सनातन हिंदू धर्म के इस तीर्थ में आने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने बताया कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 1300 करोड़ रुपये निर्गत किए हैं। युद्धस्तर पर काम चल रहा है। यमुना नदी से तुलसीदास की जन्मस्थली को बचाने की व्यवस्था की जा रही है।

## डीजीपी की फोटो लगा व्हाट्सएप कॉल से फ्राड की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिले में साइबर क्राइम का एक मामला सामने आया है। जिसमें अज्ञात व्यक्ति ने एक व्यापारी को व्हाट्सएप कॉल कर खुद को पुलिस अधिकारी बताया और बेटे को दिल्ली से रेप केस में अरेस्ट करने की बात कहते हुए 30 हजार रुपये की मांग की । व्हाट्सएप डीपी पर डीजीपी प्रशांत कुमार की फोटो लगी थी। हालांकि जिस व्यापारी को यह व्हाट्सएप कॉल आई थी, उनके दोनों बच्चों की उम्र अभी काफी कम है। इसके चलते वह तुरंत इस फ्राड कॉल को भांप गये और अंजान बनकर ठग से बातचीत करते रहे। फिलहाल व्यापारी ने पुलिस से पूरे मामले की शिकायत की है।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के निवासी दानिश खान के पास गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे व्हाट्सएप्प पर एक अंजान कॉल आई। व्हाट्सएप डीपी पर डीजीपी प्रशांत कुमार की फोटो लगी होने के चलते दानिश को थोड़ी शंका हुई। उन्होंने कॉल उठाई तो अज्ञात व्यक्ति ने अपना नाम सब इंस्पेक्टर दीपक सिंह बताया। उसने कहा कि वह पुलिस स्टेशन से बात कर रहा है।

खुद को सब इंस्पेक्टर बताने वाले दीपक सिंह ने पहले दानिश से उसके परिवार का पूरा ब्योरा जाना, फिर कहा कि दिल्ली में पढ़ने वाला आपका बेटा रेप केस में अरेस्ट हो गया है। उसे छुड़ाने के लिये ऑनलाइन 30 हजार रुपये भेजना पड़ेगा।दानिश ने बताया कि उसके दोनों बच्चों की उम्र काफी कम है और कोई बेटा दिल्ली में नहीं पढ़ता। इसीलिये वह तुरंत इस फ्राड कॉल को भांप गया।

दानिश के मुताबिक ठग ने उसे इस कदर डराया कि शायद उसका कोई बेटा दिल्ली में पढ़ रहा होता, तो वह बिना कुछ सोचे-समझे उसके जाल में फंस जाता और पैसे भी ऑनलाइन ट्रांसफर कर देता। दानिश ने बताया कि उन्होंने इस पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी है।

# चंदौली के पूर्व एसपी समेत 18 पुलिसकर्मियों पर रिपोर्ट दर्ज

## फर्जीवाड़ा और अपहरण समेत कई संगीन धाराएं लगीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** चंदौली के पूर्व एसपी अमित कुमार द्वितीय समेत 18 पुलिसकर्मियों के खिलाफ गाजीपुर के नंदगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई। यह कार्रवाई नंदगंज पुलिस ने हाईकोर्ट के आदेश पर की है। वाराणसी निवासी सिपाही अनिल सिंह ने चंदौली तैनाती के दौरान शिकायत की थी।

अनिल ने मुगलसराय थाने में हर महीने 12.50 लाख रुपये की वसूली की सूची वायरल कर दी थी। इसके बाद काफी बवाल मच गया। मामले की जांच एसआईटी ने की। आरोप सही पाए गए। इसी बीच सिपाही को बर्खास्त कर दिया गया। उसका अपहरण कर फर्जी मामले में गिरफ्तारी दिखाकर जेल भेज दिया गया।

वाराणसी के मड़ुवाडीह निवासी अनिल कुमार सिंह उप्र. पुलिस में कांस्टेबल है। उनकी तैनाती 2021 में चंदौली के मुगलसराय थाने में थी। अनिल ने मुगलसराय थाने में तैनाती के दौरान वहां चल रहे वसूली के खेल का खुलासा कर दिया। अनिल ने आरोप लगाया कि थाने के प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्रा और एसपी अमित कुमार के संरक्षण में हर माह 12.50 लाख रुपये की वसूली की जाती थी।

### अनिल की शिकायत पर जांच में सही पाए गए आरोप

सिपाही अनिल की शिकायत पर तत्कालीन डीआईजी विजिलेंस लव कुमार ने जांच कराई। जांच में सारे आरोप सही पाए गए थे। इसके बाद बदला लेने के लिए तत्कालीन चंदौली के एसपी अमित कुमार द्वितीय, इंस्पेक्टर ने सिपाही अनिल को झूठे मामले में फंसा दिया। भ्रष्टाचार का खुलासा करने में अनिल सिंह का सहयोग मंजूनाथ, अमित जेठवा, सत्येंद्र कुमार दूबे और सतीश सेठी ने मदद की थी। इसके बाद अनिल को छोड़कर इन सभी चारों की हत्या कर दी गई। बाद में अनिल सिंह गाजीपुर के नंदगंज बड़हरा स्थित अपनी ससुराल में रहने लगा। अनिल का आरोप है कि 5 सितंबर 2021 को आरोपी पुलिसकर्मियों ने उनका अपहरण कर लिया और हत्या का प्रयास किया गया। समय रहते उनकी बेटी खुशबू ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दे दी थी।

- सिपाही ने की थी 12.50 लाख रुपये की वसूली सूची वायरल

### इन पर दर्ज हुई एफआईआर

नंदगंज थाने में नोएडा में तैनात आईपीएस व पूर्व एसपी चंदौली अमित कुमार द्वितीय, कोतवाली इंस्पेक्टर राजीव कुमार सिंह, स्वाट प्रभारी अजीत कुमार सिंह, इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार यादव, इंस्पेक्टर सत्येंद्र विक्रम सिंह, सिपाही आनंद कुमार गोंड, राणा प्रताप सिंह, अमित सिंह, भुल्लन यादव, देवेंद्र कुमार सरोज, प्रेम प्रकाश यादव, नीरज कुमार मिश्र, अंकित सिंह, गौरव राय, रोहित कुमार, मनोज कुमार, आनंद सिंह, अजीत कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## प्रदेश में अभी छाया रहेगा कोहरा

**लखनऊ,अमृत विचारः** मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए सुबह और शाम घने कोहरे की संभावना जतायी है। साथ ही तापमान में भी और गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, उप्र. के कई जिलों में अगले तीन दिनों तक कोहरा छाया रहेगा। दिसंबर की शुरुआत कोहरे की सफेद चादर में लिपटी होगी। आने वाले 24 घंटों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है, जिससे दिन में भले धूप खिली रहे लेकिन जाड़ा और बढ़ेगा।

लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, बरेली, मुरादाबाद, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, गोरखपुर, अलीगढ़, और संत कबीर नगर समेत कई जिलों में घने कोहरे की संभावना जताई गई है। इन क्षेत्रों में लोगों को ठंड के साथ-साथ दृश्यता कम होने की समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है।

जाड़े के साथ हवा की गुणवत्ता भी खराब हो रही है। प्रदूषण का स्तर कई जिलों में खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। दिल्ली से सटे इलाकों में स्थिति गंभीर है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामले की सुनवाई अब 4 दिसंबर को

- वादियों का दावा है कि औरंगजेब ने मंदिर को ध्वस्त कर दिया था

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान कुछ देर तक अधिवक्ताओं के तर्कों को सुना और उसके बाद सुनवाई आगामी 4 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की एकलपीठ ने ठाकुर केशव देव जी महाराज विराजमान मंदिर कटरा केशव देव और दो अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया।

बता दें कि पिछली सुनवाई में शाही ईदगाह मस्जिद द्वारा दाखिल एक आवेदन को अनुमति दी गई, जिसमें ठाकुर केशव देव जी महाराज विराजमान मंदिर कटरा केशव देव (वाद संख्या 3) द्वारा दाखिल मुकदमे में पक्षकार बनाने की मांग की गई थी। आवेदक ने कोर्ट के समक्ष तर्क दिया कि वह इस मुकदमे में एक आवश्यक और उचित पक्ष है, क्योंकि वादी के दावों का कोई आधार नहीं है। मस्जिद के नीचे या उसके मंच या सीढ़ियों पर कोई मूल्यवान मूर्ति या प्रतिमा नहीं रखी गई है। इसके अलावा आवेदक ने कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने की अनुमति मांगी, जिससे मामले में उचित और प्रभावी निर्णय किया जा सके, अन्यथा आवेदक के हित खतरे में पड़ सकते हैं।

उक्त तर्कों को सुनने के बाद कोर्ट ने माना कि आवेदक अधिकांश मुकदमों में विपक्षी है और वह अधिकांश मुकदमों में स्वयं प्रभावी ढंग से मुकदमा लड़ रहा है, इसलिए उसे वाद संख्या 3 में भी विपक्षी के रूप में शामिल किया जाना चाहिए। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि हालांकि आवेदक एक आवश्यक पक्ष नहीं है, लेकिन मुकदमे में एक उचित पक्ष अवश्य है और मुकदमे में एक पक्ष के रूप में शामिल होने का हकदार है।

अंत में कोर्ट ने वादी को एक सप्ताह के भीतर आवेदक को विपक्षी के रूप में पक्षकार बनाने के लिए शिकायत में आवश्यक संशोधन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। मालूम हो कि मुकदमे में वादियों का दावा है कि मुगल बादशाह औरंगजेब ने 1670 में कटरा केशव देव मंदिर को ध्वस्त कर दिया था और बहुमूल्य हीरे और सोने के आभूषण लूट लिए थे।

## जातिगत-जनगणना करा के ही मानेंगे : अखिलेश यादव

**लखनऊ, अमृत विचारः** प्रदेश में उपचुनाव संपन्न होने के बाद सपा प्रमुख ने 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है, पीडीए को एकजुट करने के एक बार फिर जातिवार जनगणना के मुद्दे को हवा दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा जातिगत-जनगणना हमेशा के लिए नहीं टाल सकती है। हम एक दिन गिनवा के ही मानेंगे।



सपा प्रमुख ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर राज्य में 21 वीं पशुधन जनगणना अंतर्गत वाराणसी में शुरू होने वाली पशु-पक्षियों की डिजिटल काउंटिंग को लेकर राज्य सरकार पर तंज कसते हुए, पीडीए को संदेश दिया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा राज में जाति छोड़कर सब कुछ गिना जाएगा। मालूम हो कि देश में जातिवार जनगणना के मुद्दे को लेकर सपा और कांग्रेस आदि राजनैतिक दलों ने लोकसभा चुनाव पूर्व उठाया था

## बच्चों की थाली का आहार होगा और बेहतर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- पीएम पोषण योजना के लिए 1 दिसंबर से लागू होंगी नई दरें

**अमृत विचार :** प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की थाली में 1 दिसंबर से आहार और बेहतर होने जा रहा है। मध्याह्न भोजन योजना के तहत मिलने वाला यह आहार अब और पोषणयुक्त होगा। इसके लिए सरकार ने बजट को और बढ़ा दिया है। पीएम पोषण योजना (मध्यान्ह भोजन) की यह धनराशि लंबे समय बाद बढ़ाई गई है। नई दरें 1 दिसंबर से लागू हो रही हैं। प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की थाली के लिए जहां 72 पैसे बढ़ाए गए हैं, वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए 1 रुपये 12 पैसे की वृद्धि की गई है।

अब प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों के आहार के लिए 6 रुपये 19 पैसे और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 9 रुपये 29 पैसे प्रति छात्र, दर की गई है। शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के पीएम पोषण डिवीजन की ओर से इस आशय का पत्र जारी कर दिया गया है। बता दें कि यह योजना केंद्र-राज्य भागीदारी के आधार पर चलती है। इसकी शुरुआत 15 अगस्त 1995 को हुई थी।

उत्तर प्रदेश में यह योजना 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य सरकार की फंडिंग से संचालित की जा रही है। नई दरों में प्राथमिक विद्यालयों में 3 रुपये 71 पैसे प्रति छात्र केंद्र सरकार की ओर से दिया जाएगा, जबकि राज्य सरकार का योगदान 2 रुपये 48 पैसे होगा।

### वर्ग पहेली-266

**बाएं से दाएं**

4. साथ चलने या रहने वाला।
5. ख़र्च या व्यय किया हुआ, किसी कार्य या व्यवसाय में लगाया हुआ, निवेश किया हुआ (धन)।
7. 1. बंगाल नामक प्रांत 2. एक दवा जो ताकत बढ़ाती है।
8. धन या रुपया प्राप्त करने की घोर लालसा, प्रबल धनलिप्सा, संपत्ति हासिल करने की लालसा या घोर तृष्णा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. विस्तार, फैलाव, प्रसार 2. परिमाण 3. समूह, झुंड।
2. आपत्तिजनक संवादों
3. 1. (इस्लाम) ख़ुदा या ईश्वर का हुक्म जिसका पालन करना बंदों का फ़र्ज़ होता है
5. 1. निरोध करने की क्रिया या भाव, बंधक या रोक में रखना 2. रोक, रुकावट 3. वैद्यक या आयुर्वेद में पारा का शोधन करते समय किया जाने वाला एक संस्कार।
6. झींगा मछली।



### वर्ग पहेली -265 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 के | द | | | | | 2 धूँ |
| मा | | 3 पे | 4 प | र | वे | ट |
| | 5 स् | | चे | | | ना |
| 6 अ | व | हे | लि | त | | |
| | यं | | म | | 7 म | |
| | से | | | 8 जू | झ | ना |
| 9 नि | वा | र | ण | | ला | |

# ऊर्जा निगमों के निजीकरण प्रक्रिया पर टकराव बढ़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** ऊर्जा निगमों के निजीकरण प्रक्रिया पर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन व कार्मिक संगठनों के बीच टकराव बढ गया है। कॉरपोरेशन प्रबंधन का कहना है कि कंपनियां बनने से कार्मिकों की सेवा-शर्तें प्रभावित नहीं होंगी, जबकि कर्मचारी संगठनों ने कर्मियों की छंटनी की आशंका जाहिर की है।

कॉरपोरेशन स्तर पर गुरुवार को हुई चर्चा में तय किया गया कि ऊर्जा सुधार के दौरान समझौते में अधिकारियों-कर्मचारियों की सेवा-शर्तों, वेतन, प्रोन्नति व टाइम स्केल आदि के बारे में स्पष्ट प्रावधान किया जाएगा, ताकि उनके हितों को कोई नुकसान न होने पाए। उपभोक्ताओं को भी बेहतर सेवाएं दी जा सकें। इसके लिए नई कंपनियों का चेयरमैन शासन के अधिकारी को रखने का प्रावधान किया जाएगा।

नई कंपनी व निजी पार्टनर इस समझौते के तहत कार्य कर सकेंगे। नई कंपनियां बनने पर अधिकारियों व कर्मचारियों का हित सुरक्षित रहेगा। सेवा शर्तें, सेवानिवृत्ति लाभ आदि में कोई घटोतरी नहीं होगी। अधिकारी कर्मचारियों को कई विकल्प दिए जाएंगे। इसमें तैनाती वाले स्थान पर बने रहने, दूसरे वितरण निगमों में स्थानांतरित होने, आकर्षक पैकेज लेने व प्रस्तावित कंपनी में कर्मियों को भागीदारी देने का विकल्प होगा। प्रदेश सरकार नई कंपनी में उनको हिस्सेदारी देने पर भी विचार करेगी।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने कहा कि सेवा शर्तों को लेकर प्रबंधन गुमराह कर रहा है। बिजली कर्मी निजीकरण कतई स्वीकार नहीं करेंगे। समिति ने कहा कि निगमों के निजीकरण से कर्मचारियों के लगभग 68 हजार पद समाप्त हो जाएंगे।

### निजी हिस्सेदारी को बिजली की 5 नई कंपनियां बनेंगी

**लखनऊ, अमृत विचार :** पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों को तोड़कर पांच नई विद्युत वितरण कंपनियां बनाई जाएंगी। इसमें पूर्वांचल निगम में तीन व दक्षिणांचल निगम में दो नई कंपनियां होंगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने कार्मिक संगठनों से बातचीत के बाद देर शाम यह निर्णय लिया। उधर, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रबंधन पर गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि निजीकरण कतई स्वीकार नहीं करेंगे। कॉरपोरेशन की बैठक में ऊर्जा क्षेत्र में सुधार पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें यह तय पाया गया कि निगमों को विभाजित किया जाना श्रेयस्कर होगा। प्रत्येक निगम में 30-35 लाख उपभोक्ता हो सकें। इससे किसी एक कंपनी व निजी निवेशक के एकाधिकारी की आशंका भी समाप्त हो जाएगी। पांच कंपनी होने पर कई निजी निवेशक आगे आ सकेंगे।

### सुडोकू -179

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | | 5 | | 3 |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| | 5 | | | | | | | 1 |
| | | 5 | 7 | | | | | |
| | | | | | | 4 | | |
| | 9 | | | | 8 | 3 | | |
| | | 9 | | | | | 5 | |
| | 2 | | | | | 6 | | |
| | | 3 | | | 2 | | 4 | |

### सुडोकू - 178 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 8 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 8 | 5 | 6 | 2 | 3 | 9 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | 6 | 8 | 1 |
| 7 | 9 | 6 | 5 | 3 | 4 | 8 | 1 | 2 |
| 8 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 5 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 3 | 2 | 8 | 5 | 9 | 4 | 7 |
| 4 | 2 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 5 | 8 | 9 | 6 | 4 | 7 | 1 | 2 | 3 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 नवंबर, शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-मार्गशीर्ष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 08.39 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**-हेमंत।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 10.18 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष** – आज बेरोजगार लोगों को नौकरी मिलने की संभावना है। साझेदारी में नया कारोबार शुरू कर सकते हैं। आपके सभी काम बेहतरीन तरीके से पूरे होंगे। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक समय का आनंद उठाएंगे। अपने खानपान की आदतों पर ध्यान दें।

**वृष** – आज जॉब में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। पुराना उधार चुकाने में सफलता मिलेगी। कोई कठिन कार्य पूरा हो सकता है। किसी से ईर्ष्या व द्वेष न करें। आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। जॉब में सहकर्मियों से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

**मिथुन** – आज प्रतियोगी परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। मार्केटिंग से जुड़े कारोबार में धन लाभ मिलेगा। नव विवाहित लोग ट्रिप के लिए जा सकते हैं। अपने प्रेमीजन को प्रपोज करने के लिए दिन शुभ है। अपनी कार्यक्षमता पर विश्वास करें।

**कर्क** – आज सरकारी कार्यों में रुकावटें होने की संभावना है। युवा अपनी पढ़ाई को लेकर गंभीर रहेंगे। नजदीकी लोगों की सलाह की उपेक्षा करना नुकसानदेह हो सकता है। दांपत्य संबंधों में अनबन हो सकती है। व्यर्थ के खर्च बढ़ने से मन अप्रसन्न रहेगा।

**सिंह** – आज आपकी संवादशैली से लोग प्रभावित रहेंगे। करियर में बड़ा बदलाव करने की योजना बना सकते हैं। दांपत्य संबंधों में भावनात्मक लगाव और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कानूनी मामलों में आपको विजय मिलने के योग बन रहे हैं।

**कन्या** – आज साहित्य के प्रति रुचि उत्पन्न होगी। जीवनसाथी के साथ एकांत में समय बिताना पसंद करेंगे। बाहर का भोजन करने से पाचन खराब हो सकता है। अपने खर्चों में कटौती करें वरना बजट गड़बड़ा सकता है। संतान के व्यवहार से थोड़ा आहत हो सकते हैं।

**तुला** – आज पुराने निवेश के माध्यम से धन लाभ होगा। युवा जातक प्रेम संबंधों को लेकर परिवार में चर्चा कर सकते हैं। ऑफिस का काम पूरी मेहनत से करेंगे। कारोबार में उत्तम धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। मित्रों की सलाह लेना आपके लिए हितकर होगा।

**वृश्चिक** – आज तात्कालिक निर्णय लेने में जल्दबाजी करना उचित नहीं है। बिना मांगे किसी को राय देने से अपमान हो सकता है। दवाइयों पर धन खर्च करना पड़ेगा। अनैतिक कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। उधार धन के लेन-देन में सावधानी रखें।

**धनु** – आज शेयर मार्केट से धन लाभ होगा। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। लोग आपसे परामर्श लेना पसंद करेंगे। कारोबार को लेकर यात्रा हो सकती है। उच्च अधिकारी आपके काम से काफी प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में आपके अधिकार बढ़ेंगे।

**मकर** – आज कारोबार में बड़ा प्रयोग कर सकते हैं। आपके कार्य धीमी गति से पूर्ण होंगे। पड़ोसियों के साथ विवाद शांत होंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ रहने वाला है। अपनी दिनचर्या को संतुलित रखें। रिश्तों में मधुरता का आनंद लेंगे।

**कुंभ** – आज शोधकार्यों में बड़ी सफलता मिल सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों के लिए दिन शुभ है। दांपत्य संबंधों में थोड़ी उठा-पठक हो सकती है। धर्म-कर्म में रुचि कम होने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन** – आज अत्यधिक कार्यभार के कारण थकान महसूस होगी। स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर हो सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं रहेगी। नए कार्यों की शुरुआत न करें। कारोबार में बड़ा निवेश करने से पहले पूरी जांच-परख कर लें।

### आज की फिल्में

B4U MOVIES
नसीब
सुबह : 08.41
मि. इंडिया
रात : 07.21

&pictures
लिंगा
सुबह : 09.35
वेलकम बैक
रात : 08.00

SONY PIX
घोस्ट राइडर
सुबह : 11.39
300
रात : 07.12

ZEE CINEMA
स्कंदा
दोपहर : 01.24
ओएमजी : ओ मांची घोस्ट
रात : 08.00

ZEE ACTION
गद्दार
सुबह : 10.52
त्रिदेव
रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

संजू अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया।
लड़की का पिता-मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुजारे।
संजू-बस अंकल, इसीलिए तो मैं उसे यहां से ले जाने आया हूं।
दे जूते दे चप्पल...

बिट्टू- आखिर आज पता चल ही गया कि पत्नी को बेगम क्यों कहते हैं!
बिट्टू- क्यों?
सिट्टू- क्योंकि शादी के बाद पत्नी बे, गम हो जाती है और सारे गम पति के हिस्से में चले जाते हैं।
बिट्टू की बात सुनकर सोनू हैरान रह गया।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 2325, राज श्री 1790, फ़ॉर्चून कि. 2270, रविन्द्रा 2310, फॉर्चुन ली. 2080, जय जवान 1990, सचिन 2110, सूरज 2015, अवसर 2130, राग गोल्ड 2240, गृहणी ली 2090, क्लासिक (किलो) 2190, मोर 2185, चक्र टिन 2095, ब्लू 2260, आशीर्वाद मस्टर्ड 2230, स्वास्तिक 2295 ।किराना- ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 16000, जीरा 30500, लाल मिर्च 18000–20000, धनिया 8500–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–780, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 140–180, मखाना 900–1100 ।चावल – ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9900, स्पाइस 6800, शरबती कच्ची 4750, शर्बती स्टीम 5100, मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 7500, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10300, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8500, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4650, खजाना 4600 ।दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 10000, मूंग धोवा 10400, राजमा चित्रा 12000–13000, राजमा भूटान नया 10200, मलका काली 7250–7700 मलका दाल 7375–8000, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11900–12900,चना काला 8450, दाल चना 8350, लाल हिंदुस्तान 8550, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9750, चना अकोला 8600, डबरा 10000–11200, सच्चा हीरा 12500, मोटा हीरा 14600, अरहर गोला मोटा 10600, अरहर पटका मोटा 11100, अरहर कोरा मोटा 11500, अरहर पटका छोटा 15000–15700, अरहर कोरी छोटी 16800 ।चीनी – डालमियां 3970, पीलीभीत 3950, नवाबगंज 3940, बहेड़ी नयी 3960 ।

# तेज बिकवाली से सेंसेक्स-निफ्टी धड़ाम

## सेंसेक्स 1,190 तो निफ्टी 361 अंक गिरा, इन्फोसिस, रिलायंस और एचडीएफसी में भारी बिकवाली

मुंबई, एजेंसी



- बीएसई की कंपनियों की पूंजी 1.50 लाख करोड़ घटकर 442.98 लाख करोड़ हुई
- ब्याज दरों में कटौती पर अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने का दिखा असर

वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच घरेलू स्तर पर गुरुवार को कुछ दिग्गज कंपनियों के शेयरों में तगड़ी बिकवाली से गिरावट आई। सेंसेक्स 1,190 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 361 अंक की गिरावट रही। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव के बीच इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक में भारी बिकवाली के चलते घरेलू बाजार में बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

बीएसई का सेंसेक्स 1,190.34 अंक यानी 1.48% का गोता लगाते हुए 79,043.74 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,315.16 अंक गिरकर 78,918.92 पर आ गया था। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.50 लाख करोड़ घटकर 442.98 लाख करोड़ रुपये रह गया। एनएसई का निफ्टी भी 360.75 अंक यानी 1.49% गिरकर 23,914.15 पर आ गया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि सप्ताह की मजबूत शुरुआत के बाद घरेलू बाजारों में गिरावट रहा। ब्याज दरों में कटौती से अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से अमेरिकी बाजार में बिकवाली का जोर रहा, जिससे आईटी और विवेकाधीन खर्च से जुड़े उत्पादों के शेयरों में गिरावट आई। सेंसेक्स समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, अडाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज और पावर ग्रिड गिरावट के साथ बंद हुईं। वहीं, एसबीआई लाभ में रहने वाला एकमात्र शेयर रहा। विवादों में घिरे अडाणी समूह की पांच कंपनियों के शेयर तेजी के साथ बंद हुए। अडाणी टोटल गैस में 16% की तेजी रही जबकि अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस 10%, अडाणी ग्रीन एनर्जी 10% और अडाणी एंटरप्राइजेज 1.63% चढ़ गए।

### स्मालकैप में बढ़त तो मिडकैप में आई गिरावट

छोटी का स्मालकैप 0.41% की बढ़त पर रहा जबकि मिडकैप में 0.06% की गिरावट रही। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि वायदा एवं विकल्प सौदों के मासिक निपटान और कमजोर वैश्विक संकेतों से निफ्टी गिरा। रूस–यूक्रेन संघर्ष तेज होने और अमेरिकी ब्याज दर पर अनिश्चितता ने भी धारणा पर असर डाला। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की बढ़त पर रहे जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार प्रौद्योगिकी कंपनियों में बिकवाली के असर में गिरावट के साथ बंद हुए थे। शेयर बाजार के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 7.78 करोड़ के शेयरों की खरीदारी की। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.49% बढ़कर 73.18 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# भारत को नई कर संहिता की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी



- विशेषज्ञों ने कहा- कम दर, कर आधार बढ़ाने, संग्रह के अनुपालन पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत

विशेषज्ञों ने कहा है कि समग्र रूप से नई कर संहिता की जरूरत है, जिसमें कम दर, कर आधार बढ़ाने, बेहतर संग्रह और विकसित भारत के लिए अनुपालन पर ध्यान केंद्रित किया जाए। विशेषज्ञों ने कहा कि शुद्ध कर राजस्व बढ़ाने के साथ अर्थव्यवस्था को गति देने और 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए कर की कुछ ही और कम दरें, कानूनी विवाद में कमी, समावेशी कर आधार और कुशल कर संग्रह पर ध्यान देने की जरूरत है।

2025-26 का आम बजट एक फरवरी को पेश किए जाने की संभावना है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के पूर्व चेयरमैन पीसी झा ने कहा कि यह निश्चित रूप से अच्छी स्थिति नहीं है कि जीएसटी के तहत हमारे पास इतनी सारी कर दरें हैं। आदर्श रूप से, जीएसटी में कर की एक दर होनी चाहिए, लेकिन हमारे देश में एक कर दर होना संभव नहीं है। थिंक चेंज फोरम (टीसीएफ) के सेमिनार में उन्होंने कहा कि 12, 18 को मिलाकर 16 की एकल दर बनाई जा सकती है और तीन कर दरों (5%, 16% और 28%) पर विचार हो सकता है। कराधान प्रणाली में वर्तमान प्रावधानों को सरल बनाने की आवश्यकता का समर्थन करते हुए ईवाई के साझेदार राजीव चुघ ने कहा कि कर दरों में कमी से नागरिकों और कंपनियों के हाथों में खर्च योग्य आय बढ़ेगी। यदि इसे युक्तिसंगत बनाया जाए, तो इससे अर्थव्यवस्था में तेजी आ सकती है।

### कर कानूनों को सरल बनाने की आवश्यकता

एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ साझेदार रजत मोहन ने कहा कि कर कानूनों को सरल बनाने, अनुपालन पर ध्यान देने के साथ उनमें एकरूपता लाने तथा कर आधार को बढ़ाने की आवश्यकता है। मोहन ने कहा कि सरकार 50% से अधिक मुकदमे सर्वोच्च न्यायालय पहुंचने से पहले ही हार जाती है। हाल ही में, हमने देखा है कि ऐसी कंपनियों पर कर की मांग की गई है, जिनके पास कर मांग के आकार का राजस्व भी नहीं है। इसलिए, अधिक कुशल कर प्रणाली के लिए कानूनी विवाद के मामलों में कमी लानी होगी। लीगेसी ग्रोथ के प्रबंध साझेदार सूरज मलिक ने कहा कि हालांकि कर कानूनों में क्रमिक परिवर्तन हुए हैं और बहुत सी अस्पष्टताएं दूर हो गई हैं। फिर भी अंतर्राष्ट्रीय और भारतीय प्रक्रियाओं में अभी भी बड़ा अंतर है और विदेशी निवेशक भारतीय कर कानूनों में एकरूपता की तलाश कर रहे हैं।

## ओएनजीसी को मिले 4 तेल क्षेत्र, पट्टे का इंतजार

**नई दिल्ली।** तेल एवं गैस कंपनी ओएनजीसी ने प. बंगाल में अशोकनगर के पास छह साल में चार और तेल क्षेत्रों की खोज की है, लेकिन उनके खनन पट्टे के लिए राज्य सरकार की मंजूरी का इंतजार है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को लोकसभा में यह जानकारी दी। ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने 24 सितंबर, 2018 को ब्लॉक डब्ल्यूबी-ओएनएन-2005/4 में अशोकनगर की पहली खोज को अधिसूचित किया था। यह खोज बंगाल तलछटी बेसिन में ओएनजीसी के निरंतर अन्वेषण प्रयासों का परिणाम है।

# ईपीएफओ सदस्य बढ़ा सकेंगे उच्च पेंशन में अंशदान

नई दिल्ली, एजेंसी

- कर्मचारी पेंशन योजना 1995 में सुधार करने पर विचार कर रहा श्रम मंत्रालय

श्रम मंत्रालय अधिक पेंशन के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सदस्यों को ज्यादा अंशदान की अनुमति दे सकता है। इसके लिए मंत्रालय कर्मचारी पेंशन योजना 1995 (ईपीएस-95) में सुधार पर विचार कर रहा है। फिलहाल ईपीएफओ के सदस्यों के वेतन (मूल वेतन और महंगाई भत्ता) का 12%, ईपीएफ खाते में जाता है। वहीं नियोक्ता के 12% योगदान में से 8.33% ईपीएस-95 में जाता है, जबकि शेष 3.67% ईपीएफ खाते में जमा होता है। यदि सदस्य अपने ईपीएस-95 खाते में अधिक योगदान करते हैं तो उन्हें अधिक पेंशन मिलेगी। इसलिए, मंत्रालय इसकी अनुमति देने के विकल्पों पर विचार कर रहा है। कर्मचारियों को संशोधित ढांचे के तहत पेंशन लाभ बढ़ाने के लिए ईपीएस-95 में योगदान करने की भी अनुमति दी जा सकती है। सूत्र ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा लाभ में सुधार के अलावा नरेन्द्र मोदी सरकार देश में रोजगार सृजन पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है।

## हमारे निर्देश से एसएमएस, ओटीपी मिलने में नहीं होगी देरी : ट्राई

- 1 दिसंबर से ओटीपी संदेश में देरी की खबर को नियामक ने किया खारिज

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने गुरुवार को कहा कि अनचाही कॉल एवं संदेशों (स्पैम) पर अंकुश लगाने को दूरसंचार कंपनियों को एसएमएस का स्रोत सुनिश्चित करने संबंधी आदेश से संदेश या ओटीपी मिलने में कोई देरी नहीं होगी। ट्राई ने एक्स उन रिपोर्टों को तथ्यात्मक रूप से गलत बताते हुए खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि एक दिसंबर से ओटीपी संदेश मिलने में देरी हो सकती है। ट्राई ने कहा कि यह सूचना गलत है। ट्राई ने सेवा प्रदाताओं को संदेश भेजने वाले की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आदेश दिया है। इससे संदेश की आपूर्ति में देरी नहीं होगी। नियामक का यह स्पष्टीकरण कुछ मीडिया रिपोर्टों के बाद आया है, जिनमें कहा गया था कि ग्राहकों को बैंकिंग सेवाओं और ई-कॉमर्स जैसे ओटीपी-आधारित लेनदेन में देरी का सामना करना पड़ सकता है।

# सहकारी क्षेत्र में 2030 तक 5.5 करोड़ नौकरियां सृजित करने की क्षमता

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रबंधन परामर्श कंपनी प्राइमस पार्टनर्स ने सहकारी क्षेत्र पर जारी की रिपोर्ट
- भारतीय सहकारी तंत्र वैश्विक स्तर पर 30% का करता है प्रतिनिधित्व

भारत के सहकारी क्षेत्र में 2030 तक प्रत्यक्ष रूप से 5.5 करोड़ नौकरियां और 5.6 करोड़ स्वरोजगार के अवसर सृजित करने की क्षमता है। प्रबंधन परामर्श कंपनी प्राइमस पार्टनर्स ने गुरुवार को सहकारी क्षेत्र पर जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत का सहकारी तंत्र वैश्विक स्तर पर 30 लाख सहकारी समितियों में से 30% का प्रतिनिधित्व करता है।

भारत 2030 तक 5000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य में सहकारी क्षेत्र आशा तथा क्षमता की किरण बना है। रिपोर्ट अनुसार भविष्य की ओर देखते हुए सहकारी समितियों में 2030 तक 5.5 करोड़ प्रत्यक्ष रोजगार और 5.6 करोड़ स्वरोजगार के अवसर उत्पन्न करने की क्षमता है, जिससे रोजगार सृजनकर्ता के रूप में उनकी भूमिका और बढ़ जाएगी। इसमें कहा गया है कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर उनका प्रभाव भी उतना ही प्रभावशाली है। इनका 2030 तक संभावित योगदान 3 से 5% तक हो सकता है। प्रत्यक्ष तथा स्वरोजगार दोनों की बात करें तो यह 10% से अधिक हो सकता है।

## राष्ट्रीय

# अडाणी-संभल मुद्दे पर गतिरोध जारी, नहीं चले दोनों सदन

## हंगामे के बीच लोकसभा एवं राज्यसभा को एक-एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए किया गया स्थगित

- सत्र के पहले दिन से विपक्ष सरकार पर बनाए हुए है दबाव
- लोस अध्यक्ष ने कहा- जिनका देश से संबंध नहीं, आप वे मुद्दे उठा रहे हैं
- रास में सभापति बोले- संसदीय अवरोध समाधान नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में हंगामा करते विपक्ष के सदस्य।

संसद में गुरुवार को अडाणी समूह से जुड़े आरोपों तथा संभल हिंसा सहित कई मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे से तीसरे दिन गतिरोध बना रहा तथा लोकसभा एवं राज्यसभा को एक-एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। हंगामे से दोनों ही सदनों में प्रश्नकाल एवं शून्यकाल सामान्य ढंग से नहीं चल पाए। सोमवार से शुरू हुए संसद के शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन से अडाणी समूह से जुड़े आरोपों एवं संभल हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर विपक्ष सरकार पर दबाव बनाए हुए है जिसके कारण दोनों सदनों में गतिरोध कायम है।

लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला ने हंगामा और नारेबाजी कर रहे विपक्ष के सदस्यों को इंगित करते हुए कहा कि जनता ने आपको अनेक आकांक्षाओं के साथ यहां भेजा है, आपको उनकी चिंताएं और क्षेत्र की समस्याएं उठानी चाहिए। बिरला ने कहा कि जिन मुद्दों का देश से कोई संबंध नहीं है, आप उन्हें यहां उठा रहे हैं, चर्चा के लिए नियम प्रक्रियाओं को अपनाया जाता है। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही में डाले जा रहे व्यवधान पर चिंता जताते हुए कहा कि संसदीय अवरोध कोई समाधान नहीं है बल्कि यह एक रोग है जो देश की नींव को कमजोर करता है और संसद को अप्रासंगिकता की ओर ले जाता है। लोकसभा में कांग्रेस, सपा समेत विपक्षी दलों ने अडाणी समूह तथा उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा के मुद्दे को लेकर हंगामा किया, जिससे सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सदन में हंगामे को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में सभी ने मिलकर फैसला किया था कि कौन सा विधेयक आएगा और कब आएगा जो बाकी मुद्दे हैं उन पर चर्चा का अलग अलग नियम बना हुआ है। राज्यसभा में सभापति धनखड़ ने सदन की बैठक शुरू होने पर आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए और फिर बताया कि उन्हें अडाणी, मणिपुर और संभल हिंसा के मुद्दे पर चर्चा के लिए नियम 267 के तहत 16 नोटिस मिले हैं। उन्होंने सभी नोटिस अस्वीकार किए। कांग्रेस के प्रमोद तिवारी, रणदीप सिंह सुरजेवाला, अखिलेश प्रताप सिंह, सैयद नासिर हुसैन और आप के संजय सिंह आदि ने अडाणी समूह के कथित भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं पर चर्चा के लिए नोटिस दिए थे। सपा के रामजी लाल सुमन और रामगोपाल यादव, भाकपा (मार्क्सवादी) के जॉन ब्रिटास और ए ए रहीम सहित कुछ अन्य सदस्यों ने उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा पर चर्चा को नोटिस दिए थे जबकि द्रमुक के तिरूचि शिवा और भाकपा के पी संदोष सहित कुछ ने मणिपुर हिंसा पर चर्चा के लिए नोटिस दिए। धनखड़ ने सभी को अस्वीकार करते हुए कहा कि इन मुद्दों को प्रावधानों के तहत उठा सकते हैं।

# अदालत के नोटिस को बताया चिंताजनक

अजमेर/नई दिल्ली, एजेंसी

**अजमेर दरगाह**



- 20 दिसंबर को होगी वाद से संबंधी अगली सुनवाई

अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह शिव मंदिर पर बने होने के दावे से संबंधित विवाद गुरुवार को उस वक्त गहरा गया जब इसे लेकर नेताओं एवं अन्य के बयान सामने आए। कुछ ने इसको चिंताजनक तो किसी ने दुखदायी बताया।

अदालत ने बुधवार को वाद को सुनवाई के लिए स्वीकार किया और अजमेर दरगाह समिति, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, दिल्ली को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दरगाह कमेटी के खादिमों की संस्था अंजुमन सैयद जादगान के सचिव सैयद सरवर चिश्ती ने कहा कि बाबरी मस्जिद पर फैसले को स्वीकार किया और हमें विश्वास था कि उसके बाद कुछ नहीं होगा, लेकिन ऐसी चीजें बार-बार हो रही हैं। इसे रोका जाना चाहिए। इससे संबंधी अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होगी। हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने दाखिल याचिका में हर बिलास शारदा की किताब का हवाला देते हुए दावा किया कि जहां दरगाह है वहां शिव मंदिर था। कई अन्य तथ्य जो साबित करते हैं कि दरगाह से पहले शिव मंदिर था। यूनाइटेड मुस्लिम फोरम राजस्थान के अध्यक्ष मुजफ्फर भारती ने कहा कि यह याचिका उपासना स्थल अधिनियम 1991 का उल्लंघन है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भी इस बयान से सहमति जताई। भाकपा (मार्क्सवादी) ने उच्चतम न्यायालय से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की। वहीं राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने एक्स पर लिखा, चिंताजनक। नया दावाः अजमेर दरगाह में शिव मंदिर। हम इस देश को कहां ले जा रहे हैं? और क्यों? राजनीतिक लाभ के लिए?"

### कोर्ट ने सर्वे का आदेश दिया तो दिक्कत क्या : गिरिराज

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि हमारा मानना है कि अगर किसी ने याचिका दायर की है और अदालत ने सर्वे का आदेश दिया है तो इसमें दिक्कत क्या है? यह सत्य है कि जब मुगल आक्रांता आए थे, तो उन्होंने हमारे मंदिरों को तोड़ा था.. अब आप कहेंगे कि कितने मस्जिदों के बारे में आप दावा करेंगे, तो मैं कहूंगा कि आज तक कांग्रेस की सरकार केवल तुष्टीकरण करती रही आक्रांताओं द्वारा मंदिरों पर मस्जिद बनाने का जो मुहिम चला था उसे 1947 में ही समाप्त कर दिया गया होता, तो आज हमें अदालत में अर्जी देने की जरूरत नहीं पड़ती।

## एक नजर

### सीजीएसटी अधीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**इंदौर।** सीबीआई ने गुरुवार को केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) विभाग के अधीक्षक केपी राजन को 15 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा। सीबीआई के अनुसार अधीक्षक के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत मिली थी। जीएसटी की राशि वापसी से जुड़े मामले के निपटारे में यह राशि मांगी जा रही थी। शिकायत पर सीबीआई ने राजन को संबंधित व्यक्ति से 15 हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़ा।

### कर्नाटक : एमयूडीए के पूर्व आयुक्त से पूछताछ

**मैसूरु।** मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) स्थल आवंटन मामले की जांच कर रही लोकायुक्त पुलिस ने गुरुवार को अपने पूर्व आयुक्त पीएस कांताराजू से पूछताछ की। कांताराजू सितंबर 2017 से नवंबर 2019 तक एमयूडीए के आयुक्त थे। एमयूडीए के पूर्व आयुक्त ने बताया कि उन्होंने मामले से संबंधित सभी बिंदु जांच अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए।

### यासीन मलिक से सुप्रीम कोर्ट ने किया जवाब-तलब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चार भारतीय वायुसेना कर्मियों की हत्या और 1989 में मुफ्ती मुहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद के अपहरण से जुड़े जिरह का मुकदमा जम्मू से दिल्ली स्थानांतरित करने की सीबीआई की याचिका पर गुरुवार को आरोपी यासीन मलिक से जबाव तलब किया।

# भारतीय संस्कृति विश्व स्तर पर गूंज रही है : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई देशों में भारतीय संस्कृति की प्रस्तुतियों का वीडियो संकलन साझा करते हुए गुरुवार को कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व स्तर पर गूंज रही है। प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं के दौरान अक्सर पारंपरिक भारतीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की झलक देखने को मिलती है। उन्होंने एक्स पर कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व स्तर पर गूंज रही है। मैं जहां भी जाता हूं, मुझे अपने इतिहास और संस्कृति के प्रति अपार उत्साह दिखाई देता है, जो बेहद खुशी की बात है। वीडियो में ऑस्ट्रिया में वंदे मातरम गाते और पोलैंड और मास्को में गरबा, कजान में ढोलिडा, भूटान में डांडिया रास, सिंगापुर में भरतनाट्यम और लाओस और ब्राजील में रामायण गाते दिखाया गया है। इसमें भूटान के कलाकार थे, जो मोदी का उल्लेख करते हुए गीत गा रहे हैं।

## छापे के दौरान दिल्ली में ईडी टीम पर हमला

**नई दिल्ली।** साइबर धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली में फार्महाउस पर छापेमारी के दौरान ईडी की टीम पर गुरुवार को हमला किया गया, जिससे एक अधिकारी घायल हो गया। राष्ट्रीय राजधानी के बिजवासन क्षेत्र स्थित एक फार्महाउस पर हुई घटना के संबंध में एजेंसी ने दिल्ली पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एक शख्स को हिरासत में लिया गया है। दिल्ली के कुछ अन्य स्थानों पर भी छापे मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फार्महाउस अशोक कुमार शर्मा का है, जो पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) हैं।

# वक्फ समिति का कार्यकाल बजट सत्र तक बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



- समय बढ़ाने के प्रस्ताव को लोकसभा से मिली स्वीकृति

लोकसभा ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति का कार्यकाल गुरुवार को अगले साल बजट सत्र के आखिरी दिन तक के लिए बढ़ा दिया। समिति अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने वक्फ (संशोधन) विधेयक संबंधी संसद की संयुक्त समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का समय बजट सत्र, 2025 के आखिरी दिन तक बढ़ाने का प्रस्ताव लोकसभा में पेश किया, जिसे स्वीकृति प्रदान की गई।

पाल के नेतृत्व में बुधवार को हुई समिति की बैठक में सदस्यों ने इस संदर्भ में प्रस्ताव पर सर्वसम्मति व्यक्त की थी। बैठक में प्रस्ताव के माध्यम से निर्णय लिया गया कि समिति लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से आग्रह करेगी कि उसका कार्यकाल अगले साल बजट सत्र के आखिरी दिन तक के लिए बढ़ाया जाए। टीएमसी सांसद और समिति सदस्य कल्याण बनर्जी ने कहा कि कार्यकाल बढ़ने से सभी सबंधित लोगों और समूहों को अपनी बात रखने का मौका मिलेगा। समिति की अब तक हो चुकीं 25 से अधिक बैठकों में कई मौकों पर पाल और विपक्षी सदस्यों के बीच गतिरोध देखने को मिला है। विपक्ष ने पाल पर मनमाने ढंग से काम करने का आरोप लगाया था्र जिसका भाजपा सांसद ने खंडन किया था। सरकार ने वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करने वाले कानून में संशोधन से संबंधित विधेयक गत 8 अगस्त को लोकसभा में पेश किया था, जिसे सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच नोकझोंक एवं चर्चा के बाद संयुक्त समिति को भेजने का फैसला हुआ था।

## रवांडा से भारत लाया गया लश्कर का आतंकी

**नई दिल्ली।** सीबीआई और एनआईए के समन्वित अभियान में लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य को रवांडा से भारत लाया गया। इसके खिलाफ इंटरपोल का रेड नोटिस जारी हो चुका है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि लश्कर सदस्य सलमान रहमान खान ने बेंगलुरु में आतंक के लिए हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री मुहैया कराई थी। सीबीआई के वैश्विक परिचालन केंद्र ने सलमान को रवांडा से भारत लाने के लिए एनआईए और इंटरपोल नेशनल सेंट्रल ब्यूरो (किगाली) के साथ मिलकर काम किया।

# ट्रेन में कंबल चाहिए तो भूल जाइए स्वच्छता

नई दिल्ली, एजेंसी

- 30 लोगों के प्रयोग के बाद धुला जाता है ट्रेन में प्रयोग हुआ कंबल

किसी कपड़े या कंबल को प्रयोग करने के बाद आप हफ्ते भर में उसे धो देते हैं, लेकिन यह भारतीय रेल महीने में एक बार कंबल की धुलाई कराता है। 30 दिन पूरे होने पर रेलवे कंबल धुल जाए, ये जरूरी नहीं है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया है कि ट्रेन में यात्रियों को मिलने वाले कंबलों को महीने में एक बार धोया जाता है। एम महीने में 30 यात्री तो इसका प्रयोग करते ही है।

कांग्रेस सांसद कुलदीप इंदौरा ने कंबल की धुलाई और साफ-सफाई को लेकर रेल मंत्री से सवाल पूछा था। रेल मंत्री वैष्णव ने लोकसभा में कहा कि महीने में कम से कम एक बार कंबलों की धुलाई जरूर होती है। ट्रेन के एसी क्लास में चादर और कंबल रेलवे की ओर से यात्रियों को दिया जाता है। इसमें गंदे चादरों और कंबलों की सप्लाई की अक्सर खबर पढ़ने को मिलती है। चादर तो हर इस्तेमाल के बाद जरूर धो दी जाती है, लेकिन कंबल तो समेट पर फिर से अगले पैसेंजर को दे दिया जाता है। एक ओवरनाइट ट्रेन में एक महीने के दौरान 30 यात्री तो आराम से इसे इस्तेमाल कर ही लेते हैं। वैष्णव ने संसद में बताया कि बेड रोल में कंबल के साथ दो चादरों भी होते हैं। एक चादर बर्थ पर बिछाने के लिए और दूसरा चादर कंबल पर कवर के लिए उपयोग होता है। रेलवे के अधिकारी बताते हैं दूसरा चादर हमेशा कंबल से चिपका लेना चाहिए और चादर वाली तरफ से ओढ़ना चाहिए।

## पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2022 सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी और गलत तरीके से ओबीसी एवं दिव्यांगता कोटा लाभ लेने के आरोप में बर्खास्त पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर गुरुवार को आदेश सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने कहा कि उन्हें गिरफ्तारी से दिया गया अंतरिम संरक्षण इस बीच जारी रहेगा। दिल्ली पुलिस और शिकायतकर्ता संघ लोक सेवा आयोग के वकील द्वारा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका का विरोध किए जाने के बाद अदालत ने कहा कि दोनों पक्षों को सुना गया। आदेश सुरक्षित रखा जाता है।

# मप्र : चलती एम्बुलेंस में किशोरी से दुष्कर्म

मऊगंज, एजेंसी

- घटना 22 नवंबर की, चार आरोपियों में से दो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मध्यप्रदेश के मऊगंज जिले में चलती एम्बुलेंस में 16 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म करने की घटना सामने आई है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक 108 आपातकालीन सेवा वाले एम्बुलेंस में हुई घटना 22 नवंबर की है। इसमें चार आरोपियों में से चालक समेत दो को गिरफ्तार कर लिया गया है।

उप महानिरीक्षक (रीवा रेंज) साकेत पांडे ने बताया कि लड़की बहन और बहनोई के साथ एम्बुलेंस में यात्रा कर रही थी (उनमें कोई मरीज नहीं था)। इन तीनों के अलावा, दो अन्य व्यक्ति, चालक और उसका सहयोगी भी थे। उप महानिरीक्षक पांडे ने बताया कि नाबालिग अपनी बहन और बहनोई के साथ एम्बुलेंस में अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई। नाबालिग की बहन और बहनोई के खिलाफ अपराध में सहायता करने का आरोप लगाया गया है। सभी आरोपियों पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# चैंपियंस ट्रॉफी पर आज होगा फैसला

दुबई, एजेंसी



- बोर्ड आईसीसी बोर्ड की बैठक में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए हाइब्रिड मॉडल पर होगी मुख्य चर्चा

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की शक्तिशाली बोर्ड की शुक्रवार को होने वाली अहम बैठक में अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लंबे समय से प्रतीक्षित कार्यक्रम को लेकर मुख्य चर्चा होगी। चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पाकिस्तान के पास है और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी को बता दिया है वह टीम को पाकिस्तान नहीं भेजेगा। पाकिस्तान दूसरी तरफ टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल के तहत आयोजित नहीं करने पर अड़ा हुआ है।

आईसीसी बोर्ड की बैठक वर्चुअल तरीके से होगी और इसमें चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम को लेकर कोई हल निकलने की संभावना है। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा इस समय हाइब्रिड मॉडल सबसे अच्छा विकल्प है। हमें उम्मीद है कि टूर्नामेंट में शामिल सभी पक्ष टूर्नामेंट के हित में समझदारी भरा फैसला लेंगे। भारत और पाकिस्तान के बिना टूर्नामेंट का आयोजन करना अच्छा नहीं है। आईसीसी के सदस्य पीसीबी को यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच के बिना चैंपियंस ट्रॉफी की चमक फीकी पड़ जाएगी और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे बड़े पैमाने पर वित्तीय नुकसान होगा। टूर्नामेंट के मुख्य प्रसारक जियो स्टार ने पहले ही आईसीसी के शीर्ष अधिकारियों से संपर्क कर कार्यक्रम के बारे में अंतिम निर्णय पर पहुंचने में हो रही देरी पर अपनी निराशा व्यक्त की है। आईसीसी और प्रसारणकर्ता के बीच हुए अनुबंध के अनुसार संचालन संस्था से अपेक्षा की गई थी कि वह टूर्नामेंट का कार्यक्रम कम से कम 90 दिन पहले दे, लेकिन यह समय सीमा पहले ही पार कर ली गई है।

इस सूत्र ने भारत और पाकिस्तान को अलग-अलग ग्रुप में रखने की संभावना को खारिज करते हुए कहा मुझे नहीं लगता कि टेलीविजन अधिकार धारक इस बात से सहमत होंगे। वे ग्रुप चरण में ही भारत बनाम पाकिस्तान मैच की मांग करेंगे, ताकि टूर्नामेंट की लोकप्रियता और मौद्रिक आय में वृद्धि हो सके। दोनों टीमों का सामना अगर नॉकआउट चरण में होगा तो यह उनके लिए किसी बोनस की तरह होगा। भारत ने पहले ही तय कर दिया है कि नॉकआउट चरण में पहुंचने पर भी टीम पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी ऐसे में यह चर्चा हाइब्रिड मॉडल के इर्द-गिर्द होगी।

### हाइब्रिड मॉडल स्वीकार्य नहीं : पीसीबी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को सूचित किया कि वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल स्वीकार नहीं करेगा। पीसीबी ने साथ ही विश्व संचालन संस्था से शुक्रवार को होने वाली बोर्ड बैठक में विकल्प पर चर्चा नहीं करने के लिए कहा है। भारत के पाकिस्तान में टूर्नामेंट में खेलने के लिए अपनी टीम भेजने से इनकार कर दिया है जिसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम संबंधित उलझन सुलझान के लिए आईसीसी ने कार्यकारी सदस्यों की वर्चुअल बैठक बुलाई है। एक सूत्र ने पीटीआई से कहा मैं पुष्टि कर सकता हूं कि पीसीबी ने कुछ घंटे पहले आईसीसी को बताया है कि टूर्नामेंट का हाइब्रिड मॉडल स्वीकार्य नहीं है।

### भारत में नहीं खेलेगा पाकिस्तान : नकवी

**लाहौर।** पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भारतीय टीम के पाकिस्तान यात्रा करने से इनकार करने का हवाला देते हुए कहा कि भविष्य में टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान के भारत जाने की संभावना नहीं होगी। नकवी ने गद्दाफी स्टेडियम में कल रात निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के बाद कहा यह संभव ही नहीं है कि पाकिस्तान भारत में जाकर सभी टूर्नामेंट खेलता रहे और भारतीय अधिकारी अपनी टीम पाकिस्तान में खेलने के लिए भेजने को तैयार नहीं हों। हम ऐसी विषम स्थिति नहीं होने दे सकते।

# गुकेश ने तीसरी बाजी जीत कर लिरेन पर बनाई मानसिक बढ़त

सिंगापुर, एजेंसी



- विश्व शतरंज चैंपियनशिप में आज चौथी बाजी के लिए डिंग लिरेन के खिलाफ चुनौती पेश करेंगे गुकेश

भारत के युवा शतरंज खिलाड़ी डी गुकेश ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप में एक दिन के विश्राम के बार शुक्रवार को चौथी बाजी के लिए जब चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ चुनौती पेश करेंगे तो 14 बाजियों वाले इस मुकाबले की तीसरी बाजी में मिली जीत से उनका मनोबल बड़ा हुआ होगा।

18 साल के गुकेश ने तीसरे दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए इस चैंपियनशिप की अपनी पहली जीत दर्ज की। क्लासिक टाइम कंट्रोल के तहत खेली जा रही चैंपियनशिप में अभी 11 मुकाबले बचे हुए हैं। इससे पहले गुकेश को शुरुआती मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था जबकि दूसरा मुकाबला ड्रॉ रहा था। तीन बाजियों के बाद दोनों दोनों खिलाड़ियों के अब एक समान डेढ-डेढ अंक हैं। गुकेश ने कहा बहुत अच्छा लग रहा है। पिछले दो दिन मैं अपने खेल से खुश था। आज मैने और अच्छा खेला। बोर्ड पर अच्छा लग रहा था और मैं अपने प्रतिद्वंद्वी को हराने में कामयाब रहा। गुकेश ने अच्छी वापसी करते हुए लिरेन को बराबरी पर रोका।

## खेल डायरी

### स्वियातेक ने डोपिंग में एक माह का निलंबन स्वीकारा

**लंदन।** पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने प्रतिबंधित पदार्थ ट्राइमेटाजिडीन (टीएमजेडी) के लिए पॉजिटिव पाये जाने के बाद एक महीने का निलंबन स्वीकार किया। अंतर्राष्ट्रीय टेनिस इंटिग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने गुरुवार को यह घोषणा की। अगस्त में स्वियातेक प्रतियोगिता से बाहर हुई जांच में विफल रही और आईटीआईए ने पोलैंड की 23 साल की खिलाड़ी के स्पष्टीकरण को स्वीकार कर लिया कि यह अनजाने में हुआ था। स्वियातेक यह बिना पर्चे वाली दवा 'मेलाटोनिन' जेट लैग और नींद की समस्याओं के लिए ले रही थी। आईटीआईए ने कहा कि उनकी गलती का स्तर लापरवाही की सीमा के सबसे निचले स्तर पर था। टेनिस में यह दूसरा हालिया हाई-प्रोफाइल डोपिंग मामला है। शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिक सिनर मार्च में स्टेरॉयड के लिए हुई जांच में विफल रहे थे।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए उमा को भारतीय टीम में जगह

**मुंबई।** अखिल भारतीय महिला चयन समिति ने आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेले जाने वाले तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए घोषित 16 सदस्यीय टीम में उमा छेत्री को जगह दी गई है। 22 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज छेत्री ने जुलाई में भारत के लिए पदार्पण किया था और अब तक चार टी-20 मैच खेल चुकी हैं। अब उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पहली बार एकदिवसीय टीम में शामिल किया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि बीसीसीआई की चिकित्सा दल भाटिया की रिकवरी पर नजर बनाये हुए है। पहला एकदिवसीय मुकाबला पांच दिसंबर को ब्रिस्बेन में होगा। दूसरा एकदिवसीय मैच आठ दिसंबर को ब्रिस्बेन में तीसरा एकदिवसीय मैच 11 दिसंबर को पर्थ में खेला जायेगा। टीम में हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रिया, रोड्रिग्स, हरलीन, ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसबनीस, दीप्ति शर्मा, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, राधा, तीतास साधु, अरुंधति रेड्डी, रेणुका, साइमा ठाकोर, उमा छेत्री शामिल हैं।

### विलियमसन की पारी से न्यूजीलैंड ने टेस्ट पर बनाई पकड़

**क्राइस्टचर्च।** केन विलियमसन की शानदार (93), कप्तान टॉम लैथम (47) और ग्लेन फिलिप्स (नाबाद 41) रनों की पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय आठ विकेट पर 319 के स्कोर के साथ मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड की शुरुआत खबरा रही और उसने दूसरे ही ओवर में डेवन कॉन्वे (दो) का विकेट गवां दिया। इसके बाद कप्तान टॉम लैथम और केन विलियमसन ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 58 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में ब्राइडन कार्स ने टॉम लैथम (47) को पगबाधा आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। दिन का खेल समाप्त होने के समय ग्लेन फिलिप्स (नाबाद 41) और टिम साउथी (नाबाद 10) रन बनाकर क्रीज पर थे।

### तेज गेंदबाज सिद्धार्थ ने संन्यास की घोषणा की

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल ने गुरुवार को भारतीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने 2018-19 में तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच में देश का प्रतिनिधित्व किया। आईपीएल में दिल्ली डेयरडेविल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व करने वाले पंजाब के 34 वर्षीय इस तेज गेंदबाज कौल ने सोशल मीडिया पर संन्यास की घोषणा की। कौल ने एक्स पर लिखा अब भारत में अपने करियर को खत्म करने और संन्यास की घोषणा करने का समय आ गया है। कौल 2008 में अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे। उन्होंने हालांकि विदेशी लीग में खेलने का विकल्प खुला रखा है। मैं भगवान को मेरे लिए बनाए गए मार्ग के लिए, प्रशंसकों को अंतहीन समर्थन के लिए, मेरे माता-पिता और परिवार को उन बलिदानों और आत्मविश्वास के लिए, विशेषकर चोटों और निराशाओं के दौरान धन्यवाद देना चाहता हूं। कौल ने कहा ड्रेसिंग रूम की यादों और दोस्ती के लिए मेरे साथियों को, भारत का प्रतिनिधित्व करने और 2008 अंडर-19 विश्व कप जीतने और 2018 में मेरे टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय पदार्पण करने के एक छोटे बच्चे के सपने को पूरा करने के लिए बीसीसीआई को।

सैयद मोदी इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप, महिला युगल में अश्विनी व तनीषा एवं श्रुति व प्रिया अंतिम आठ में

# क्वार्टर फाइनल में सिंधु और सेन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** शीर्ष वरीय पीवी सिंधु ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप में संघर्ष भरी जीत के साथ महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में स्थान बना लिया। पुरुष एकल में भारत के शीर्ष वरीय लक्ष्य सेन ने आसान जीत के साथ अंतिम आठ में जगह बनाई।

बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में चैंपियनशिप में आज प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। इनमें महिला एकल में गैर वरीय भारत की उन्नति हुड्डा ने धमाकेदार खेल दिखाकर उलटफेर भरी जीत दर्ज की। इसके अलावा दूसरी वरीय मालविका बंसोड (महिला), तीसरी वरीय किरण जार्ज (पुरुष) एकल एवं मिश्रित युगल में भारत की बी.सुमित रेड्डी व सिकी रेड्डी की शीर्ष वरीय जोड़ी उलटफेर का शिकार हो गई।

महिला युगल में पिछले संस्करण की उपविजेता शीर्ष वरीय अश्विनी पोनप्पा व तनीषा क्रैस्टो के साथ प्रिया कोन्जेंगबम व श्रुति मिश्रा की पांचवीं वरीय भारतीय जोड़ी भी अंतिम आठ में पहुंच गई। शीर्ष वरीय पीवी सिंधु का मुकाबला आज हमवतन इरा शर्मा से हुआ जिसे पीवी सिंधु ने 21-10, 12-21, 21-15 से जीता। बीडब्लूएफ में 147वीं रैंकिंग इरा के खिलाफ जीत के लिए विश्व में 18वीं वरीय सिंधु को मशक्कत करनी पड़ी। पहला गेम में सिंधु ने आसानी से जीत हासिल की। दूसरे गेम में सिंधु शुरू में पिछड़ गई और इरा ने 11-1 तक की बढ़त बना ली थी। तीसरे व निर्णायक गेम में पीवी सिंधु ने एक-एक अंक के लिए संघर्ष के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की। पीवी सिंधु की टक्कर अब चीन की डाई वांग से होगी।पुरुष एकल में भारत के शीर्ष वरीय लक्ष्य सेन ने इजरायल के डेनियल डुबोवेंको को आसानी से सीधे गेम में 21-14, 21-13 से हराया। राष्ट्रमंडल खेल के स्वर्ण व विश्व चैंपियनशिप के कांस्य विजेता लक्ष्य की अब अगले दौर में भारत के माइसनम लुआंग मेरबा से टक्कर होगी।

मिश्रित युगल के प्री क्वार्टर फाइनल में भारत को शीर्ष वरीय बी.सुमित रेड्डी व सिकी रेड्डी की हार से झटका लगा। इस जोड़ी को मलेशिया के लू बिंग कून व हो लो यी ने 19-21, 21-16, 21-13 से हराया। महिला युगल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रिया कोन्जेंगबम व उत्तर प्रदेश की श्रुति मिश्रा की पांचवीं वरीय भारतीय जोड़ी हमवतन कविप्रिया सेल्वम व सिमरन सिंघी के खिलाफ 21-15, 21-12 की जीत से अंतिम आठ में पहुंच गई। शीर्ष वरीय भारत की तनीषा क्रैस्टो व अश्विनी पोनप्पा ने चीनी ताइपे की चेन सू यू व यी यिन एच को 21-19, 8-21, 21-12 से और दूसरी वरीय भारत की त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पी ने अश्विनी भट्ट व शिखा गौतम को 21-13, 21-10 से हराया।



- मालविका बंसोड किरन जार्ज और बी.सुमित रेड्डी-सिकी रेड्डी उलटफेर का शिकार

पीवी सिंधु।

### श्रीयांशी और उन्नति अंतिम आठ में

महिला एकल में गैर वरीय भारत की श्रीयांशी वली शेट्टी ने उलटफेर करते हुए दूसरी वरीय भारत की मालविका बंसोड को 21-12, 21-15 से हरा कर उन्हें चैंपियन बनने की दौड़ से बाहर कर दिया। महिला एकल में ही गैर वरीय भारत की उन्नति हुड्डा ने थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइइकेवांग को 21-18, 22-20 से उलटफेर भरी जीत के साथ अंतिम आठ में स्थान सुरक्षित किया। महिला एकल में भारत की तस्नीम मीर ने पांचवीं वरीय भारत की अनुपमा उपाध्याय को 21-15, 13-21, 21-7 से हराया।



प्रिया कोन्जेंगबम व श्रुति मिश्रा



प्रियांशु राजावत

### प्रियांशु अगले दौर में

पुरुष एकल में दूसरी वरीय भारत के प्रियांशु राजावत ने वियतनाम के ले डक फट को 21-15, 21-8 से और भारत के आठवीं वरीय आयुष शेट्टी ने मलेशिया के जस्टिन होह को 21-12, 21-19 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। जापान के शोगो ओगावा ने तीसरी वरीय भारत के किरण जार्ज को 19-21, 22-20, 21-11 से हराकर उलटफेर किया।

### हरिहरण व आरके रेथिना की जीत

पुरुष युगल में दूसरी वरीय भारत के हरिहरण व आरके रेथिना साबापति ने थाईलैंड के पी .काओसामंग व टैनडान पी . को 21-18, 21-17 से और भारत के साई प्रतीक व पृथ्वी के .राय ने चीन के चेन झू जून व जीआर हान को 21-14, 22-20 से हराया। मिश्रित युगल में भारत के दूसरी वरीय सतीश कुमार करुणाकरन व आद्या वरियानाथ, पांचवीं वरीय भारत के ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो और महिला युगल में भारत की रूतुपर्णा पांडा व स्वेतपर्णा पांडा भी जीत के साथ अंतिम आठ में पहुंच गए।

# ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री से मिली भारतीय टीम



कैनबरा, एजेंसी

- कैनबरा में दो दिवसीय अभ्यास मैच से पहले स्वागत समारोह में हुई मुलाकात

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज ने 30 नवंबर से प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ दो दिवसीय गुलाबी गेंद (दिन-रात्रि टेस्ट) अभ्यास मैच से पहले यहां भारतीय क्रिकेट टीम के एक स्वागत समारोह में मेजबानी की। यह मैच मनुका ओवल में खेला जाएगा जो छह दिसंबर से एडिलेड में होने वाले दिन-रात्रि टेस्ट के लिए अच्छी तैयारी के तौर पर काम करेगा। भारत पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में 295 रन से जीत दर्ज की थी। यह ऑस्ट्रेलिया की धरती पर रनों के लिहाज से टीम की सबसे बड़ी जीत है। प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान कप्तान रोहित ने प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सभी साथियों को उनसे मिलवाया।

## वेबस्टर ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में शामिल

**ऐडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया ने तस्मानिया के बो वेबस्टर को मिच मार्श के कवर के रूप में भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट के लिए टीम में जगह दी है। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट मैच के लिए टीम की घोषणा कर दी है। टीम में मध्यम तेज गेंदबाजी के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर ऑफ स्पिन भी कराने वाले वेबस्टर को शामिल किया गया हैं। वेबस्टर ने भारत ए के खिलाफ दो अनौपचारिक टेस्ट श्रृंखला में वेबस्टर 72.50 की औसत से 145 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया ए के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने 20 से कम औसत से सात विकेट भी लिए।

# टेस्ट: रिकॉर्ड 42 रन के न्यूनतम स्कोर पर सिमटी श्रीलंकाई टीम

डरबन (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका ने मार्को यानसेन (13 रन देकर सात विकेट) के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बदौलत गुरुवार को यहां किंग्स्मीड में श्रीलंका को टेस्ट क्रिकेट में उसके न्यूनतम 42 रन के स्कोर पर समेट दिया। इससे पहले श्रीलंका का न्यूनतम स्कोर पाकिस्तान के खिलाफ कैंडी में 20 साल पहले का है जिसमें टीम महज 71 रन पर ढेर हो गई थी।

दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट के दूसरे दिन श्रीलंका को पहली पारी में केवल 83 गेंद (13.5 ओवर) में आउट कर दिया। 100 साल में इतनी कम गेंद में पारी समेटने का भी यह रिकॉर्ड रहा। इंग्लैंड ने 1924 में दक्षिण अफ्रीका को 75 गेंद में ढेर कर दिया था। किंग्स्मीड पर भी यह न्यूनतम स्कोर और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी यह रिकॉर्ड न्यूनतम स्कोर रहा। न्यूजीलैंड की टीम 2013 में केपटाउन में 45 रन पर सिमट गई थी। पिच पहले टेस्ट के दूसरे दिन बल्लेबाजी के मुफीद लग रही थी और दक्षिण अफ्रीका ने सुबह चार विकेट पर 80 रन से आगे खेलते हुए 111 रन जोड़े और पहली पारी 191 रन पर खत्म की।

## बॉलीवुड हलचल



### वैन डेम और बीस्ट से जैकलीन ने किया कोलैबरेशन

**मुंबई।** बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा एवं पूर्व मिस श्रीलंका जैकलीन फर्नांडिस ने हॉलीवुड फिल्म किल एम ऑल 2 में दिग्गज अभिनेता जीन-क्लाउड वैन डेम के साथ काम करके एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। जैकलीन ने अपने टैलेंट और ग्लैमर के दम पर फैंस के दिलों में खास जगह बनाई है। इस साल उन्होंने न केवल अपने करियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान भी मजबूत की है। जैकलीन इस फिल्म में उनकी दमदार परफॉर्मेंस ने साबित किया है कि वे ग्लोबल मंच पर अपनी अलग पहचान बनाने में सक्षम हैं। इसके अलावा जैकलीन ने स्टॉर्मराइडर म्यूजिक वीडियो के जरिए अपनी सिंगिंग प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया। यह गाना दर्शकों के बीच हिट रहा और उनके फैंस ने उनके इस नए अवतार को खूब सराहा। उनकी यह बहुमुखी प्रतिभा उन्हें बॉलीवुड की पारंपरिक सीमाओं से आगे ले जाती है। एक और बड़ी उपलब्धि यह रही कि जैकलीन फर्नांडिस पहली भारतीय अभिनेत्री बनीं, जिन्होंने विश्व प्रसिद्ध यूट्यूबर मिस्टर बीस्ट के साथ एक प्रोजेक्ट में काम किया। यह कोलैबरेशन उनके सामाजिक सरोकारों और ग्लोबल अपील को दर्शाता है। उन्होंने ब्रांडिंग और म्यूजिक इंडस्ट्री में भी अपनी अमिट छाप छोड़ी है।



### शाहिद की फिल्म देवा जनवरी को होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर स्टारर देवा 31 जनवरी 2025 को रिलीज होगी। जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स की मच अवेटेड एक्शन थ्रिलर देवा, 31 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म देवा मलयालम फिल्मों के जाने-माने निर्देशक रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित हैऔर इसे ज़ी स्टूडियोज़ और सिद्धार्थ रॉय कपूर ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म लगभग एक साल बाद शाहिद कपूर की बड़े पर्दे पर वापसी का मौका है। फिल्म में उनके साथ पूजा हेगड़े और पावेल गुलाटी भी नजर आएंगे।

### 250 करोड़ पहुंची भूल भुलैया 3 की कमाई

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 ने भारतीय बाजार 250 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी फिल्म भूल भुलैया 3, भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। भूल भुलैया 3, दीवाली के अवसर पर 01 नवंबर को रिलीज हुई है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी ने मुख्य भूमिका निभायी है। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार ने अपने बैनर टी-सीरीज के तले मुराद खेतानी के साथ मिलकर फिल्म भूल भुलैया 3 को प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म दर्शकों के दिलों पर राज करने में कामयाब रही है। पहले दिन से ही फिल्म भूल भुलैया 3 अच्छी कमाई कर रही है। फिल्म में कॉमेडी के साथ दर्शकों को हॉरर का तड़का भी देखने को मिला है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार भूल भुलैया 3 ने फिल्म भूल भुलैया 3 ने अपने पहले सप्ताह में सात दिनों में भारत में 158 .25 करोड़ की कमाई की थी।फिल्म ने दूसरे सप्ताह में 58 करोड़, तीसरे सप्ताह में 23 .35 करोड़ और चौथे सप्ताह में अबतक 10 .5 करोड़ की कमाई की है। भूल भुलैया 3 ने अबतक भारतीय बाजार में 250 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है।



# लीवरपूल ने रियल मैड्रिड को हराया

लीवरपूल, एजेंसी

एलेक्सिस मैक एलिस्टर और कोडी गाकपो के गोल के दम पर लीवरपूल ने यूएफ चैंपियंस लीग फुटबॉल मैच में रियल मैड्रिड को 2-0 से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की।

लीवरपूल की इस जीत में गोलकीपर कोइमहिन केलहर और रक्षापंक्ति के युवा खिलाड़ी कोनोर ब्रैडली ने भी प्रभावी योगदान दिया। केलहर ने मैच के 61वें मिनट में रियल मैड्रिड के दिग्गज किलीयन एमबापे की पेनल्टी कीक का शानदार बचाव किया जबकि 21 साल के ब्रैडली ने मैच के दूसरे हाफ में फ्रांस के इस खिलाड़ी को गोल करने के मौका बनाने से दूर रखा।

ब्रैडली का एमबाप्पे को शानदार तरीके से किया गया टैकल करना सोशन मीडिया पर वायरल हो गया। मैड्रिड की यह पांच मैचों में पांचवीं जीत है और टीम 15 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पायदान पर है। चैंपियंस लीग के इस सत्र को नए प्रारूप में खेला जा रहा है। जिसमें जनवरी के आखिरी में शीर्ष आठ स्थान पर रहने वाली टीमें अंतिम 16 के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी जबकि नौ से 24वें स्थान की टीमें आठ स्थान के लिए प्लेऑफ मुकाबले में भिड़ेगी। इस हार के बाद मैड्रिड 36 टीमों की तालिका में दो जीत से छह अंक के साथ 25वें पायदान पर है। टीम की यह पांच मैचों में तीसरी हार है। लीग के अन्य मैचों में बेनफिका ने मोनाको को 3-2 से हराया। मोनाको के पास इस मैच को जीतकर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचने का मौका था लेकिन टीम पांच मैचों में 10 अंक के साथ आठवें पायदान पर है। बोरुसिया डॉर्टमंड ने डाइनेमो जगरेब को 3-0 से शिकस्त दी जबकि पीएसवी आइंडहोवन ने 3-2 से जीत दर्ज की।



रियल मैड्रिड के खिलाफ जीत के बाद जश्न मनाते खिलाड़ी। ● एजेंसी

### यामल ने जीता 2024 का गोल्डन बॉय पुरस्कार

**रोम।** बार्सिलोना के फॉरवर्ड लैमिन यामल ने वर्ष 2024 का गोल्डन बॉय तथा महिला वर्ग में मिडफील्डर विकी लोपेज ने गोल्डन गर्ल पुरस्कार जीता है। ट्यूरिन स्थित मीडिया आउटलेट टुट्टोस्पोर्ट ने बुधवार को इन पुरस्कारों की घोषणा की। वर्ष 2003 से शुरू हुए गोल्डन बॉय पुरस्कार से यूरोप में 21 वर्ष या उससे कम आयु के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को पुरस्कृत किया जाता है। इससे पहले बार्सा फेमिनी स्टार विकी लोपेज ने गोल्डन गर्ल पुरस्कार जीता।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।

**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

